रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 22 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-121 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति ने लोकसभा का सत्रावसान किया



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद का शीतकालीन सत्र संपन्न होने के बाद लोकसभा का सत्रावसान कर दिया है। लोकसभा सचिवालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रपति ने शनिवार को लोकसभा का सत्रावसान कर दिया है। लोकसभा का सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था और शुक्रवार यानी 20 दिसंबर को इसकी कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी।

### बस्तर सड़क हादसे में 4 ग्रामीणों की मौत, 12 घायल




**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर के दरभा में एक भीषण सड़क हादसा हादसे में तीन महिलाओं सहित चार ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार, बस्तर जिले के दरभा के चांदामेटा गांव के पास एक मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार ग्रामीणों की मौत हो गई। वहीं हादसे में 12 अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस हादसे में मरने वाले लोगों में तीन महिलाएं शामिल है।

# राम मंदिर बन जाने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन सकता : मोहन भागवत

एजेंसी पुणे
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि राम मंदिर बनाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन सकता। भागवत ने पुणे में 'विश्वगुरु भारत' के व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा, धर्म प्राचीन है और धर्म की पहचान से ही राम मंदिर बनाया गया है। यह सही है, लेकिन सिर्फ मंदिर बन जाने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन सकता। हिंदू धर्म सनातन धर्म है और इस सनातन और सनातन धर्म के आचार्य सेवाधर्म का पालन करते हैं। यह मानव धर्म की तरह सेवा धर्म है। सेवा करते समय हमेशा चर्चा से दूर रहना हमारा स्वभाव है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग बिना दिखावे के लगातार सेवा करते हैं, वे सेवा की इच्छा रखते हैं। सेवा धर्म का पालन करते हुए हमें अतिवादी नहीं होना चाहिए और देश की परिस्थिति के अनुसार मध्यम मार्ग अपनाना चाहिए। मानव धर्म ब्रह्मांड का धर्म है और इसे सेवा के माध्यम से प्रकट किया जाना चाहिए। हम विश्व शांति की घोषणा करते हैं, लेकिन अन्य जगहों पर अल्पसंख्यकों की क्या स्थिति है? इस पर ध्यान देना जरूरी है। पेट भरने के लिए जो जरुरी है, वह करना चाहिए, लेकिन घर-गृहस्थी से परे जो कुछ भी हमें मिला है, उसका दोगुना सेवा के रूप में देना चाहिए।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवागढ़ में 209 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बेमेतरा जिले के विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नवागढ़ में बाबा गुरु घासीदास जैतखम में पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर 209 करोड़ 12 लाख 57 हजार रूपये के 74 विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने नवागढ़ के कोदूराम दलित महाविद्यालय में एमकाम और साइंस विषय की 40-40 सीट और अनुसूचित जाति बाहुल्य 10 ग्रामों में 10-10 लाख रूपये की सीसी रोड का निर्माण कराए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का समाज एक समतामूलक समाज है। इस समाज के निर्माण में बाबा गुरु घासीदास के विचारों की छाया स्पष्ट नजर आती है। मनखे-मनखे एक समान के अपने संदेश से यही बात उन्होंने कह दी। जब एक दूसरे को समानता के दृष्टिकोण से देखना शुरू कर देंगे तो बैरभाव स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। उनका यह संदेश केवल समाज ही नहीं अपितु देश-दुनिया को एकजुटता के सूत्र में बांधता है। ऐसे समय में जब विघटनकारी तत्व देश की एकता को तोड़ने की साजिश में लगे हैं, बाबा गुरु घासीदास जी के संदेश प्रकाश स्तंभ की तरह हमें रास्ता दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। धान के कटोरे की पहचान जिन किसान भाइयों से है, वे सुखी समृद्ध रहें इसके लिए हम किसान भाइयों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद रहे हैं।

# पूरे देश में अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जायेगा : वेणुगोपाल

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित करेगी और पूरे देश में अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जाएगा। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जारी बयान में कहा कि पार्टी अगले सप्ताह पूरे देश में अंबेडकर सम्मान सप्ताह मनाएगी और 24 दिसंबर को पूरे देश मे मार्च निकाला जाएगा। उन्होंने कहा गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हम इन मनुस्मृति के उपासकों के खिलाफ़ डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत की रक्षा के लिए लड़ेंगे। पार्टी अगला सप्ताह डॉ. अंबेडकर सम्मान सप्ताह के रूप में मनाएगी। वेणुगोपाल ने कहा सभी कांग्रेस सांसद, वरिष्ठ नेता और कार्यसमिति के सदस्य 22-23 दिसंबर को देश भर में अपने निर्वाचन क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों में प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित करेंगे और 24 दिसंबर को पूरे देश में बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मोर्चा निकालेंगे और अमित शाह के इस्तीफ़े की मांग करते हुए जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा, सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। मार्च की पहली पंक्ति में उनका विशाल चित्र रखेंगे और अपनी प्रमुख मांगों के साथ बड़ी-बड़ी तख्तियाँ लेकर चलेंगे फिर 26-27 दिसंबर को बेलगांव में एक विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति सत्र होगा और एक मेगा रैली आयोजित की जाएगी।




# धनखड़ ने कहा- किसानों के साथ संवाद की जरूरत

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि किसानों के साथ संवाद करने और संवेदना जताने की आवश्यकता है। धनखड़ हरियाणा के सिरसा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, आवश्यकता है संकल्पित होने की—अन्नदाता से संबंधित प्रकरण संवाद और संवेदना से निर्णीत हों। अन्नदाता आर्थिक समृद्धि का आधार है। सामाजिक समरसता का सूत्रधार है। अन्नदाता का कल्याण ही देश प्रगति का शाश्वत रास्ता है और यही देश हित में भी। उन्होंने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा प्रदेश के पाँच बार मुख्यमंत्री और सात बार विधायक रहे। लेकिन उनका व्यक्तित्व इनसे परिभाषित नहीं होता। जीवन पर्यंत उन्होंने अपने को किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला वर्ष 1989 के बड़े राजनीतिक बदलाव के प्रमुख सूत्रधारों में से थे। किसान कर्ज़ मुक्ति उनका ध्येय था। जनता दल सरकार का किसान कर्ज़ माफी कदम उनकी पहल था। निस्संदेह देश विकास और विकसित भारत का लक्ष्य ग्रामीण और किसान हित साधने से ही संभव है। उपराष्ट्रपति एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ दिवंगत नेता के निवास तेजा खेड़ा पहुंचे। चौटाला परिवार से धनखड़ के दशकों पुराने आत्मीय संबंध रहे हैं। उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की।

## आरक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच करवाया जाये : दीपक बैज

**रायपुर।** कांग्रेस ने मांग किया है कि राजनांदगांव आरक्षक भर्ती घोटाला मामले की सीबीआई जांच कराया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के राज में नौकरियां बेची जा रही है, युवा ठगा महसूस कर रहे है। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती घोटाले के तार सत्ता के उच्च पदस्थ लोगों तक जुड़े हो सकते है। इस मामले में आरक्षक अनिल रत्नाकर की संदिग्ध मौत तथा उसके हथेली पर लिखे गये नोट्स बताते है कि यह मामला बहुत ही ज्यादा गंभीर है। अनिल रत्नाकर की मौत की भी जांच होनी चाहियें। सत्ता में बैठे हुये लोगों के संरक्षण के बिना इतना बड़ा भर्ती घोटाला होना संभव नहीं है। सरकार तथा पुलिस के उच्चाधिकारी, निचले स्तर के अधिकारियों पर कार्यवाही की खानापूर्ति कर मामले को दबाने में लगे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आठवीं बटालियन पेंड्री में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए मैनुअल और रिजल्ट में गोलमाल किया गया है।



## मुंबई नौका हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई



**मुंबई।** गत 18 दिसंबर को मुंबई तट पर पर्यटक नौका-भारतीय नौसेना की नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता सात वर्षीय लड़के का शव मिला और मृतकों की संख्या 15 हो गयी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक लड़के की पहचान गोवा निवासी जोहान पठान के रूप में हुई है, जिसकी मां की इस हादसे में मौत हो गयी थी। नौसेना पुलिस ने उसके शव को सरकारी जे जे अस्पताल में पहुंचाया है। पिछले 48 घंटों से नौ भारतीय नौसेना और तटरक्षक जहाजों पर सवार 50 कर्मियों की टीम दुर्घटनाग्रस्त नौका से लापता अंतिम यात्री जोहान की तलाश में मुंबई तट के पानी में खोजबीन कर रही थी।

# पीएम मोदी ने ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ध्यान व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। उन्होंने लिखा, विश्व ध्यान दिवस पर, मैं सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव करने का आह्वान करता हूं। ध्यान एक व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। प्रौद्योगिकी के युग में, ऐप्स और निर्देशित वीडियो हमारी दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने में मदद करने वाले मूल्यवान उपकरण हो सकते हैं। उल्लेखनीय है संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर 21 दिसंबर को ध्यान दिवस मनाए जाने की शुरुआत इसी वर्ष से हुई है।

# जॉर्ज सोरोस को लेकर भिड़े केंद्रीय मंत्री और शशि थरूर, पुरानी मुलाकात को लेकर उठे सवाल

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय राजनीति में इन दिनों अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस की चर्चा गर्म है। भाजपा, कांग्रेस नेतृत्व के जॉर्ज सोरोस के साथ कथित संबंधों को लेकर विपक्ष पर हमलावर है। अब सोरोस को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी सोशल मीडिया पर भिड़ गए हैं।

### थरूर का जॉर्ज सोरोस को लेकर किया गया ट्वीट हुआ था वायरल

दरअसल हाल ही में सोशल मीडिया पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का एक पुराना पोस्ट वायरल हुआ, जिसमें थरूर ने लिखा था कि पुराने मित्र जॉर्ज सोरोस से मुलाकात हुई। वह एक निवेशक ही नहीं हैं बल्कि इस दुनिया के एक चिंतक नागरिक हैं। इस पर सफाई देते हुए शशि थरूर ने जवाब दिया कि ये मुलाकात हरदीप पुरी के घर हुई थी। वे सिर्फ सामाजिक तौर पर मेरे दोस्त थे। मैंने उनसे एक रुपया नहीं लिया। इसके बाद मैं एक बार और उनसे मिला था। थरूर ने कहा कि विदेश राज्यमंत्री के तौर पर मैं न्यूयॉर्क के दौरे पर था। उस वक्त अमेरिका में भारत के राजदूत हरदीप पुरी ने कई प्रमुख अमेरिकियों को मेरे साथ डिनर पर चर्चा के लिए बुलाया था। थरूर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोग 15 साल पुराने ट्वीट के आधार पर बेतुका आरोप लगा रहे हैं। शशि थरूर के आरोपों के बाद केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि शशि थरूर ने पूरी तस्वीर नहीं दिखाई है। पुरी ने बताया कि साल 2009 के जिस डिनर की बात थरूर कर रहे हैं, उसमें आमंत्रित लोगों की सूची उन्होंने ही दी थी और जिन सज्जन की बात की जा रही है। वो राजीव गांधी फाउंडेशन के दानदाता थे और तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री ही उनसे मिलने के लिए उत्सुक थे। हरदीप पुरी ने ये भी कहा कि वह उस समय पहली बार जॉर्ज सोरोस से मिले थे।

### भाजपा ने लगाए थे आरोप

भाजपा ने बीती 8 दिसंबर को सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा था कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ऐसे संगठन से जुड़ी हैं, जो कश्मीर को भारत से अलग करने की वकालत करता है। भाजपा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि इस संगठन को जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन की तरफ से फंडिंग मिलती है। इस संगठन का नाम फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पेसिफिक है।

# महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी ताकत व क्षमता का प्रदर्शन कर रही: पारीक

पायनियर संवाददाता ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में संयुक्त सचिव डा़ प्रतिभा पारीक ने कहा है कि महिला सशक्तीकरण की शुरुआत घर से होती है, जब लिंग भेद समाप्त हो जाता है, तो महिलाएं समाज में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सकती हैं। डा़ पारीक ने कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के तहत राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा एवं बागवानी महाविद्यालय, दुर्गापुरा, जयपुर में एक दिवसीय महिला सशक्तीकरण पर आयोजित सेमिनार में कहा कि वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी ताकत और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। वे हर चुनौती का सामना करते हुए नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। सेमिनार में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने कहा कि विकसित भारत की हर गतिविधि में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिलाओं का योगदान खाद्य, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता, मानवीय मूल्य और नैतिकता जैसी कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, जिनका महिलाएं अब भी सामना कर रही हैं। महिलाओं को विविध अनुभव प्राप्त करने चाहिए, छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अलग-अलग संस्थानों में भाग लेने को प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे उनके आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और संचार-कौशल में सुधार होगा, जो उनके भविष्य में प्रगति के लिए मददगार साबित होंगे। डॉ बी एल सारस्वत ने नारी को देवी का रूप बताते हुए कहा कि महिलाएं जल संचयन और संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाएं पारंपरिक जल प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करके जल संचयन में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। जल संरक्षण के माध्यम से महिला सशक्तीकरण एक महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तन ला रहा है। यह न केवल जल संकट से निपटने में मदद कर रहा है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान कर रहा है। अधिष्ठाता डॉ एल एन बैरवा ने कहा कि महिलाओं की स्थिति में हाल के वर्षों में बड़े बदलाव आए हैं। अब महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जिससे समाज में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। अंत में निदेशक कल्याण छात्र संघ डॉ के सी शर्मा ने अमृता देवी बिश्नोई, सावित्री बाई फुले, गीता फौगाट और बबीता फोगाट के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि एक देश ने निर्माण में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ भारती शौकीन ने बताया कि इस सेमिनार के दौरान नृत्य, पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं 'नारी को दो सम्मान, तभी बनेगा देश महान' 'जब नारी होगी शिक्षित, तभी होगा देश विकसित' जैसे उद्घोषों के साथ रैली का आयोजन किया। सेमिनार में डॉ के सी गुप्ता, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ राकेश समोरिया, डॉ रानी सक्सेना, डॉ अनीता चौधरी,डॉ अशोक चौधरी, डॉ भारती शौकीन, , डॉ. एच पी परेवा, डॉ. विजय पाराशर, डॉ वेदप्रकाश यादव, डॉ. सौरभ सिंगला दुर्गापुरा सहित 13 संबद्ध महाविद्यालयों के कुल 937 छात्र छात्राएं हाइब्रिड मोड से जुड़े।

# अक्षय पात्र फाउंडेशन का समर्पण और सेवाभाव अनुकरणीय: शुक्ल

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा स्वच्छ और पौष्टिक भोजन विद्यार्थियों तक पहुँचाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। यहाँ जिस साफ़-सफ़ाई से और पोषक तत्वों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर भोजन बनाने का कार्य किया जा रहा है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने संस्था में कार्यरत सभी कर्मचारियों के समर्पण और सेवा-भाव की सराहना की। शुक्ल ने भोपाल में अक्षय पात्र फाउंडेशन की केंद्रीयकृत रसोई का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन का यह प्रयास न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने संस्था के समर्पित कर्मचारियों और प्रबंधन टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में यह संस्था और अधिक बच्चों तक अपनी सेवाएं पहुंचाएगी और अन्य संस्थानों को भी प्रेरित करेगी। उप मुख्यमंत्री ने संस्था की स्वचालित प्रक्रिया, सुव्यवस्थित संचालन और योजनाबद्ध कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन न केवल बच्चों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहा है, बल्कि यह कार्य अत्यंत प्रभावशाली और अनुकरणीय तरीके से किया जा रहा है। संस्था का सुव्यवस्थित संचालन इसके योजनाबद्ध दृष्टिकोण को दर्शाता है। भोजन वितरण के लिए विशेष वाहनों का उपयोग, समय प्रबंधन का सख्त पालन, पोषण गुणवत्ता की नियमित जाँच और प्रबंधन टीम के बीच उत्कृष्ट समन्वय इसे और अधिक प्रभावी बनाते हैं। शुक्ल ने राष्ट्रीय स्तर पर अक्षय पात्र फाउंडेशन के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉडल शासकीय और निजी क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह संस्था पूरे भारत में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 23 हज़ार से अधिक विद्यालयों में लगभग 22 लाख 50 हज़ार बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान कर रही है।

## पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर सभी इकाइयों में ध्यान अभ्यास

**भोपाल।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर सभी जिलों की पुलिस लाइनों, पुलिस प्रशिक्षण इकाइयों और विशेष सशस्त्र बल की समस्त वाहिनियों में विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा उन्हें तनाव मुक्त वातावरण प्रदान करना था। पुलिस मुख्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस आयोजन में विशेषज्ञों द्वारा ध्यान और मानसिक संतुलन को बनाए रखने की विभिन्न तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया गया। ध्यान सत्र में शामिल सभी कर्मियों ने इसे अपने कार्य क्षेत्र में उपयोगी और प्रभावशाली बताया। इस प्रकार के कार्यक्रम पुलिसकर्मियों के कार्य प्रदर्शन को बढ़ाने और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# यूडीआईडी कार्ड में त्रुटियों को दूर करने को विशेष शिविर का आयोजन

एजेंसी ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यू.डी.आई.डी. (विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र) कार्ड में त्रुटियों को दूर करने के लिए पंजाब सरकार 23 दिसंबर को तरनतारन में विशेष कैंप का आयोजन करेगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि 100 फीसदी दिव्यांगता प्रमाण पत्र होने के बावजूद, कुछ दिव्यांगजनों की दिव्यांगता को यू.डी.आई.डी. कार्ड में कम दर्शाया गया है, जिससे वे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही कार्ड के माध्यम से देने के लिए यू.डी.आई.डी. कार्ड तैयार किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि यू.डी.आई.डी. कार्ड में त्रुटियों को ठीक करने के लिए पंजाब के हर जिले में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में तरनतारन में आयोजित पंजाब दिव्यांग एक्शन कमेटी के वार्षिक कार्यक्रम में यू.डी.आई.डी. कार्ड में सुधार की मांग की गई थी, जिसे मंत्री ने तुरंत लागू किया। कैबिनेट मंत्री ने जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने जिले के सिविल सर्जन के साथ समन्वय कर जिला स्तर पर विशेष कैंप आयोजित करें, ताकि दिव्यांगजन सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राज्य सरकार 'राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना' के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दे रही है। सूचना एवं जन संपर्क विभाग, पूजा कला मंच शगीन के कलाकारों द्वारा हिऊण व बशैलडी, हलोग, हिम आधार कला मंच के कलाकारों द्वारा टिक्कर व कोट, जयदेव कूर्गण सामाजिक एंव सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों द्वारा सुन्नी व बसन्तपुर, त्रिमुर्ति रंग मंच के कलाकारों द्वारा जाठिया देवी व रामपुर क्योंथ्ल में लोगों को नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा 'राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना' के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। निजी भूमि पर 45 प्रतिशत अनुदान पर 100 से 500 किलोवॉट तक के सोलर पैनल लगाने की योजना आरम्भ की गई है। 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना' आरम्भ की गई है, जिसमें 36 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ते हुए 30 रुपये प्रति किलो मक्की तथा 40 रुपये प्रति किलो गेहूं की खरीद आरम्भ की गई है। कलाकारों ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के बारे में भी जानकारी दी। कलाकारों ने लोगों को हिम समाचार ऐप की भी जानकारी दी।

## पांच राज्य सम्मान के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने कहा कि राज्य सम्मान योजना के अन्तर्गत हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, पहाड़ी व हिमाचली संस्कृति पर लेखन के लिए पाँच राज्य सम्मानों के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है। ललित ने बताया कि हिमाचली मूल के साहित्यकार उक्त राज्य सम्मान हेतु वर्ष 2021 से 2023 तक प्रकाशित पुस्तकों की चार-चार प्रतियां 31 जनवरी तक जीवनवृत्त सहित निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला-9 को भेज सकते हैं। राज्य सम्मान सम्बन्धी विस्तृत विवरण तथा शर्तें विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने की रणनीति पर काम हो रहा: अरोड़ा

एजेंसी ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि एक स्थायी भविष्य हासिल करने के लिए, पंजाब जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और हरित ऊर्जा में परिवर्तन की रणनीति पर काम कर रहा है। अरोड़ा यहां एक होटल में ऊर्जा मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के सहयोग से राज्य ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के लिए पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्ष पहले हमारे गुरु ने वायु को गुरु का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि दुनिया अंततः जलवायु परिवर्तन की कठोर वास्तविकता के प्रति जागरूक हो रही है और यह जरूरी है कि हम इस संकट की गंभीरता को स्वीकार करें और पृथ्वी ग्रह की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से काम करें। अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार ने स्कूलों सहित 1000 से अधिक सरकारी भवनों को ऊर्जा कुशल बनाकर 6800 मेगावाट को नवीकरणीय ऊर्जा में सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया है। उन्होंने 6200 मेगावाट और नवीकरणीय ऊर्जा में स्थानांतरित करने के लिए एक और परियोजना चल रही है। इसके अलावा, राज्य में 2.16 लाख ऊर्जा कुशल बीईई 4 स्टार रेटेड कृषि पंप-सेट स्थापित किए गए हैं। राज्य में 750 से अधिक इमारतें ईसीबीसी के अनुरूप हैं। उन्होंने राज्य के लोगों से भी आग्रह किया कि पंजाब को ऊर्जा कुशल राज्य में बदलने के लिए सरकार को उनके समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित कर सकती है लेकिन मुख्य जिम्मेदारी निजी खिलाड़ियों की आती है क्योंकि उन्हें अपने संगठनों को ऊर्जा कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाना और उनसे लैस करना होगा।

# धामी ने 23 को अंतरिम समिति की बुलाई आपात बैठक

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को इंटररिंग कमेटी की आपात बैठक बुलाई है। शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनहन ने बताया कि यह आपात बैठक एक महत्वपूर्ण मामले पर चर्चा के लिए बुलाई गई है, जो 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे शिरोमणि कमेटी के मुख्य कार्यालय में होगी। इस समागम का नेतृत्व शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कल एक पत्र भी जारी किया गया है।

## पठानकोट में हथियारों सहित दो अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी ◀ पठानकोट
www.dailypioneer.com



पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) पठानकोट ने एक गैंगस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए इसके दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो अत्याधुनिक 9एमएम ग्लॉक पिस्तौल, चार मैगजीन और 14 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बटाला के राऊवाल निवासी सुनील कुमार उर्फ आशु और बटाला के रायमल निवासी दिलप्रीत सिंह उर्फ दिल के रूप में हुई है। आरोपी सुनील उर्फ आशु का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। उसे 27 फरवरी 2024 को गुरदासपुर जेल से जमानत पर रिहा किया गया था। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपियों ने अपने संचालकों के निर्देश पर अमृतसर के अजनाला इलाके से हथियारों की खेप प्राप्त की थी और इसे आगे किसी अज्ञात पार्टी को पहुंचाने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि हथियारों के स्रोत का पता लगाने और नेटवर्क में शामिल अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है। एआईजी सीआई पठानकोट सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी सुनील कुमार और दिलप्रीत सिंह कुछ अज्ञात गैंगस्टरों के संपर्क में हैं और हाल ही में उन्हें उनसे हथियारों और गोला-बारूद की खेप मिली है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर सीआई पठानकोट की टीमों ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। एआईजी ने बताया कि आरोपियों द्वारा पहले बरामद और वितरित की गई खेपों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस स्टेशन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## वन नेशन-वन इलेक्शन देश के लिए बड़ा परिवर्तनशील फैसला : डॉ. जायसवाल

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सह सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को देश के लिये सबसे बड़ा परिवर्तनशील फैसला बताते हुए कहा कि पहले भी देश मे एक ही बार चुनाव होते थे। भाजपा सांसद डॉ. जायसवाल ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते वन नेशन वन इलेक्शन को लाभप्रद बताते हुए कहा कि इससे न राशि की बचत होगी बल्कि समय की भी बचत होग। विकास भी अवरुद्ध नहीं होगा। देश मे साढ़े चार साल विकास के कार्य होते रहेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव महाराष्ट्र में होता है और बिहार का विकास प्रभावित होता है क्योंकि बिहार के कई अधिकारी महाराष्ट्र में चुनाव कराने चले जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस की प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के अहंकार के कारण एक देश एक चुनाव की परंपरा टूट गई। उन्होंने कई राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगवा दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने इसे लागू कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। जायसवाल ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में एक समिति बनी थी और उसने रिपोर्ट दी थी। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट ने इसे पास किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान संविधान में 129 वां संशोधन पेश किया जाना सबसे बड़ी घटना है। यह इस देश का परिवर्तनशील फैसला है। उन्होंने बताया कि लॉ कमीशन ने भी वन नेशन वन इलेक्शन की वकालत करता रहा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि ' वन नेशन वन इलेक्शन ' को लेकर विपक्ष द्वारा भ्रांतियां बनाई गईं।

# संभल में आज फिर खुदाई, एएसआई की टीम कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची, कृष्ण कूप का किया जाएगा सर्वे

एजेंसी ◀ संभल
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मुस्लिम बहुल इलाके में सनातन के लगातार सबूत मिल रहे हैं। इसके बाद भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम सर्वे कर रही है। संभल में आज लगातार दूसरे दिन भी सर्वे किया जा रहा है। भी एएसआई की टीम संभल के कल्कि विष्णु मंदिर पहुंच गई है। अब यहां पर एएसआई की टीम सर्वे का काम कर रही है। एएसआई की टीम के साथ प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद हैं।

### कूप के चारों तरफ 5 फीट ऊंची दीवार

सर्वे का काम कृष्ण कूप में किया जाना है, जो कल्कि मंदिर के मेन गेट के पास है। बताया जा रहा है कि ये कृष्ण कूप संभल के जामा मस्जिद के पास से महज 500 मीटर की दूरी पर है। कृष्ण कूप चारों तरफ दीवारों से घिरा हुआ है। इसके चारों तरफ 5 फीट ऊंची दीवार बनी हुई है। इसके साथ ही कूप के अंदर झाड़ियां और गंदगी फैली हुई है।

### साल 2021 में आए थे सीएम योगी

बता दें कि एएसआई की टीम ने 5 तीर्थ और 19 कूपों यानि कुल 24 जगहों का सर्वे किया था। आज कृष्ण कूप का सर्वेक्षण किया जाएगा। ये कूप संभल में कल्कि मंदिर के पास है। जो बहुत ही प्राचीन है। मंदिर के गेट पर एक बोर्ड लगा हुआ है। इसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम भी लिखा हुआ है। बताया जा रहा है कि साल 2021 में सीएम योगी यहां आए थे। अब यहां के कूपों और तीर्थों के सर्वे का काम किया जा रहा है।

### 46 साल बाद खोला गया मंदिर

भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण विभाग की टीम ने कई जगहों पर सर्वेक्षण किया था। उसमें कार्तिक महादेव मंदिर भी शामिल है, जिसे 46 साल बाद 14 दिसंबर को खोला गया था। बताया जा रहा है कि ये मंदिर 1978 के दंगे के बाद से बंद था। सर्वे को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। जिस पर संभल के डीएम ने साफ कर दिया है कि किसी दरगाह या मस्जिद का सर्वेक्षण नहीं

# महिला सांसद संग दुर्व्यवहार पर महिला आयोग ने लिया स्वत: संज्ञान, कहा- इस मामले पर की जाए कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

संसद भवन में भाजपा और कांग्रेस सांसदों के बीच धक्का-मुक्की हुई। भाजपा ने इस घटना को लेकर आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने भाजपा के सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की। इस घटना में भाजपा के दो सांसदों प्रताप सारंगी और अजित सिंह को चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस घटना को लेकर भाजपा की महिला सांसदों ने भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। दरअसल नागालैंड से राज्यसभा सदस्य फान्गनॉन कोन्याक ने आरोप लगाया कि जब संसद के मकर द्वार के पास वह अन्य सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रही थीं।

### महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

इस मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला सांसद द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लगाए गए आरोप को लेकर शुक्रवार को अधिकारियों से इस मामले में कार्रवाई करने को कहा और कहा कि ऐसी घटनाएं एक खतरनाक मिसाल कायम करती हैं। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के 'अपमान' के मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य बृहस्पतिवार को आमने-सामने आ गए थे और कथित तौर पर धक्का-मुक्की हुई थी। नगालैंड से राज्यसभा सदस्य फान्गनॉन कोन्याक ने आरोप लगाया कि वह जब संसद के मकर द्वार के पास अन्य सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रही थीं तभी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उनके समीप आ गये और उन पर चिल्लाने लगे।

### महिला आयोग ने एक्स पर किया पोस्ट

महिला आयोग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राष्ट्रीय महिला आयोग संसद में हाल की घटना पर चिंता व्यक्त करता है जहां एक महिला सांसद ने असुरक्षित महसूस किया। हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों सहित हर जगह, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान का स्थान होना चाहिए। ये घटनाएं एक खतरनाक मिसाल कायम करती हैं।'' उसने कहा, ''हम अधिकारियों से इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।'' कांग्रेस ने नगालैंड की सांसद के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह सब गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आंबेडकर का 'अपमान' किए जाने से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उसने कहा कि भाजपा सदस्यों ने उसकी महिला सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की।

# इंडियन पोटाश लिमिटेड, पारादीप फॉस्फेट और कविता बायो फर्टिलाइजर के सैंपल मानकता में हुए फेल

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com




जिले में लगातार नकली खाद बीज किसानों को बेचने की शिकायतें मिलती रही हैं जिसके चलते अमानक खाद बीज के उपयोग से किसानो की जमीन खराब व फसल उत्पादन में कमी आई है जिसके चलते अन्नदाता कर्ज में डूबता जा रहा है। वही भारी मात्रा में अपने उर्वरको को किसानों को बेचने वाले कंपनियों के उर्वरकों के सैंपल अमानक पाए गए है ,वहीं अधिकारी अब भी केवल खानापूर्ति पर लगे हुए हैं व अमानक रासायनिक जैविक खाद के डीलर अपने दुकानों से किसानों को बेधड़क अमानक खाद बेच रहे हैं, जिस पर ना तो कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा अंकुश लगाया जा रहा है और नहीं कोई कार्रवाई की जा रही है। हालांकि उपसंचालक कृषि कोंडागाँव के द्वारा उक्त अमानक उर्वरकों को लेकर एक आदेश जरूर जारी कर दिया गया है लेकिन विभागीय अमला उक्त आदेश का पालन करवाता कही भी नजर नहीं आ रहा है जिसके चलते अब भी अमानक खाद किसानों तक भारी मात्रा में पहुंच रहा है।

**पारादीप फास्फे ट लिमि. इण्डियन पोटाश लिमिटेड एवं कविता बायो फर्टिलाइजर का अमानक खाद अब भी बिक रहा धड़ल्ले से** – ज्ञात हो कि, खरीफ फसल के दौरान नियमानुसार खाद बीज के सेम्पलिंग कर गुणवत्ता जांच हेतु कृषि विभाग द्वारा भेजा गया था जिसमे इंडियन पोटाश लिमिटेड निर्माता कंपनी का डी.ए.पी. 18:46:00, पारादीप फास्फेट निर्माता कंपनी का डी.ए.पी. 18:46:00 व कविता बायोफर्टिलाइजर का ऑर्गेनिक मेन्युर के सैंपल नॉन-स्टैंडर्ड पाए गए हैं इसके बाद उपसंचालक कृषि ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1885 के खंड 28( 1) (ड) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खंड 19(1 ) 'क' के अंतर्गत उर्वरक एवं ऑर्गेनिक उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला लाभांडी रायपुर छत्तीसगढ़ के विश्लेषण परिणाम के पत्र क्रमांक का उल्लेख करते ऑर्गेनिक मैन्युअल का नमूना अमानक पाए जाने के फल स्वरुप जिले में इस जैव उर्वरक स्कंध का भंडारण वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध करने का आदेश जारी किया है ,वहीं उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला रायपुर छत्तीसगढ़ के विशेषण परिणाम के पत्र क्रमांक का उल्लेख करते पारादीप फास्फे ट लिमिटेड व इंडियन पोटाश लिमिटेड का डीएपी अमानक पाए जाने के फलस्वरुप उक्त दोनों कंपनियों के उर्वरक स्कंध का भंडारण वितरण पर भी तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किए जाने का आदेश जारी किया गया है लेकिन उक्त आदेश का परिपालन करते विभागीय अमला नजर नहीं आ रहा है जिसके परिणाम स्वरुप खाद बीज की दुकानों में उक्त अमानत खाद का भंडारण व बिक्री अब भी जारी है। वहीं उर्वरक निरीक्षक हेमलाल पद्माकर से मामले पर जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि, कृषक सम्मेलन कार्यक्रमों के चलते उक्त आदेश पर अमल नहीं करवाया जा सका है जल्द कार्यवाही करेंगे। कोंडागांव कृषि उप संचालक डीपी टांडे ने कहा कि, जिन कंपनियों के सैंपल अमानत पाए गए हैं उस पर कार्यवाही करते उक्त कंपनीयो के अमानक उर्वरको के भंडारण वितरण पर तत्काल जिले में प्रतिबंधित किया गया है व उर्वरक निरीक्षकों को नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया है।

# जुआ और सट्टा पर नहीं हो रही कार्रवाई, प्रशासन मौन

**पायनियर संवाददाता ⟨ भानुप्रतापपुर**
www.dailypioneer.com

नगर से ग्रामीण क्षेत्रों में सट्टा खिलाने वालों पर पुलिस की नरमी से ग्रामीण क्षेत्रों में फलफूल रहा है इसमें शामिल ऐसे शातिर लोगो को पकड़ने में पुलिस विभाग के खुफिया तंत्र की नाकामी या कोई और बड़ी वजह जिससे इस पर रोक नहीं लग रही है।भाजपा मंडल अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के नेता हरेश चक्रधारी तथा आम आदमी पार्टी के मेहर सिंह वट्टी ने कहा क्षेत्र के जनसंपर्क दौरे में लगातार अवैध कारोबार खासकर सट्टा को लेकर काफी शिकयत मिल रही है। ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के अंदर तेजी से सट्टा बाजार के मामलों ने पुलिस कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।उन्होने कहा ऐसा नहीं है कि पुलिस कार्यवाही नही कर रही या शांत बैठी है। पुलिस भी यदाकदा एक दो मामले पकड़कर सामने लाते रहे है। लेकिन इस व्यापार को नगर से बाहर ग्रामीण क्षेत्रो ग्रामों में फै लाने वाले शातिर लोगो तक पहुंच नही पा रहे है।और ऐसा क्यों यह एक पहेली बना हुआ है।हाल के कुछ समय से अवैध कारोबार में तेजी की अंदरूनी खबरें मिल रही है। जिसमें सट्टा, गांजा, अवैध दारू निकासी कर अधिक राशि मे बेचने का कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। और जो अंदरखाने खबर आ रहा है। वो भी काफी चौकाने वाला है। कि नगर के अंदर व ग्रामीण छेत्रो में भी कुछ युवा इस काम को तेजी से आगे बढ़ा रहे है। व कुछ पैसों के फायदे में अपना जीवन बर्बाद कर रहे है। नगर के अंदर ऐसे तीन चार युवको द्वारा यह धंधा को तेजी से फैला रहे है। पुलिस ऐसे मामलों में अक्सर छोटे लोगों तक पहुंच पा रही है। और बड़े शिकारी लगातार पुलिस से बचे हुए है। व ऐसे कामों को अंजाम दे रहे है। वर्तमान में इन युवकों द्वारा अंतागढ़ और दल्ली राजहरा के खाईवाल को अपना सट्टा पट्टी खपा रहे हैं जो नगर के साथ साथ गांवों की फिंजा को खराब कर रही है।

**कानून का कोई भय नहीं** – हाल ही में इस खबर को प्रमुखता से उठाया गया है तो इस क्षेत्र में सक्रिय खाईवाल इस कदर बेचैन हो गया है कि पूछो मत। मोबाइल ऐप पर सट्टा चलाने वाला और खाईवाल की दिलेरी यह दर्शाती है कि उसे कानून का कोई डर भय नहीं रह गया है।

**कानून पर कसा तंज, पुलिस की भूमिका पर खड़े हो रहे सवाल** – आम आदमी पार्टी के हरेश चक्रधारी ने बताया कि सट्टा के अवैध कारोबार ने कई घरों को तबाह कर दिया है। सब कुछ जानते हुए भी पुलिस जिस प्रकार आंख बंद किए बैठी है उससे पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा अगर उन्हें इस बारे में मालूम नही है तो हम बताते हैं किनके द्वारा और किनके सहमति से सट्टा बाजार गर्म है।

**रोक नहीं लगी तो करेंगे आंदोलन** – चक्रधारी ने बताया कि भानुप्रतापपुर में जिस प्रकार सट्टा का अवैध कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा है उससे यह साफ दिखता है कि उन्हें किनका संरक्षण प्राप्त है। इसके समूल नाश के लिए शीघ्र अभियान नहीं चलाया गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# निको में पर्यावरण एवं खनिज सरंक्षण सप्ताह समारोह का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ⟨ नारायणपुर**
www.dailypioneer.com






नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में संचालित जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड का छोटेडोंगर लौह अयस्क खदान में खान पर्यावरण एवं खनिज सरंक्षण सप्ताह के वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। समारोह के मुख्य अतिथि पारसवानी लाइमस्टोन माइंस-अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के महाप्रबंधक माइनिंग देवेन्द्र इंदौरा शामिल हुए। साथ ही अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के प्रबंधक(मिलिंग) अनुराग जैन एवं केसला लाइमस्टोन खदान, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से माइनिंग इंजीनियर मल्लेश्वरराव. डी शामिल हुए। खदान में सभी अतिथियों ने पूरे समारोह की प्रशंसा की। कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केंद्र श्रमिको के द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स रही जो कि पर्यावरण संरक्षण की थीम पर आधारित थी। साथ ही श्रमिको ने स्वागत गीत,पर्यावरण एवं खनिज से सम्बंधित ड्रामा एवं मुर्गा लड़ाई भी अतिथियों के सम्मुख प्रस्तुत किया। अतिथियों द्वारा उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए प्रतिभागियों के चयन किया गया। विशेष योगदान देने वाले कर्मचारियों व कामगरों को भी साबाशी दिया गया । 7 समारोह में खदान के समस्त कर्मचारी, प्रतिनिधियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व खदान के कामगार गण शामिल रहे।

# पेट्रोल पंप मस्सुकोकोड़ा में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com



राधेश्याम नाग पेट्रोल पंप मस्सुकोकोड़ा के रूम से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पेट्रोल, डीजल के बिकी पैसा नगदी 130000 रुपए, 1 नग मोबाईल कीमती 7000 रुपए को चोरी कर ले जाने के रिपोर्ट पर थाना फरसगावं अपराध कमांक 169/2024, धारा 331(4), 305(1) बीएनएस. दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले के गंभीरता व क्षेत्र में चोरी की घटना को रोकने के लिए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा तत्काल मुखवीर लगाते हुये आवश्यक कार्यवाही कर चोरी करने वाले आरोपी पूरन यादव और विधि से संघर्षरत एक बालक को पूछताछ करने पर पेट्रोल पंप मस्सुकोकोड़ा के कर्मचारी रूम के अन्दर घुस कर रखे दराज से काला रंग के बैग में रखे 130000 रुपए व 1 नग मोबाईल, को चोरी करना स्वीकार किये व उक्त रकम् को दोनों आपस में बांटे जिसमें पूरना यादव के द्वारा 80000 रुपए रखा व विधि से संघर्षरत बालक 50000 रुपए रखा जिसमें से पूरन यादव 15000 रुपए खाने पीने में खर्च होना बताया और 65000 रुपए जेब में रखना बताया विधि से संघर्षरत बालक 50000 रुपए में 10 हजार रुपए को खाने पीने में खर्च होना बताया और 40000 रुपए जेब पास में रखना बताया। दोनों के कब्जे से कुल 105000 रुपए नगदी रकम, 1 नग मोबाईल बरामद हुआ व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल वाहन जप्त कर करते हुये आरोपी पूरन यादव को 19 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। विधि से संघर्षरत बालक को मुताबिक निरुद्ध फार्म के निरुद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है।

## भाजपा मंडल किरन्दुल के नए अध्यक्ष बने विजय सोढ़ी

**किरन्दुल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल में मंडल अध्यक्ष के रूप में शुक्रवार शाम 04 बजे नए मंडल अध्यक्ष का चयन किया गया।जिसमें विजय सोढ़ी को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं एवं जिला भाजपा निर्वाचन अधिकारी बैदुराम कश्यप के हस्ताक्षर से नियुक्ति पत्र जारी की गई हैं।इससे पूर्व विजय मंडल उपाध्यक्ष एवम कई अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## किसान संघ की बैठक 23 को

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पटेल संघ एवं किसान संघ का 1 दिवसीय बैठक 23 दिसम्बर को बूढ़ादेव गोंडवाना भवन में आयोजित किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन एंव वर्तमान में किसानों के साथ अन्याय के संबध में व कृषि उपज मंडी या धान खरीदी केन्द्र या लेम्पस से किसानों का टोकन काटने के बाद भी धान को खरीदी केन्द्र से वापस किया जाता है।

## हाहालद्दी चाहचाड़ ट्रक परिवहन संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** हाहालद्दी चाहचाड़ ट्रक परिवहन संघ ने विभिन्न मांगो को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा है।उन्होने ज्ञापन सौंपकर कहा हाहालद्दी चाहचाड़ ट्रक परिवहन संघ दुर्गुकोंदल की पुष्प स्टील एवं माईनिंग लिमिटेड के निम्न लिखित मांगें शामिल हैं जिनमे चेमल एड़गुड़ खदान से रसमड़ा फैक्टरी तक की लौह अयस्क परिवहन की भाड़ा राशि वृध्दि की जाये।वाहनों को डीजल दी जाये। खदान में लोडिंग और रसमड़ा फै क्टरी में अनलोडिंग वाहन पहुंचाते ही की जाये। रसमड़ा फैक्टरी में वाहन पहुंचने के बाद अनलोडिंग हेतु तीन दिन समय लगती है, जिससे आर्थिक क्षति होता है। रायपुर सिलतरा की लोडिंग भी दी जाये। पुष्प स्टील एवं माइनिंग लिमिटेड इन सभी मांगो पर 05/01/2025 तक संघ के साथ चर्चा कर व्यवस्था में सुधार करें। अन्यथा संघ चेमल मांइस मार्ग पर अनिश्चित धरना प्रदर्शन करने बाध्य होगी।

# सुशासन के एक साल पूर्ण होने पर अमृत सरोवर में किया गया वृक्षारोपण

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com




राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले के सभी अमृत सरोवर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिले में महात्मा गाँधी नरेगा योजना अंतर्गत बनाए गए अमृत सरोवरों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला कोंडागांव अंतर्गत कुल 83 अमृत सरोवर निर्मित हैं। अमृत सरोवर के सम्बन्धित ग्राम पंचायत में मनरेगा की टीम के माध्यम से दीवाल लेखन किया गया। साथ ही रैली निकाली गई और सरोवर की साफ़-सफाई भी की गई। इसके अलावा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मेट, महिला समूहों और ग्रामीणजनों के सहयोग से 921 पौधे रोपित किये गए।

# इंटक चुनाव में एके सिंह सचिव एवं विनोद कश्यप बने अध्यक्ष

**पायनियर संवाददाता ⟨ किरंदुल**
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में श्रमिकों के हितों एवं अधिकारों के लिए गठित श्रमिक संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटुक का 17 वां त्रैवार्षिक अधिवेशन एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के श्रमिक सदन मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक के सदन के सभागार में सम्पन्न हुआ।17वें त्रिवार्षिक अधिवेशन में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में संचालित श्रमिक संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटुक के अध्यक्ष पद पर विनोद कश्यप निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुने गए साथ ही एके सिंह भी दूसरी बार निर्विरोध सचिव पद पर निर्वाचित घोषित किये गए। एवं रवीश तिवारी कार्यालय सचिव, ओम कुमार साहू कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चयनित हुए। चुने गए 103 डेलीगेट्स ने उपाध्यक्ष पद पर वोटिंग करते हुए श्रमिक नेता पतिराम बघेल और दिलीप सिंह को उपाध्यक्ष पद पर विजय दिलाई। साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर चिन्ना स्वामी निर्वाचित घोषित किए गए। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के नवनिर्वाचित सचिव एके सिंह ने कहा कि किरंदुल इंटुक परिवार के सदस्यों ने मुझ पर दुबारा विश्वास करते हुए जिस जिम्मेदारी को सौपा है।उस पर खरा उतरते हुए सदैव श्रमिकों के हितों के लिए संकल्पित रहूंगा साथ ही एनएमडीसी को भी विश्व पटल पर स्थापित करने की मिलकर भरपूर कोशिश करेंगे।

## महिलाओं को दिए गए शासकीय योजनाओं के लाभ के बारे में दी गई जानकारी

# समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने विभागों की हुई समन्वय बैठक

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत लखपति दीदी पहल के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं के आजीविका गतिविधियों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में आज विभागों की समन्वय बैठक संपन्न हुई। यह बैठक हर तिमाही में आयोजित होती है। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा समूह की महिलाओं को दिए गए शासकीय योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी गई और समूह सभी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने और आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ भोई ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की शासन की योजनाओं का लाभ दिलाकर महिलाओं की आय में वृद्धि करते हुए उन्हें लखपति दीदी बनाना है, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सके। उन्होंने लखपति दीदीयों से कहा कि वे और महिलाओं को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

**लखपति दीदीयों ने साझा किए अपने अनुभव** – कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्ड से 10 लखपति दीदी भी शामिल हुईं। ये महिलाएं समुह से जुड़ने के बाद मिली सहायता राशि, विभिन्न योजनाओं से आजीविका गतिविधियों से सालाना लगभग 1 लाख या उससे अधिक की आय प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने इस दौरान बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आए बदलाव और लखपति दीदी बनने तक की कहानी साझा करते हुए बताया कि, उनका परिवार आज आर्थिक रूप से सशक्त होकर पहले से बेहतर जीवकोपार्जन कर रही हैं। बैठक में कृषि विभाग, कौशल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, उद्योग विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर डीएमएम विनय सिंह सहित बिहान के बीपीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# कड़मपाल में युवोदय शिविर का किया गया आयोजन

**पायनियर संवाददाता ⟨ किरंदुल**
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत कड़मपाल में युवोदय पंडुम शिविर का आयोजन शुक्रवार दोपहर 01 बजे किया गया। जिसमें सभी विभागों से कर्मचारी इस शिविर में शामिल थे। शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग आदि विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे जो ग्रामवासियों के विभिन्न समस्याओं तथा कार्यों का हल करने में सहयोग प्रदान किये। इस शिविर में ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवोदय पंडुम समिति के सदस्यों द्वारा इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान किया गया। और इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कड़मपाल में रस्सी खींच प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें रिमानपारा कड़मपाल विजेता रही।इस कार्यक्रम में मंच संचालन एम माधव राव संकुल समन्वयक द्वारा किया गया जिन्होंने ग्रामवासियों को प्रोत्साहित करते हुए आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **धर्मेशसिंह राजपूत**, दीपा सिंहराजपूत खाता सं. LNBIL02221-220191214 | 7 अक्टूबर 2024 ₹ 1311750/- दिनांक 4 अक्टूबर 2024 | मौजा-परसदा, परसाद मेन पुरानी कॉलोनी, पी.सी. नं. 39, केएच. नं. 609/10, आरएनएम-बिलासपुर, विकासखंड - बिल्हा तहसील-बिलासपुर, जिला - बिलासपुर छत्तीसगढ़ (भारत) - पिन-495003/ क्षेत्रफल 2180 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 दिसम्बर 2024 |

स्थान : जयपुर    दिनांक : 22-12-2024    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# समाज कल्याण विभाग ने विशेष उपलब्धियों पर दिव्यांगजनों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के 1 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग धमतरी के द्वारा श्रवण बाधितार्थ स्कूल में दिव्यांगजनों का सम्मान एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान के लिए प्रतिभाओं के आंकलन के बाद दिव्यांगजनों को चयनित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन के द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत धमतरी के सार्थक स्कूल के 3 विशेष बच्चों श्वेता, मनीष और प्रीति को भी श्रीफल, शॉल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सार्थक की होनहार छात्रा श्वेता मसीह ने जो शारीरिक रूप से अक्षम होने के बावजूद अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न समझ कर रंगोली व पेंटिंग में अच्छा प्रदर्शन कर सार्थक का नाम रौशन किया है।

सार्थक का छात्र मनीष मंडावी, पेंसिल पकड़ने में कठिनाइयां होने के बाद भी लेखन में सुलेख लिखता एवं अच्छी ड्राइंग भी करना जानता है। सार्थक की छात्रा प्रीति साहू सुनने के साथ देखने में भी काफी परेशानी का सामना करती है, उसके बावजूद सांस्कृतिक कार्यक्रम में भिलाई, रायगढ़, पुणे और धमतरी में आयोजित राज्योत्सव में फैशन शो में प्रस्तुति देकर अपना स्थान बनाया और साथ ही मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग में भी अच्छा प्रदर्शन करती है। बच्चे अपनी सराहना और स्वागत पाकर बहुत प्रफुल्लित हुए। उक्त कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे पतरस बाघमारे एवं भूपेंद्र साहू को एमएसआइडी किट का उपहार दिया गया। इन सभी प्रतिभाओं को देखते हुए डिप्टी कलेक्टर ने बच्चों को हमेशा आगे बढ़ने की शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया। सार्थक के अस्थिबाधित दिव्यांग प्रशिक्षक मुकेश चौधरी जो कंप्यूटर का प्रशिक्षण देते है और साथ में ऑफिशियल वर्क भी संभालते है। उनके प्रशिक्षण से सार्थक के कुछ बच्चे कंप्यूटर चालू करना, बंद करना, टाइपिंग, ड्राइंग भी सीख गए है। कार्यक्रम में सार्थक के बच्चे करण नामदेव, इशिका चौहान, ईश्वर साहू, गगन दीप नागवानी, नैतिक विश्वकर्मा, दीपाली सोनी, प्रशिक्षक स्वीटी सोनी एवं पालकगण सखीना बाघमारे, दीप्ति चौहान, शकुंतला सोनी उपस्थित हुए।

# संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कोकड़ी, ग्राम पंचायत दामोदरहा में प्राचार्य साखीराम पटेल शिविर संयोजक, सोमेश्वर प्रसाद नायक कार्यक्रम अधिकारी एवं सांस्कृतिक प्रभारी चेतन कुमार पटेल मंच संचालन, गुण सागर पटेल व्यवस्थापन के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर अवधि में गांव में नशा उन्मूलन, स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,डिजिटल साक्षरता पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया, गांव गली, नाली, विद्यालय, तालाब घाट, बोरिंग परिसर आदि में स्वच्छता अभियान चलाया गया ।शिविर से विद्यालय आने पर शिविर में संपन्न कार्यों के लिए विद्यालय के शिक्षकों एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विद्यालय स्तरीय प्रमाण पर भेंट कर स्वयंसेवकों की उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दिया गया। शिविर के स्वयंसेवकों में चांदनी साहू शिविर नायक, खिलेश्वरी दास, नवीन दास, मानसी विशाल, देवकी विशाल, लिसा निषाद, लिसा डंडसेना,टीकेराज, नीरज प्रधान, प्रताप पटेल को दल नायक ,मनीषा नायक, हेमा साहू, तनुजा पटेल ,ममता पटेल, सपना भारद्वाज, ममता सारथी, रूबी साहू, रूपेंद्र पटेल, सुमित बाघ, आरती यादव, भानुमति भोई, भानु प्रताप सिदार, हेमलता यादव, लोकेश राणा, मनिषा दास, खीरसागर पटेल, पूजा सीदार, प्रकाश दास, रेशमा चौहान, सत्यम सेठ, विमला प्रधान, यशवंत साहू, चंद्रशेखर साहू चंद्रशेखर सिदार, रश्मि साहू, केशव साहू, अंजलि बरिहा, मिनकेतन चौहान, सुनीता साहू ,रितेश साहू, जगेशिनी मानिकपुरी, रोशन पटेल, तमन्ना दास, वैष्णवी साहू, दीपेश भोई आदि स्वयं सेवकों का सम्मान प्रमाण पत्र से किया गया।

# पीएम, सीएम का महिलाएं कर रही गुणगान :निलेश

## हवाई सेवा शुभारंभ व्यापारी खुश

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत रायपुर अंबिकापुर बिलासपुर हवाई सेवा का मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय ने हरिझंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया जिससे शहरों के बीच की दूरी कम होगी साथ ही पर्यटन व्यापार और रोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे यह बात भाजपा शहर महामंत्री पूर्व पार्षद निलेश लुनिया के द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कही गई है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दिसंबर माह में पदभार संभालते ही प्रदेश और प्रदेशवासियों के विकास को लेकर तेजी के साथ कार्य करना शुरू कर दिया है। इसका यह असर भी दिखने लगा है। रायपुर अंबिकापुर बिलासपुर क्षेत्र की यात्रा सुलभ सरल तो होगी ही, जिससे आम लोगों का समय भी बचत होगा मुख्यमंत्री साय की दूरगामी सोच है कि बस्तर में गोली की कम और शहनाइयों की गूंज आज ज्यादा सुनाई दे रही है। पहले की तुलना में अब नक्सलियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं जिसके चलते को कुख्यात के इनामी नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहे हैं इस क्षेत्र में भी सड़क पानी बिजली स्कूल स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र वासियों को निरंतर मिल रही है। भाजपा शहर महामंत्री लुनिया ने कहा कि महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं का भविष्य सवांर रही है। महिलाएं मुख्यमंत्री साय के द्वारा प्रतिमाह भेजे जा रहे 1000 रूपये से अपने घरों की ज़रूरतें पूरी कर रही हैं। कुछ ऐसी महिलाएं भी हैं जो इस राशि को प्राप्त कर भाजपा और प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री की इस योजना का गुणगान करते फिर रही है और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट कर रही हैं। मुख्यमंत्री दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब से लेकर आज तक विकास के अनेक सोपान तय किए हैं जिससे प्रदेश में खुशहाली है। लूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति धमतरी जिले की ओर से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# वॉक इन इंटरव्यू 26 को विकासखण्ड स्त्रोत कार्यालय धमतरी में

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सेकेण्डरी स्तर कक्षा नवमीं से बारहवीं हेतु धमतरी और नगरी विकासखण्ड में रिक्त स्पेशल एजुकेटर के पदों की एक निश्चित मानदेय पर भर्ती किया जाना है। कलेक्टर एवं मिशन संचालक सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वीकृत पद हेतु आगामी 26 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक वॉक.इन.इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह साक्षात्कार रूद्री रोड स्थित विकासखण्ड स्त्रोत कार्यालय बीआरसीसी धमतरी में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आवेदक को एक जनवरी 2025 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर के साथ बीएड विशेष शिक्षा में अथवा बीएड सामान्य के साथ दो साल का डिप्लोमा विशेष शिक्षा में होना अनिवार्य है। इसके साथ ही लर्निंग डिसेबलिटी, सेरेब्रल पाल्सी में बीएड/डीएड वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन पत्र में आवेदक का फोटो एवं संलग्न दस्तावेज स्व प्रमाणित होना आवश्यक है। स्वप्रमाणित न होने व दस्तावेज अपूर्ण होने पर आवेदन स्वमेव निरस्त हो जाएगा। आवेदक को आवेदन के साथ 10 रूपये के डाक टिकट के साथ स्वयं का स्थायी पता लिखा हुआ लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने धान खरीदी में हो रही समस्या को लेकर कलेक्टर से की चर्चा




पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल भंवरपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष डेविड चौधरी ने धान खरीदी केंद्रों में हो रही समस्या को लेकर महासमुंद कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण करने की मांग की। मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी की मांग पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया है। चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दिया जाएगा। जो ईमानदार कर्मचारी हैं उन्हें पूरा संरक्षण मिलेगा। सरकार के सुशासन का लाभ आम जनता को मिले इसके लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता तत्परता से जुटे हुए हैं।

# सर्वसहमति से अनूपम बाजपेयी बनाए गए लवन मंडल भाजपा अध्यक्ष, शुभचिंतको में हर्ष

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



लवन मंडल भाजपा अध्यक्ष विजय यदु का कार्यकाल पूरा होते नए अध्यक्ष का ताज युवा चेहरा अनूपम बाजपेयी के सिर पर सर्वसहमति से पहनाया गया।विजय केसरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रभारी के उपस्थिति में लवन में मंडल अध्यक्ष मनोनयन की प्रक्रिया सम्पन्न हुआ जंहा सर्वसहमति से युवाओं के आइकॉन अनूपम बाजपेयी को भाजपा के अन्य दिग्गज नेताओं के उपस्थित में कार्यकर्ताओं ने लवन मण्डल भाजपा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।अध्यक्ष मनोनीत किये जाने के कुछ मिनट बाद ही भाजपा के सभी नेताओं सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं सहित रंग गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत बधाई शुभकामनाएं दिये। उन्होने कहा कि मिली हुई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूँगा, बड़ी जिम्मेदारी देने के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, विजय केसरवानी भाजपा नेता, पवन साहू भाजपा नेता सहित भाजपा के नेताओं के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विश्वासो के अनुरूप खरा उतरने की हर सम्भव कोशिश करूंगा, पार्टी की रीति नीति पर सदैव अमल करने जैसे अन्य विषयों पर फोकस करते रहने की बात भी कहा ।वहीं बधाई देने वाले भाजपा नेताओं में रमण साहू ,गोपाल साहू अधिवक्ता लवन, शिव वर्मा उपसरपंच डोंगरा, रतिराम कैवर्त तिल्दा, हरीश्वर कैवर्त तिल्दा, पंकज घृतलहरे डोंगरीडीह, भगदन कैवर्त डोंगरीडीह, अनिल कैवर्त डोंगरीडीह, विजय साहू पूर्व सरपंच लाटा, ललित कैवर्त सुनसुनिया, धन साय कैवर्त सरपंच चंगोरी, बलराम कैवर्त सरपंच प्रतिनिधि बाजार भाटा, राधेश्याम कैवर्त भाजपा नेता बाजार भाटा, नेतराम कैवर्त गंगई, सहित तमाम लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दिये।

# आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन में धमतरी जिला पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में 70 एवं इससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला जहां ग्राम पंचायतोंए ग्राम और शहरों में शिविर लगा रहा हैए वहीं शिविर स्थल में नहीं पहुंच पाने वाले वृद्धजनों का घर.घर पहुंचकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। नतीजन धमतरी जिला आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन में पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले में अब तक 5 हजार 700 से अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। बता दें कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए आधारकार्ड मे मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिंक होना चाहिए। इससे 5 लाख रूपये तक मुफ्त उपचार लाभ की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। योजनांतर्गत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको आधार कार्ड के अनुसार जिनका उम्र 70 या 70 से अधिक हो, को आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कार्य, ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तर पर लगातार बनाया जा रहा है। धमतरी जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको 70 व 70 से अधिक आयु वाले को अपने नजदिकी, किसी भी उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल कुरुद, नगरी, बोरई, सामु. स्वा. केन्द्र गुजरा, मगरलोड, भखारा, जिला अस्पताल धमतरी, योजना मे पंजीकृत किसी भी निजि अस्पताल के चिन्हाकित च्वाइस सेंटर, आधार सेवा केन्द्र मे आधार कार्ड एंव आधार लिंक मोबाइल नबर सहित हितग्राही स्वयं उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन करा रहे है। पंजीयन टीम को अनेक पात्र वरिष्ठ नागरिको का आधारकार्ड अपडेट नही होने के कारण, कार्ड पंजीयन करने मे दिक्कत आ रही है। इसके मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कौशिक ने ऐसे पात्र हितग्राही वरिष्ठ नागरिक 70-70 प्लस को नजदीकी आधार सेवा केन्द्र मे जाकर अपने आधार कार्ड मे घर या स्वयं का ही कोई एक एक्टीव मोबाइल नम्बर को लिंक कराने कहा गया है, जो कि आगामी 2-4 अथवा 24 घंटे के भीतर अपडेट हो जाता है। इस प्रकार आयुष्मान वय वंन्दना योजना के अलावा शासन की विभिन्न योजनाओ का लाभ सुगमता से प्राप्त किया सकेगा। वरिष्ठ नागरिको को संयुक्त रुप से अतिरिक्त 5 लाख रूपये का टाप.अप योजनांतर्गत प्राप्त होगा, जो कि परिवार के अन्य सदस्यो द्वारा योजनांतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के बाद भी वरिष्ठ नागरिको को प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको को जल्द से जल्द अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या च्वाइस सेंटर, आधार सेवा केन्द्र मे उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराकर योजना का लाभ लेने की अपील की है। इसके लिए अनिवार्य दस्तावेज आधारकार्ड एंव आधार लिंक मोबाइल नम्बर प्रस्तुत करना होगा।

## कुरूद विधानसभा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 40 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

**धमतरी।** प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धमतरी जिले के तीनो विधानसभा मुख्यालयों में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित करने हेतु 23 दिसम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी जगरानी एक्का ने बताया कि धमतरी विधानसभा में विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे नगरपालिक निगम सामुदायिक भवन, कुरूद विधानसभा में नया कृषि उपज कुरूद तथा विधानसभा नगरी में स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर नगरी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही कुरूद विधानसभा में सुशासन कार्यक्रम के साथ.साथ 40 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह भी सम्पन्न होगा।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर किया गया समस्याओं का समाधान

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव क़ी ओर मनाया जा रहा है। इसके तहत 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहोद, भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा, सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा, पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं मांगो से सम्बंधित 286 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 252 का शिविर में ही निराकरण किया गया। शेष 34 आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लाहोद शिविर में प्राप्त 42 आवेदनों में से सभी का निराकरण किया गया। इसीप्रकार भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा में 70,सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा में 63, बैकोनी में 5 आवेदनों में. से. सभी का निराकरण किया गया। पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा में 68 में से 47 का निराकरण एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में 38में से 25 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में विभागों द्वारा संचालित योजनाओं क़ी जानकारी लोगों को दी गई।

# सूने मकान में चोरी करने वाले एक बालक सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



प्रार्थी त्रिलोक कुमार ध्रुव द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 16.11.2024 को प्रातः 06:00 बजे अपनी पत्नी के साथ ग्राम सरखोर प्राथमिक स्कूल पढ़ाने के लिए गया था, जो प्रातः 11:30 बजे वापस अपने घर आने पर देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था एवं घर के अंदर में अलमारी के लॉकर में रखे सोने चांदी के जेवर सहित कुल 95,000 कीमत मूल्य का सामान किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्रमांक 477/2024 धारा 331(3), 305, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दूसरा मामला- प्रार्थी राममनी वर्मा निवासी ग्राम कोरदा द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 15-16.11.2024 के मध्य हम दोनों पति-पत्नी घर में नहीं थे। जब घर वापस आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था तथा कमरे के अंदर रखे अलमारी के दरवाजा को तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी 50,000 को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। की रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्रमांक 478/2024 धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि दोनों प्रकरणों में थाना लवन एवं साइबर सेल बलौदाबाजार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एक अपचारी बालक सहित 05 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा ग्राम कोरदा में दोनों प्रार्थियों के घर का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में आरोपियों से 64,500 कीमत मूल्य का चोरी का सोने, चांदी का जेवर एवं एक मोबाइल बरामद किया गया है। साथ ही आरोपियों से घटना में प्रयुक्त राड, हथौड़ी एवं 02 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। प्रकरण में सभी 05 आरोपियों को 19 एवं 20.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की टीम कलेंडा स्कूल पहुंच कर शिक्षा नीति की दी जानकारी



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की टीम के द्वारा विकासखंड के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ संध्या भोई एवं अनिल कुमार शास.उच्च.माध्य.विद्यालय किसड़ी, यू के बरिहा एवं डॉ गायत्री प्रसाद पटेल शास.उच्च. माध्य. विद्यालय चारभांठा, दीपक कुमार, डी के मांझी एवं देवेश राणा - शास.उच्च.माध्य.विद्यालय कलेंडा, हेमलता पटेल एवं आरती साहू गौरव विद्या मंदिर, एम एन सिदार, राजकिशोर पटेल एवं नरेश जगत शास. उच्च. माध्य. विद्यालय भूथिया, शब्या पटेल एवं भारती गुप्ता शास. उच्च. माध्य. विद्यालय केजुवां, डॉ. आर एस पटेल एवं अनिल गुप्ता - शास. उच्च. माध्य. विद्यालय केदुवां।

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान टीम पहुंची मोंहदा शाला

शास.उच्च.माध्य.विद्यालय मोहदा में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान टीम के द्वारा उपर्युक्त विद्यालयों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न जानकारी दी गई। सहायक प्राध्यापकों द्वारा अभियान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस महाविद्यालय में कला संकाय ,विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय में स्वीकृत सीटों की जानकारी दी गई।उन्होंने महाविद्यालय के विविध गतिविधियों राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेडरिबन क्लब, करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल, एंटी रैगिंग सेल, जेंडर इक्विटी सेल, पुस्तकालय, ग्रंथालय प्रयोगशाला, क्रीड़ा विभाग, वार्षिकोत्सव आदि की सुविधा और गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया। उन्हें उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थी अपने संकाय के विषय चुनकर जेनेरिक इलेक्टिव में अन्य संकाय के एक विषय का चुनाव कर भी अध्ययन करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कई बदलावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मल्टीडिसीप्लिनरी कॉन्सेप्ट, डीएससी, जेनेरिक इलेक्टिव, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स, वैल्यू एडिशन कोर्स, क्रेडिट सिस्टम, असाइनमेंट, एबीसी आईडी, सेमेस्टर प्रणाली, सतत मूल्यांकन परीक्षा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त अभियान दल के द्वारा 12वीं की परीक्षा समाप्ति के बाद परिणाम घोषणा से पूर्व अर्द्धदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 12वीं के विद्यार्थियों के पालकों, अभिभावकों को आमंत्रित कर महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधा प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति अपने अध्ययन को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# आरक्षण ने बिगाड़ा कांग्रेस और भाजपा के दिग्गजों पार्षदों का समीकरण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com




आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए हुए आरक्षण की बाढ़ में भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गज पार्षद बह गए है। अब वे राजनीतिक गलियारों में अपना ओहदा बनाए रखने के लिए महिलाओं को आगे करने की तैयारी में हैं। बहरहाल आरक्षण से ऐसे पार्षद प्रभावित हुए है, जिनकी आवाज की गूंज परिषद के सदन में दमखम के साथ गूंजती थी। अब ऐसे में या तो उन्हें दूसरा वार्ड तरासना होगा या महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारने होगें। पालिका चुनाव आरक्षण से बिगड़ा समीकरण नई जमीन की तलाश में नेता आरक्षण के साथ ही चुनाव में हिस्सा लेने का सपना संजो रहे लोगों का पूरा समीकरण उलटपलट हो गया है। वहीं कुछ दिग्गज नेताओं के क्षेत्र को नए समीकरण बन गए है। वार्ड के आरक्षण के बाद लोगों का अब अध्यक्ष पद के प्रक्रिया के पूरा होने का इंतजार है। वार्ड के आरक्षण ने भाजपा एवं कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों का समीकरण बिगाड़ दिया है। अब राजनीतिक दलों और दावेदारों को नए सिरे से जमीन तलाश करना पड़ेगा। आरक्षण के चलते कई पार्षद हुए मायूस वहीं लोगों को अध्यक्ष के आरक्षण का इंतजार कर रहे हैं। इस बार नगर पालिका परिषद के आरक्षण इस प्रकार से जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 1 डॉ. भीमराव अम्बेडकर (मुक्त) वार्ड क्रमांक 2 स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह वार्ड अना (मुक्त) वार्ड क्रमांक 3 स्व. चमरानंद वार्ड अना (मुक्त) वार्ड क्रमांक 4 महात्मा गाँधी वार्ड (मुक्त) वार्ड क्रमांक 5 पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड अना (मुक्त) वार्ड क्रमांक 6चन्द्रशेखर आजाद वार्ड अना (मुक्त) वार्ड क्रमांक 7 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड (महिला) वार्ड क्रमांक 8 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड (मुक्त) वार्ड क्रमांक 9 स्वामी विवेकानंद वार्ड (मुक्त) वार्ड क्रमांक 10 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड अना' (महिला) वार्ड क्रमांक 11 सुभाषचन्द्र बोस वार्ड अना' (महिला) वार्ड क्रमांक 12 उत्कल पारा वार्ड अना (महिला) वार्ड क्रमांक 13 सरदार भगत सिंह वार्ड अना (मुक्त) वार्ड क्रमांक 14 रानी दुर्गावती वार्ड (मुक्त) वार्ड क्रमांक 15 गुरु घांसीदास वार्ड स्ट (महिला) के लिए आरक्षित हुआ है। अध्यक्ष के आरक्षण का इंतजार वार्ड आरक्षण के बाद चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों के अलावा आमजनों को अब अध्यक्ष पद के आरक्षण प्रक्रिया और चुनाव तिथि के घोषित होने का इंतजार है। संभावना है कि जनवरी में पालिका के चुनाव हो सकती है। आरक्षण प्रक्रिया के बाद भाजपा एवं कांग्रेस में सक्रियता अब बढ़ने लगी है।

## आयुक्त ने किया निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण, खुश हुए हितग्राही, कहा-साहब आपका बहुत-बहुत धन्यवाद

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के सीमा अंतर्गत क्षेत्र में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना को देखने आयुक्त सुमित अग्रवाल मौके पर पहुँचे।उन्होंने पहले दिए गए निर्देशों के मुताबिक कार्य के प्रगति की समीक्षा किए। औचक निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त अधिकारी/कर्मचारी व एजेंसी के लोग उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने उरला क्षेत्र के बहुत सारे मकान का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान देखे की ऐसे मकान जो प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के तहत में तैयार किया जा रहे हैं, जो की कंप्लीट होने के कगार पर है जिन्हें तीन किस्त जारी हो चुका है। मकान कंप्लीट होने के बाद चौथा किस्त जारी किया जाएगा। आयुक्त ने मौके पर हितग्राहियों से अपील कर कहा जल्द से जल्द अपना मकान पूर्ण करें ताकि उनके खाते में अंतिम किस्त जारी की जा सके। जिस गति से हितग्राही अपना मकान कार्य संपूर्ण करते हैं उस गति से ही किस्त जारी की जा रही है की नही मौजूद अधिकारियों से जानकारी रिपोर्ट मांगी।आयुक्त ने दिव्यांग महिला शतरूपा मानिकपुरी के घर का भी अवलोकन किया, जिनके मकान लगभग पूर्ण होने को है।आयुक्त ने उन्होंने आश्वासन दिया कि मकान पूर्ण होने के दूसरे ही दिन आपको किस्त जारी कर दी जाएगी। आयुक्त ने हितग्राहीयो के मकान पूर्ण होने पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। आयुक्त के निरीक्षण से हितग्राही हुए खुश कहा साहब आपका बहुत-बहुत धन्यवाद दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी घटक एएचपी के लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा जिन ब्लॉकों की लॉटरी हो चुकी है,उसके हितग्राही 50 फीसदी तक राशि जमा कर चुके हैं। उन मकानों के ब्लॉक को समय अवधि में पूर्ण करने कहा। इससे हितग्राहियों को समय अवधि के अंदर मकान में शिफ्ट किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम कार्य मकान

## गरीब परिवारों के लिए उम्मीद की किरण साबित हुई प्रधानमंत्री आवास योजना



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत मचान्दुर की निवासी त्रिवेणी बाई की कहानी संघर्ष और सफलता की मिशाल है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने त्रिवेणी बाई जैसे परिवारों को न केवल एक घर दिया है, बल्कि उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थिरता भी प्रदान की है। यह योजना गरीब परिवारों के लिए एक नई उम्मीद की किरण साबित हो रही है। त्रिवेणी बाई का परिवार बेहद गरीबी में जीवन यापन कर रहा था। पति के विकलांग होने के कारण परिवार पर आर्थिक बोझ और भी बढ़ गया था। त्रिवेणी बाई ने बताया कि जीवन यापन के लिए मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करती थी और घर जुटाने के लिए संघर्ष करती थी। घर कच्चा और जर्जर होने के कारण बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने से हर समय डर लगा रहता था कि घर गिर ना जाए, किंतु हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हम गरीबों का ध्यान रखा और हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए मदद मिलने से हमारी जिंदगी में रोशनी आ गई। इस योजना की सहायता से हमने एक पक्का और सुरक्षित घर बनाया। अब हम बेफिक्र होकर रहते हैं। मेरा परिवार सुरक्षित महसूस करता है, और हमारे बच्चों को भी बेहतर माहौल मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं सरकार की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने हमारे जैसे गरीब और जरूरतमंद लोगों के बारे में सोचा और हमें एक नई शुरुआत करने का मौका दिया। अब हमें भरोसा है कि हमारा भविष्य बेहतर होगा।

## उपार्जन केंद्रों से धान का तेजी से उठाव होने से किसानों के खिले चेहरे

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





शासन की धान खरीदी नीतियों के अनुरूप सुसंगत ढंग से जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। विष्णु के सुशासन में किसानों के हित में लिए गए निर्णय से किसानों के चेहरे खिल उठे है। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव तेजी से होने लगा है। विष्णु सरकार द्वारा लिए गए फैसले से राईस मिलर्स लौट आए है। ट्रांसपोटर्स भी धान का उठाव कर रहे है। अब तक 119 मिलर्स पंजीयन करा चुके है। 82,753 में. टन धान के उठाव के लिए डीओ/टीओ जारी किया जा चुका है। बफर लिमिट केंद्रों में उठाव की वजह से अब धान की मात्रा कम होने लगी है। अब किसानों को धान की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। उपार्जन केंद्रों में धान की ढ़ेरी लगाने पर्याप्त जगह मिलने लगी है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों पर धान खरीदी चल रही है। जिले के पंजीकृत 1,14,778 किसानों में से अब तक 57,239 किसानों से 2,67,268.28 में. टन धान खरीदी की गई है। उपार्जन केन्द्रों में धान के उठाव तेजी आई है। 20,676.00 में. टन धान का उठाव किया जा चुका है। रिसामा धान उपार्जन केंद्र में चिरपोटी ग्राम पंचायत के किसान दौलत साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि उन्होंने 20 क्विंटल धान बेचा है। बिक्री के 72 घंटे के भीतर उन्हें राशि का भुगतान किया गया। कृषक साहू ने बताया मेरे दो बच्चे हैं। बेटी कॉलेज में पढ़ाई कर रही है और दूसरा बेटा पढ़ाई समाप्त कर खेती किसानी में हाथ बटा रहा है। धान बेचने से प्राप्त राशि बेटी की पढ़ाई में लगाऊंगा और कुछ राशि से घरेलू खर्च निकलेगा। कृषक रोशन लाल साहू ने बताया कि उन्होंने 65 क्विंटल धान बेचा है और प्राप्त राशि से माल वाहक गाड़ियों की मजदूरी दी और कुछ पैसे घर खर्च में लगाए है। समिति प्रबंधक ने बताया कि अब तक 645 किसानों ने कुल 24,444 क्विंटल धान बेच चुके है। 6660 क्वि. धान का उठाव मिलरों द्वारा किया जा चुका है। समिति में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है।

## अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी जांच अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने थाना भिलाई नगर जयंती स्टेडियम के पीछे फारेस्ट एवेन्यू में विगत 08 नवम्बर 2024 को घटित पुलिस मुठभेड़ घटना की दण्डाधिकारी जांच हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी भिलाई नगर (दुर्ग) हितेश पिस्दा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो 25 दिसम्बर 2024 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी जिला दुर्ग (कलेक्टोरेट कक्ष क्रमांक 23) में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

## बकायादारों से ऋण वसूली

**दुर्ग।** जिले में राष्ट्रीय निगम/राज्य निगम की विभिन्न स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने ऋण उपलब्ध कराया गया है। ऋण की राशि मय ब्याज के 5 वर्ष में वापसी करने का प्रावधान है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार कथिपय हितग्राहियों द्वारा मासिक किश्त की बकाया राशि जमा करने में रूचि नही ले रहे है। जिससे ऋण कलाकित को गये है। ऐसे डिफाल्टर हितग्राहियों की सूची संबंधित एसडीएम को ऋण वसूली में सहयोग हेतु भेजी गई है। आसन्न नगर निगम/त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के बकायादारों से चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के समय अंत्यावसायी कार्यालय द्वारा जारी ऋण मुक्त (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करने के पश्चात् ही नामांकन दाखिल कराये जाएंगे ताकि डिफाल्टर हितग्राहियों से ऋण वसूली की जा सकें।

## सुशासन के एक साल में श्रमिक भी हुए खुशहाल

### नवीनीकरण के साथ बनाये जा रहे हैं श्रमिक पंजीयन कार्ड



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक वर्ग को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभान्वित करने नये पंजीयन कार्ड बनाने के साथ नवीनीकरण भी किये जा रहे हैं। जिले में निर्माण स्थल, औद्योगिक क्षेत्र तथा श्रमिक बस्ती एवं ग्राम पंचायतों में श्रम शिविर/मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिवस जिले के विभिन्न स्थानों में 07 पंजीयन शिविरों के माध्यम से 94 श्रमिक पंजीयन तथा 23 श्रमिक कार्ड नवीनीकरण किया गया है। इसी प्रकार दुर्ग नगर के श्रमिक बस्ती उरला, बाम्बे आवास में भी श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित कर 66 श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और 30 श्रमिकों का श्रमिक पंजीयन कार्ड वार्ड के स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से श्रमिकों को वितरित किया गया।

## संत थॉमस स्कूल के बच्चों ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में दी मनमोहक प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत लवन स्थित संत थॉमस स्कूल लवन में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शानदार आयोजन रहा। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, विशिष्ट अतिथि आलोक दुबे, अजय ताम्रकार पूर्व पार्षद लवन, गोलू कैवर्त श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला संगठन प्रभारी बलौदाबाजार, योगेश सिंघम प्रदेश जन आवाज न्यूज जिला ब्यूरो बलौदाबाजार, सुरेंद्र बघेल साधना न्यूज कसडोल, जगजीवन नारंगे बलौदाबाजार, अनुराग तिग्गा इंडियन बैंक कसडोल प्रबंधक सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रहा। इस अवसर पर पूर्व मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि के हाथों मोमेंटो से विद्यालय परिवार ने सम्मानित किये। कार्यक्रम में पालको की बेतहाशा भीड़ उपस्थित रहा। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुति देकर सबको प्रभावित किये। विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने कार्यक्रम स्थल से संबोधित करते हुए कहा कि संत थॉमस विद्यालय लवन बच्चों के सर्वांगीण विकास के दिशा में लगातार उत्कृष्ट पहल करते हुए आ रहे हैं। यहां बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं अनुशासन देने की पाठ लगातार विद्यालय परिवार के माध्यम से सिखाया जा रहा है जो अनुकरणीय पहल है। निश्चित ही किसी भी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास केवल शिक्षा एवं अनुशासन से ही संभव है जो यहां आने के बाद दिखाई दिया है। कार्यक्रम के सफल योगदान में प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का अतुलनीय पहल रहा।

## जल्द शुरू होगा सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच बन रहे नए पुल पर आवागमन





### 14 करोड़ रुपए की लागत से शिवनाथ नदी पर बन रहा पुल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच शिवनाथ नदी पर निर्माणाधीन नए पुल का काम पूर्ण होने के कगार पर है। 14 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे पुल का 95 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। अभी पुल के दोनों ओर सीसी रोड निर्माण का काम प्रगति पर है। अगले कुछ दिनों में पुल के ऊपर बीटी वर्क के बाद पुल आवागमन के लिए तैयार हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्ग-धमधा मार्ग को जालबांधा-खैरागढ़ मार्ग से जोड़ने वाली सड़क में शिवनाथ नदी पर सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच 400 मीटर लंबे नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के 12 गांवों की करीब 20 हजार आबादी के साथ ही इस मार्ग का उपयोग कर जिला मुख्यालय दुर्ग, विकासखंड मुख्यालय धमधा, जालबांधा एवं खैरागढ़ की ओर आने-जाने वालों को फायदा होगा। धमधा, ननकट्ठी, सगनी, लिटिया, बोरी और सिल्ली जैसे कई गांवों के लोग अब नदी के उस पार के गांवों में बारहों महीने निर्बाध आवागमन कर सकेंगे। इससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## नगर पालिक निगम छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ ने की कमिश्नर से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ एकजुट होकर कमिश्नर कार्यालय पहुँचे। जहाँ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय मिश्रा एवं महामंत्री अनिल सिंह ने कर्मचारियों के साथ मिलकर कमिश्नर सुमित अग्रवाल से चर्चा कर उन्हें बताया कि कर्मचारियों के भविष्य निधि की राशि जिसकी कटौती वेतन से प्रतिमाह की जाती है। चर्चा में बताया कि नगर निगम कर्मचारियों अधिकारियों का जीपीएफ/एनपीएस लम्बे समय से जमा नही किया गया है। सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए। उक्त राशि को जमा करवाया जाये। कमिश्नर सुमित अग्रवाल को कर्मचारियो ने जानकारी में मांग करते हुए अध्यक्ष संजय मिश्रा एवं महामंत्री अनिल सिंह ने बताया कि नये सेटअप के लिए पुनः शासन को पत्र प्रेषित किया जावें। अनुकम्पा नियुक्ति लंबित प्रकरणों के लिए शासन के आदेश पत्र क0/8428 /3716/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर 17/12/2024 के अनुसार त्वरित कार्यवाही किया जाये, एवं पद की योग्यता अनुसार नियुक्ति दी जावे, एवं संबधित कार्य स्थल पर ही पदस्थापना दी जावे। वर्ष 2008 में दैनिक वेतनभोगी से नियमित हुए कर्मचारियों जिन्हे एनपीएस से शासन के द्वारा नान एनपीएस कर्मचारी माना गया है। उक्त कर्मचारियों का शासन के निर्देशानुसार जीपीएफ खाता खोला गया है।उक्त कर्मचारियों का नाम एवं बैंक खाता सूची बनाकर शासन को अविलंब प्रेषित किया जायें। ताकि उनके एनपीएस खाते मे जमा राशि जीपीएफ खाते में जमा राशि स्थानांतरित हो सकें।विगत 06 वर्षो से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी एवं गरम कपडा नही दिया गया, पूर्व बैठक एजेण्डा में शामिल विषय चर्चा अनुसार जल्द प्रदान किया जावे।

## 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

एचएसआरपी के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के प्रावधानों, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर उच्च सुरक्षा पंजीयन चिन्ह (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य किया गया है, जिसका क्रियान्वयन करते हुए इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला परिवहन अधिकारी श्री एस.एल. लकरा ने बताया कि वाहन स्वामी विभागीय वेबसाइट cgtransport.gov.in के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा दो विक्रेताओं मेसर्स रियल मैजोन इंडिया लिमिटेड एवं मेसर्स रोजमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को निर्धारित दर पर एचएसआरपी लगाने हेतु अधिकृत किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त परिवहन कार्यालयों को जोन के अनुसार वर्गीकृत किया गया है, जहां उच्च सुरक्षा पंजीयन चिन्ह लगाने की प्रक्रिया की जाएगी। यह काम निर्धारित दर अनुसार मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने की कार्यवाही का भुगतान केवल डिजिटल मोड के माध्यम से किए जाएंगे। आटोमोबाईल डीलरों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटरवाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (आवश्यक तीसरी पंजीकरण प्लेट सहित) प्रत्येक इंस्टालेशन हेतु एक सौ रूपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा। घर पहुंच सेवा हेतु अतिरिक्त राशि देय होगा ।

### अखिल भारतीय लोधा, लोधी, लोध महासभा में गूंजा रानी अवंती बाई लोधी की जयकारे, हरियाणा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हो रहे समाज के लोग

## करनाल में लगा छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया का नारा

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय लोधा, लोधी, लोध समाज का राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन हरियाणा प्रांत के करनाल के श्री राम लीला सभा रेलवे रोड स्थित सभा हाल में शुरू हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत महारानी रानी अवंती बाई लोधी सहित समाज के पुरोधाओं का पूजा अर्चना कर किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन वर्मा विधायक उत्तर प्रदेश, कार्यकारी अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया, राष्ट्रीय महासचिव और कार्यक्रम संयोजक सुरिंदर लोधी, राष्ट्रीय उपाध्यक हरिपाल सिंह सहित सभी प्रदेश के अध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद रहे। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जँघेल के साथ अन्य पदाधिकारी भी शामिल हो रहे है। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने छग में समाज के हो रही गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने छग में समाज का जातिगत जनगणना कराए जाने की जानकारी भी राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया। उस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर, दशमत जंघेल अध्यक्ष प्रदेश महिला लोधी समाज छत्तीसगढ़, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुत (बेमेतरा), देवकी वर्मा उपाध्यक्ष जिला महिला लोधी समाज राजनांदगांव, नंदबाबा चंदेल उपाध्यक्ष प्रदेश लोधी समाज छत्तीसगढ़, भारत वर्मा, प्रचार सचिव प्रदेश लोधी समाज छत्तीसगढ़, उत्तम चंद जंघेल अध्यक्ष जिला लोधी समाज राजनांदगांव, अवध जंघेल कोषाध्यक्ष जिला लोधी समाज राजनांदगांव, स्वरूप वर्मा प्रचार सचिव जिला लोधी समाज राजनांदगांव, लखन जंघेल कार्यकारणी सदस्य जिला लोधी समाज राजनांदगांव, रेवा राम वर्मा कार्यकारणी सदस्य जिला लोधी समाज राजनांदगांव, महेश्वर जंघेल कार्यकारणी सदस्य जिला लोधी समाज राजनांदगांव, योगेश जंघेल अध्यक्ष सर्किल लोधी समाज छुईखड़न, बालमुकुंद वर्मा अध्यक्ष सर्किल लोधी समाज पाड़ा दाह, ईश्वरी वर्मा उपाध्यक्ष जिला लोधी समाज राजनांदगांव, मोहन वर्मा उपाध्यक्ष सर्किल लोधी समाज खैरागढ़, मुंगेली जिला युवा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश राजपूत, मूकचंद वर्मा बेमेतरा युवा अध्यक्ष, चंद्रकुमार (बबलू) राजपूत मारो सर्किल अध्यक्ष नेतराम जंघेल सचिव सर्किल लोधी समाज छुईखड़न, नेतराम जंघेल कोषाध्यक्ष सर्किल लोधी समाज छुईखड़न, रोहित वर्मा कार्यकारणी सदस्य जिला लोधी समाज राजनांदगांव, रविंद वर्मा प्रधान सर्किल लोधी समाज घुमका, सेवक राम वर्मा कार्यकारणी सदस्य सर्किल लोधी समाज घुमका, तेजलाल वर्मा कार्यकारणी सदस्य सर्किल लोधी समाज घुमका, सोनू वर्मा कार्यकारणी सर्किल लोधी समाज घुमका, नरेंद्र वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य सर्किल लोधी समाज घुमका, लला वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता सर्किल लोधी समाज घुमका, कु भूमिका जंघेल छात्रा जिला लोधी समाज राजनांदगांव सहित शामिल हो रहे है।

## साजा विधानसभा में सीसी रोड निर्माण के लिए 35.99 लाख रूपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए साजा विधानसभा के 07 कार्यों के लिए 35 लाख 99 हजार 924 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत धमधा मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत पथरिया में खेलावन साहू के घर से सोसायटी तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत डोमा में दुर्गा मंच से दुखवा के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 4 लाख 99 हजार 924 रूपए, ग्राम पंचायत टेकापारा में बल्लू पटेल के घर से पानी टंकी मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत गाड़ाघाट में आदिवासी गोड़ पारा में सीसी रोड निर्माण एवं मेन रोड से स्कूल तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत पुरदा में पूर्व माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष के लिए 5 लाख रूपए, ग्राम सिलतरा ग्राम पंचायत फुंडा में भागवत साहू के घर से शीतला तालाब तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत बिरेझर रिखी सिन्हा के घर से खिलन वर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## संपादकीय

### जाति गणना विवादास्पद विषय

**जाति** गणना एक विवादास्पद विषय है, हालांकि इससे हाशियाकृत समुदायों के उत्थान की आशा भी की जा सकती है। भारत में जाति गणना का विषय लगातार विवादों का कारण बन गया है जिससे देश का जटिल सामाजिक-राजनीतिक ढांचा स्पष्ट होता है। इसके समर्थकों का कहना है कि यह विकास और नीति-निर्माण के लिए जरूरी है, पर आलोचकों ने इससे सामाजिक विभाजन और गंभीर होने का खतरा जताया है। दोनों पक्षों के तर्कों से जहां इसके कुछ महत्व उजागर होते हैं, वहीं चुनौतियां भी स्पष्ट होती हैं। जाति गणना का अर्थ जनसंख्या में जातीय संरचना का डेटा व्यवस्थित रूप से एकत्र करना है। भारत में 1931 के बाद ऐसा समग्र प्रयास नहीं हुआ है, हालांकि जाति देश में सामाजिक-आर्थिक स्थिति का महत्वपूर्ण निर्धारक तत्व बनी हुई है। जाति गणना के पैरोकारों का तर्क है कि यह खासकर ऐतिहासिक रूप से हाशियाकृत समुदायों का समतापूर्ण विकास सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। लोक जनशक्ति पार्टी-राम विलास के नेता चिराग पासवान ने संकेत किया है कि जातियों की संख्या पर सटीक डेटा समुदाय-आधारित विकास परियोजनाओं के लिए विकास योजनायें बनाने तथा उनके लिए फंड आवंटित करने के लिए महत्वपूर्ण है। पासवान द्वारा जाति गणना का समर्थन व्यावहारिक है। लेकिन उन्होंने एक सावधानी बरतने की बात भी कही है। हालांकि, सरकार को ऐसा डेटा एकत्र करना चाहिए, पर उसे सार्वजनिक करने से 'जातीय पहचान' मजबूत हो कर सामाजिक विभाजन गहरे हो सकते हैं।



जाति गणना से विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों पर डेटा मिल जाएगा। यह सूचना प्रभावी सकारात्मक नीतियां और कल्याण कार्यक्रम बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। कुछ समुदायों के साथ हुए ऐतिहासिक अन्यायों तथा व्यवस्थित पृथक्करण के कारण हस्तक्षेप जरूरी हो गए हैं। जाति गणना से आरक्षण नीतियों के वास्तविक लाभार्थियों की पहचान करने में सहायता मिलेगी और इससे पता चलेगा कि उनके इच्छित परिणाम निकले हैं या नहीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्ष ने जोर दिया है कि जाति गणना सामाजिक न्याय का वादा पूरा करने की दिशा में एक कदम होगा। जनसंख्या संरचना की सटीक समझदारी से सरकारें समानुपातिक प्रतिनिधित्व तथा संसाधनों का तदनुसार आबंटन सुनिश्चित कर सकेंगी। लेकिन इसके साथ ही जाति गणना का डेटा सार्वजनिक करने से 'जातीय चेतना' में बढ़ोत्तरी होगी जिससे सामाजिक विघटन तेज हो सकता है। भारत का सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पहले से ही 'पहचान आधारित विभाजनों' का खतरा उठा रहा है, ऐसे में डेटा के दुरुपयोग से विभाजक रेखायें और गहरी होने का जोखिम बढ़ेगा। यह आशंका और भय उचित है कि जाति गणना का प्रयोग राजनीतिक लाभ के लिए हथियार की तरह हो सकता है। ऐसे में असमानताओं को संबोधित करने के बजाय यह डेटा जाति-आधारित लामबंदियों, चुनावी रणनीतियों तथा टकरावों को भी बढ़ावा देगा। जाति गणना का कोई व्यापक कार्यक्रम शुरू करने के पहले इस आयाम पर भी गौर किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, जाति गणना एक व्यापक लाजिस्टिक चुनौती है। ऐसे में डेटा संग्रह और उसके वर्गीकरण की सटीकता अत्यधिक महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इस मामले में कोई गलती विवादों को बढ़ावा देगी तथा इस कार्यक्रम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर सकती है। जाति गणना आवश्यक है और इसे किया जाना चाहिए, लेकिन इस बात पर सावधानीपूर्वक ध्यान देना और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि यह सटीक हो तथा संभावित चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो।

# बांग्लादेश मुक्ति दिवस की विरासत

बांग्लादेश को मुक्ति दिलाने वाला विजय दिवस स्वतंत्रता के उत्सव के साथ ही लोकतांत्रिक व समावेशी आकांक्षाओं को सुरक्षित रखने की चुनौतियां भी स्पष्ट करता है।



**संतोष मैथ्यू**
(लेखक,सह प्रोफेसर हैं)

विजय दिवस का बांग्लादेश के लिए अत्यधिक महत्व है। यह 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में पाकिस्तानी सेनाओं पर विजय तथा बांग्लादेश की मुक्ति याद दिलाता है। हर वर्ष 16 दिसंबर को मनाया जाने वाला विजय दिवस एक संप्रभु राष्ट्र के जन्म तथा आत्मनिर्णय के लिए चले लंबे संघर्ष में विजय का प्रतीक है। इसमें भारत ने केन्द्रीय भूमिका निभाई थी और उसने दक्षिण एशिया में नवीनतम राष्ट्र को जन्म देने में जननी वाली भूमिका अदा की थी। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम न केवल सीमाओं पर चल रहे टकराव को समाप्त होने तक सीमित था, बल्कि इसके क्षेत्र की भू-राजनीति पर पारिभाषिक परिणाम भी सामने आए थे।

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की जड़ें पश्चिमी पाकिस्तान के शासक वर्ग द्वारा पूर्वी पाकिस्तान की व्यवस्थित अनदेखी तथा शोषण में निहित थीं। दशकों से व्याप्त आर्थिक असमानता, सांस्कृतिक दमन व राजनीतिक अधिकारों से वंचना ने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में एक सशक्त आंदोलन की नीव डाली जो स्वायत्तता की मांग कर रहा था।

इस अन्याय की चरम परिणति 25 मार्च, 1971 को सेना द्वारा बर्बर नरसंहार के रूप में सामने आई। 'आपरेशन सर्चलाइट' ने आतंक का एक नया अध्याय खोला जिसमें लाखों लोगों की आकांक्षाओं को कुचलने का प्रयास किया गया, लेकिन इससे जनता का प्रतिरोध और तेज हो गया। अवामी लीग के सबसे बड़े नेता शेख मुजीबुर रहमान इस प्रतिरोध के प्रतीक बन गए। उनके नेतृत्व ने बंगाली जनता को एकजुट कर दिया और स्वतंत्रता का उनका आह्वान लाखों लोगों के दिलों में गूंजने लगा जो बर्बर दमन से अपनी मुक्ति चाहते थे।

इस टकराव के कारण लाखों लोग भारत में शरणार्थी के रूप में आ गए जिससे असाधारण स्वरूप का मानवीय संकट पैदा हो गया। प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत का हस्तक्षेप एक रणनीतिक व नैतिक निर्णय था। भारतीय सशस्त्र बलों ने मुक्ति वाहिनी के समन्वय से काम करते हुए एक संयुक्त कार्रवाई की जिसने केवल 13 दिनों के भीतर पाकिस्तानी बलों को निर्णायक रूप से पराजित कर दिया। 16 दिसंबर, 1971 को ढागा में पाकिस्तानी सेना का आत्मसमर्पण भारतीय इतिहास का एक सर्वाधिक शानदार क्षण है।

लेफ्टीनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा की उपस्थिति में पाकिस्तानी जनरल एएके नियाजी द्वारा आत्मसमर्पण के दस्तावेज पर हस्ताक्षर की छवि दोनों देशों की सामूहिक चेतना में महत्वपूर्ण स्थान पर है। इससे न केवल बांग्लादेश की मुक्ति हुई, बल्कि यह द्विराष्ट्र सिद्धान्त के लिए बड़ा धक्का था जिसने 1947 में भारतीय उप-महाद्वीप का विभाजन कर दिया था। बांग्लादेश के जन्म की दुनिया भर में प्रशंसा हुई, पर इसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति की जटिलताओं को भी उजागर कर दिया। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी कीसिंजर शीतयुद्ध परिस्थितियों के कारण पाकिस्तान के कट्टर समर्थक थे, लेकिन बांग्लादेश की मुक्ति से वे भौचक्के रह गए। दक्षिण एशिया के बारे में निक्सन की कुख्यात टिप्पणी अब भी लोगों को याद है। उन्होंने इसे 'अंतरराष्ट्रीय टोकरी वाला मामला' कहा था। इससे उनके मन में नए राष्ट्र के प्रति पैदा संदेह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होता है।

**सालों तक प्रभुत्व बनाए रखने के बाद शेख हसीना की अवामी लीग सरकार का तख्तापलट देश में एक खाली स्थान का कारण बना है।**

इसके बावजूद बांग्लादेश ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए आत्मनिर्भरता और प्रगति की ओर अपनी यात्रा शुरू की। पिछले पांच दशकों से अधिक समय में बांग्लादेश पूरी तरह से बदल गया है और वह 'दुनिया की गारमेंट फैक्ट्री' कहा जाता है। राजनीतिक अस्थिरता, प्राकृतिक आपदाओं तथा ढांचागत कमियों जैसी शुरुआती चुनौतियों के बावजूद बांग्लादेश एक शानदार आर्थिक वृद्धि के रास्ते पर चला। आज बांग्लादेश दक्षिण एशिया का एक महत्वपूर्ण देश बन गया है और उसकी जीडीपी वृद्धि दर अक्सर पड़ोसियों से आगे निकल जाती है। इस देश ने खासकर जेंडर समानता, शिक्षा और स्वास्थ्यरक्षा जैसे क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनेक टिकाऊ विकास लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता पाई है।

यह उपलब्धि प्रशंसनीय है। यह अन्य विकासशील देशों के लिए माडल बन गया है जो प्रदर्शित करता है कि मानव विकास पर ध्यान केन्द्रित करने तथा रणनीतिक नियोजन से टिकाऊ प्रगति हो सकती है। विजय दिवस न केवल अतीत की विजयों का समारोह है, बल्कि यह भावी चुनौतियों तथा अवसरों की याद भी दिलाता है। दक्षिण एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य 1971 से बहुत विकसित हुआ है। हालांकि, भारत के साथ संबंध मजबूत बने हुए हैं जिसका कारण ऐतिहासिक संबंध तथा परस्पर हित हैं। बांग्लादेश ने चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव' में शामिल होने का फैसला भी किया है। इससे वह अधिकतम आर्थिक लाभ के लिए विदेश नीति में संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

विजय दिवस उन बलिदानों को याद करने का समय है जिन्होंने बांग्लादेश को मुक्त कराने में अपना जीवन अर्पण कर दिया। इस युद्ध में असंख्य स्वतंत्रता सेनानी एवं नागरिकों ने अपना बलिदान दिया। उन्होंनें अपनी वीरता और दृढ़ता से नये राष्ट्र की नीव रखी। बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम ने गहरी स्मृतियां भी छोड़ीं जिनमें पाकिस्तानी सेना द्वारा किए बर्बर अत्याचार शामिल हैं जो लोगों को अभी भी झकझोर देते हैं।

युद्ध अपराध ट्राइब्यूनलों के माध्यम से पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा मुक्ति संग्राम की स्मृतियां याद रखने का संघर्ष भी बांग्लादेश मुक्ति संग्राम तथा विजय दिवस की महत्वपूर्ण विरासत है। बांग्लादेश इस समय एक और विजय दिवस मना रहा है। ऐसे में उसे एक राष्ट्र के रूप में उन उम्मीदों और महत्वाकांक्षाओं को तिलांजलि नहीं देनी चाहिए जिसने उसे दुनिया भर में उल्लेखनीय प्रगति की राह पर पहुंचाया है। शेख मुजीबुर रहमान तथा मुक्ति वाहिनी के सपने अनेक प्रकार से पूरे हुए हैं जिनमें जीवन्त लोकतंत्र, फलती-फूलती अर्थव्यवस्था तथा सक्रिय जनसंख्या शामिल हैं। लेकिन बांग्लादेश में हालिया अस्थिरता ने देश की प्रगति पर काली छाया छोड़ी है।

सालों तक प्रभुत्व बनाए रखने के बाद शेख हसीना की अवामी लीग सरकार का तख्तापलट देश में एक खाली स्थान का कारण बना है। इसके कारण बांग्लादेश में लगातार अनिश्चितता, अशांति और हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। देश में राजनीतिक ध्रुवीकरण बहुत गहरा हुआ है जिसके कारण लोकतंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचने का खतरा पैदा हो गया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों व खासकर हिंदुओं तथा आदिवासी समूहों की स्थिति पर भयानक संकट मंडरा रहा है। बढ़ते सांप्रदायिक तनाव तथा अल्पसंख्यकों व खासकर हिंदुओं के खिलाफ लक्षित हिंसा की खबरें आ रही हैं। ऐसे में बांग्लादेश में सामाजिक ढांचा तथा लोकतांत्रिक सिद्धान्त बनाए रखने के लिए अल्पसंख्यकों के अधिकारों तथा समावेशन पर जोर देना बहुत जरूरी है। विजय दिवस की वार्षिकी हमें उन लोगों की अदम्य इच्छाशक्ति याद दिलाती है जिन्होंने अपने आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए संघर्ष किया तथा अनेकानेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विजय पाई। विजय दिवस स्वतंत्रता के उत्सव के साथ उन लोगों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने अपना बलिदान दिया तथा भविष्य में अपने सपने पूरे करने की कसम खाई। बांग्लादेश की कहानी एक युद्धग्रस्त नवोदित राष्ट्र से फलती-फूलती अर्थव्यवस्था बनने की कहानी है। इस प्रकार वह दुनिया के लिए दक्षिण एशिया में उम्मीदों और आकांक्षाओं का केन्द्र बना हुआ है।

# मजबूत होते भारत-श्रीलंका संबंध

**"जीवन और मृत्यु नवीनीकरण के एक शाश्वत चक्र में गुंथे हुए हैं, जो आत्मा को विकास के अवसर प्रदान करते हैं।"**



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

भारत ने इस सप्ताह अपने सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी श्रीलंका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया, जिससे इस द्वीप राष्ट्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। श्रीलंका के राष्ट्रपति, महामहिम श्री अनुरा कुमार दिसानायका ने हाल ही में हुए राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों के बाद नई दिल्ली की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा की। इस वर्ष की शुरुआत में, राष्ट्रपति दिसानायका ने भी ऐसे समय में दिल्ली का दौरा किया था, जब श्रीलंका का राजनीतिक भविष्य, जिसमें उसके चुनावों का समय भी शामिल था, अभी भी अनिश्चित था। नए राष्ट्रपति वामपंथी पार्टी के सहारे सत्ता में आए, जिसके बारे में माना जाता है कि उसने अतीत में कुछ भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दिया है। हालांकि, नई दिल्ली ने अपेक्षाकृत युवा मार्क्सवादी नेता पर दांव लगाना चुना, ताकि भविष्य में विवेक की भावना की उम्मीद की जा सके। दिसानायका अतीत में भारत और चीन के साथ श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों में एक अच्छा संतुलन बनाए रखने में कामयाब रहे हैं, और किसी भी तरह की गोलीबारी में फंसने की कोशिश नहीं की है।

इस बीच, जबकि हाल के दिनों में चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव में कमी आई है, फिर भी वह सतर्क रहना पसंद करता है। भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों ने भी इस सप्ताह बीजिंग में अपने आपसी द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। ऐसा लगता है कि जनवरी में ट्रम्प प्रशासन के ओवल ऑफिस में वापस आने के बाद, चीन उन देशों के साथ सैन्य तनाव कम करना चाहता है, जिन्हें वह अपना प्रतिद्वंद्वी मानता है।

चीन को पता है कि ट्रम्प अमेरिका को उसके कई निर्यातों पर टैरिफ लगा



सकते हैं और शायद अमेरिका से उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण को और सख्त कर सकते हैं। यह अच्छी तरह से जानता है कि भारत तब तक आर्थिक वार्ता में शामिल नहीं होगा, जब तक कि व्यापक सैन्य मुद्दों को सुलझा नहीं लिया जाता। इसी पृष्ठभूमि में, श्रीलंका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा महत्वपूर्ण हो जाती है। यह याद किया जा सकता है कि चीन ने अतीत में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में जासूसी जहाज (जिसे वह समुद्री अनुसंधान वाहन कहता है) भेजे थे, जिसने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए कई खतरे पैदा किए हैं। चीन श्रीलंका के महत्वपूर्ण बंदरगाहों को भी नियंत्रित करता है, जिसका इस्तेमाल किसी भी सैन्य संघर्ष के दौरान रणनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अपनी अर्थव्यवस्था को बचाए रखने के लिए चीन पर अपने देश की निर्भरता से अवगत हैं, साथ ही, भारत के साथ गहरी द्विपक्षीय साझेदारी को बिगाड़ने की कोशिश भी नहीं कर रहे हैं। भारत में नीति पर नजर रखने वालों के लिए यह जानकर खुशी हुई कि श्रीलंका के राष्ट्रपति ने निर्वाचित होने के बाद दिल्ली को अपना पड़ाव चुना और अपने राष्ट्रीय क्षेत्र का इस्तेमाल भारत विरोधी किसी भी गतिविधि के लिए नहीं करने देने के संबंध में कुछ जोरदार बयान दिए। राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया, भारत और श्रीलंका के साझा सुरक्षा हितों को मान्यता देते हुए दोनों नेताओं ने आपसी विश्वास और पारदर्शिता पर आधारित नियमित संवाद और एक-दूसरे की सुरक्षा चिंताओं को प्राथमिकता देने के महत्व को स्वीकार किया।

भारत श्रीलंका का सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी है, राष्ट्रपति दिसानायका ने श्रीलंका की घोषित स्थिति को दोहराया कि वह अपने क्षेत्र का इस्तेमाल भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए किसी भी तरह से हानिकारक तरीके से नहीं करने देगा। भारत की सुरक्षा चिंताओं का संज्ञान लेते हुए दोनों देशों ने रक्षा सहयोग पर एक रूपरेखा समझौते को समाप्त करने की संभावना आपदा न्यूनीकरण, राहत और पुनर्वास पर श्रीलंका की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए सहायता प्रदान करना, जिसमें प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है; और श्रीलंकाई रक्षा बलों के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण को बढ़ाना और जहां भी आवश्यक हो, अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। इस संबंध का आधार भारत द्वारा श्रीलंका को उदार आर्थिक सहायता देना है, बिना उसे अपारदर्शी, स्वार्थी अवसंरचना ऋण के, जिसके कारण द्वीप राष्ट्र के लिए रणनीतिक बंदरगाहों का नुकसान हुआ है।

# उच्च न्यायपालिका के द्वारा कानून के शासन और संवैधानिक मूल्यों को कायम रखना

**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा क़ानून, 2004 की संवैधानिक वैधता बरक़रार रखी है। साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला ख़ारिज कर दिया है। ध्यातव्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य में मदरसों (इस्लामिक शैक्षणिक संस्थानों) के कामकाज को विनियमित और नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 लागू किया गया था। इसने पूरे उत्तर प्रदेश में मदरसों की स्थापना, मान्यता, पाठ्यक्रम और प्रशासन के लिये एक फ्रेमवर्क प्रदान की। इस अधिनियम के तहत, राज्य में मदरसों की गतिविधियों की देखरेख और पर्यवेक्षण के लिये उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की स्थापना की गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाईचंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार मदरसा शिक्षा को लेकर नियम बना सकती है।

यह फैसला भारतीय मुसलमानों और मदरसों से जुड़े लोगों के लिए संतोषजनक और प्रेरणादायक है। इस निर्णय से देश में न्याय और समानता का संदेश गया है। अदालत ने कहा कि मदरसा एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। जब धार्मिक शिक्षा और अल्पसंख्यकों के शिक्षा के अधिकार की बात आती है तो हम पाते है कि संविधान के अनुच्छेद 30 (1) के तहत अल्पसंख्यक समुदायों को अपने शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उन्हें स्वतंत्र रूप से संचालित करने का अधिकार दिया है। भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च कानून है, और इसके प्रावधान सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। इन संवैधानिक अधिकारों को बरकरार रखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डाला है कि कोई भी कानून, विनियमन या सामाजिक पूर्वाग्रह संविधान के प्रावधानों को खत्म नहीं कर सकता है। यह निर्णय उस कानूनी ढांचे को मजबूत करता है जिसके भीतर अल्पसंख्यक समुदाय काम कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें ऐसे संस्थान बनाने की स्वतंत्रता है जो उनकी अद्वितीय शैक्षिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। संविधान की सर्वोच्चता ही भारत के लोकतंत्र को स्थिरता और सुसंगति प्रदान करती है। ऐसे देश में जहां कई धार्मिक, भाषाई और सांस्कृतिक समुदाय सह-अस्तित्व में हैं, संविधान एक एकीकृत दस्तावेज के रूप में कार्य करता है जो समानता सुनिश्चित करते हुए विविधता की रक्षा करता है। यह निर्णय इस बात की पुष्टि करता है कि न्यायपालिका, संविधान के व्याख्याकार और संरक्षक के रूप में, इसके प्रावधानों से किसी भी विचलन की अनुमति नहीं देगी। ऐसा करके न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि संवैधानिक अधिकारों को कमजोर या समझौता नहीं किया जा सकता है। यह निर्णय यह भी दर्शाता है कि कैसे संविधान को समुदायों को अपने भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। संविधान केवल अधिकारों की रक्षा नहीं करता; यह सामाजिक और शैक्षणिक उन्नति के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करके राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले के माध्यम से, इन अधिकारों की पुष्टि करके अल्पसंख्यक समुदायों को प्रभावी ढंग से सशक्त बनाया है, इस प्रकार सामाजिक प्रगति और न्याय के एक शक्तिशाली साधन के रूप में संविधान की भूमिका को मजबूत किया है। भारत के लोकतंत्र के सबसे बुनियादी पहलुओं में से एक कानून के समक्ष समानता का विचार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित यह सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति - धर्म, जाति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना न्यायपालिका द्वारा समान व्यवहार किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय इस सिद्धांत की क्रियाशीलता का एक ज्वलंत उदाहरण है। शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने के अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार को दोहराकर, न्यायालय ने दिखाया है कि वह राजनीतिक और सामाजिक पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर काम करता है, यह सुनिश्चित करता है कि समुदाय की परवाह किए बिना सभी नागरिकों को न्याय उपलब्ध हो। कानून के समक्ष समानता एक कानूनी अवधारणा से कहीं अधिक है; यह भारत के मूल मूल्यों का प्रतिबिंब है। जब अल्पसंख्यकों को यह आश्वासन दिया जाता है कि वे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं, तो उन्हें न्यायिक प्रणाली पर भरोसा हो जाता है।

**-इशावारासी, जेएनयू**

## बांग्लादेशी मंत्री की हिमाकत

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के सलाहकार महफूज आलम विजय दिवस पर कुछ अतिरेक में नजर आए। भारत पर कब्जे की धमकी के बाद सिरफिरे मंत्री ने फेसबुक पर सबसे पहले पूर्वोत्तर भारत और उत्तरी भारत में रहने वाले लोगों के बीच संस्कृति के आधार पर असंतोष पैदा करने की कोशिश की। फिर विवादित नक्शा जारी किया जिसमें पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया था। आलम ने अपनी पोस्ट में पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में लोगों की संस्कृति धर्म से इतर एक जैसी बताई। बेलगाम मंत्री यहां तक लिख गए कि पूर्वी पाकिस्तान का निर्माण ऊंची जातियों और हिंदू कट्टरपंथियों के बंगाल विरोधी रवैये के कारण हुआ। महफूज आलम ने दावा किया, भारत ने एक नियंत्रण और यहूदी बस्ती कार्यक्रम अपनाया है। भारत से सच्ची आजादी सुनिश्चित करने के लिए, हमें 1975 और 2024 को दोहराना होगा। ध्यान रहे 1975 और 2024 का संबंध बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या और उनकी बेटी को 2024 में अलोकतांत्रिक तरीके से पीएम पद से हटाने से जोड़ा गया है।

**- अमृतलाल मारू, इंदौर**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# यादव समाज का भवन निर्माण भूमिपूजन, मुख्य अतिथि बने भाजपा नेता योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा के ग्राम गोता में समस्त यादव समाज द्वारा आयोजित मंच और भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि भाजपा नेता और सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी थे। तिवारी ने कार्यक्रम में समाज के प्रति अपने विचार साझा करते हुए इस पहल की सराहना की और यादव समाज के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने कहा, यादव समाज ने हमेशा अपने सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को संजोए रखा है। मंच और भवन निर्माण जैसी पहल समाज को संगठित और सशक्त बनाएगी। इस तरह के कार्य समाज के भविष्य को एक नई दिशा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों को इस प्रयास के लिए बधाई दी और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में यादव समाज के प्रमुख लोगों ने योगेश तिवारी का भव्य स्वागत किया और समाज के लिए उनके योगदान को सराहा। तिवारी ने अपने संबोधन में यादव समाज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्माण कार्य सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का काम करते हैं। इस आयोजन में शामिल अन्य विशिष्ट अतिथियों में आजू यादव, सुरेंद यादव, मोहन यादव, सरजू यादव, दुकालू यादव, चमार यादव, जगदीश यादव, गोपाल यादव, बोहरिक यादव, परमेश्वर यादव, हेमचंद यादव समेत यादव समाज के कई प्रमुख लोग शामिल हुए। सभी ने इस पहल की सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। मंच और भवन निर्माण का उद्देश्य यादव समाज को संगठित करना और उनकी सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह भवन न केवल सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी होगा, बल्कि यादव समाज के बच्चों की शिक्षा और अन्य गतिविधियों के लिए भी एक मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न किया गया। इसके बाद समाज के उत्थान और एकता पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले अन्य अतिथियों में आजू यादव, सुरेंद यादव, मोहन यादव, सरजू यादव, दुकालू यादव, चमार यादव, जगदीश यादव, गोपाल यादव, बोहरिक यादव, परमेश्वर यादव, हेमचंद यादव, परघनिया यादव, कली यादव, सत्तू यादव, धीराजी यादव, अर्जुन यादव, केजू यादव, रमेश यादव, नर्सिंग यादव, विदेशी यादव, धनेशी यादव, पुनीत यादव, सूर्यकांत यादव, पुसऊ यादव, अनुज यादव, अरुण यादव, देवा यादव, परदेशी यादव, दुलार यादव, संतोष यादव, मोहित यादव, रोहित यादव, रामविलास यादव, पवन यादव, शिवा यादव, सुरेश यादव, छन्नू यादव, बाहल यादव, पीतांबर यादव, अघनु यादव रहें।



# बिजली बिल से आम जनता को लग रहा झटका : राकेश ठाकुर

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत के पूर्व सदस्य व किसान नेता राकेश ठाकुर ने कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी मनमाने बिजली बिल थमा रही है। ऐसे में बढ़े बिल देख लोगों का ठंड में भी पारा चढ़ रहा है। अधिक बिजली बिल आने पर उपभोक्ता उसमें सुधार के लिए बिजली कंपनी कार्यालय पहुंच रहे हैं।बिजली बिल में सुधार के लिए सुबह से ही बिजली कार्यालय में आम लोगों की कतारें लगी हुई प्रतिदिन देखी जा सकती है। सेलूद क्षेत्र के गांवों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिल में बढ़ोत्तरी होने पर पूर्व जिला पंचायत सभापति राकेश ठाकुर ने कहा कि आम उपभोक्ता को भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उनके जेब में डांका डाल रही है। क्षेत्र में बिजली मीटर लगे करीब 3 माह होने जा रही है। पहले जिन उपभोक्ताओं का बिल 3 से 4 सौ रुपए तक आता था अब 3 से 4 हजार तक आ रही है। अब तो स्थिति ऐसे हो गई है कि लोगों को बिजली का बिल देखकर ही झटका लग रहा है। बढ़े बिजली बिल से सबसे ज्यादा दिक्कत गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय लोगों के सामने संकट खड़ा हो गया है। जिनको एक साथ रीडिंग बिल के नाम पर 4 से 5 हज़ार रुपए का बिल थमा दिए गए हैं। पहले ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों को अब अपने घर परिवार का खर्च वहन करने का संकट है और उनकी जेब में काम बंद होने के कारण पैसा तक नहीं है। वे लोग 4 से 5 हजार रुपए के बिजली बिल कैसे भरेंगे।

# 75 किमी बाइक रैली निकालकर 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए दिया आमंत्रण

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया व गायत्री परिवार भिलाई-दुर्ग उपजोन के नेतृत्व में गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया में 25 से 28 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने विशाल बाइक रैली निकालकर क्षेत्र के परिजनों को आमंत्रित किया गया। बाइक रैली प्रभारी रमाकांत साहू ने बताया शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होने जा रही है जिसकी तैयारी में पूरे क्षेत्र के लोग दिनरात जुटे हुए हैं। क्षेत्र के परिजनों को सक्रिय करने के साथ ग्रामीणों और नगरवासियों को आमंत्रित करने लगभग 75 किमी का विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली की शुरुआत कोड़िया गायत्री प्रज्ञापीठ में वैदिक मंत्रों से वाहन पूजन, स्वयंसेवकों का स्वागत एवं मशाल ध्वज दिखाकर लगभग 100 बाइक सवारों ने हनोदा, खम्हरिया, धनोरा, बोरसी, पोटिया, पुलगांव, कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, चंदखुरी भाठा, कुथरेल, अंडा, जजंगिरी, रिसामा, चिरपोटी, कातरो, मातरोडीह, बोरीगारका, करगाडीह, उतई, पुरई, कोकड़ी, भानपुरी के गली-चौराहों में निमंत्रण देते हुए यज्ञ में शामिल होने निवेदन किया। मीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज और युवराज साहू ने बताया कि यज्ञ आयोजन करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त निर्देशों के आधार पर युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है। प्रयाज के क्रम में अबतक 40 से ज्यादा गांव व वार्डो में प्रभातफेरी, 24 से ज्यादा गांवों व वार्डों में दीप महायज्ञ, गांव के 300 घरों में अन्नघट की स्थापना, 7000 से ज्यादा साहित्यों का वितरण, डेढ़ लाख गायत्री मंत्र लेखन हेतु पुस्तिका वितरण, 24 गांवों में दीवाल लेखन, पौधरोपण, स्कूली बच्चों की कार्यशाला, कार्यकर्ता गोष्ठी सहित अनेक गतिविधियां संचालित की जा चुकी है। बाइक रैली में गायत्री परिवार दुर्ग ब्लॉक समन्वयक डॉ एन के सिन्हा, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू, डॉ पी एल साव, अनीता साव, गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू, गोवर्धन साहू, युवराज साहू, हिमांशु साहू, जितेंद्र सोनी, आदित्य भारद्वाज, रवि साहू, ईशु साहू, चिरंजीव निषाद, टेमन साहू, टोलेश्वर साहू, भेषराम, सोनू निषाद, राज्ञ निषाद, नितिन गुप्ता, गिरधर साहू, राजेश साहू, तुलाराम साहू, मन्नू लाल साहू, नरेश वर्मा, हेमंत साहू, नरेंद्र साहू, नरेश साहू, गौरव, सागर साहू, निखिल साहू, प्रेरणा साहू, आरती निषाद, गीतांजलि, यामिनी, दिव्या, रोशन साहू, हिमांशु भारद्वाज सहित क्षेत्र के विभिन्न गांव के युवा गायत्री परिजन विशेष रूप से उपस्थित थे।



# उड़ीसा के पंचायत प्रतिनिधियों ने पतोरा का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

उड़ीसा राज्य के पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का छत्तीसगढ़ राज्य के उत्कृष्ट पंचायत के अध्ययन भ्रमण के लिए जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत पतोरा पहुंचे।, जिसमे एस आई आर डी ओडिशा स्वाति तन्मया मिश्रा, चिरंजीबी मोहराना, चैतन्य जानी, जालंधर नायक, मुना पद्मिनी, गोपीनाथ मोहराना, प्रदीप कुमार बारीक रमेश साबर, ऋतु प्रभा गोम्नगा, सामरी तंगुलु, शिबानी मंगराज, श्रीराम प्रसाद मोहंती, सुदर्शन कापे, सुंदरू पीडिका, तपन कुमार चक्रबती सरपंच, जी पी डी ओ गोपाल चंद्र मिश्रा, हेमंता कुमार भुयान, स्वागतिका गोपाल, पी ई ओ धीरज कुमार साहू, हर्षित धाली, राजलक्ष्मी सिंह, राजेश कुमार पटनायक, राकेश कुमार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष रायगड़ा सामरी तंगुलु, जिला पंचायत खोरधा उपाध्यक्ष गोपीनाथ मोहराना, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती मांझी, रघु जानी, चेयरपर्सन पी एस दाऊद खरा, काईना किंबका, राजेस्वरी किलो, द्वारा फिक्ल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, सेग्रिगेसन यार्ड, सामुदायिक शौचालय, मृत पशु समाधि, एको ब्रिक्स, बर्तन बैंक, पुस्तकालय, पंचायत भवन का भ्रमण किया उड़ीसा से आये जनप्रतिनिधियों एवम अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में हुए निर्माण एवम विकास कार्यो की सराहना की इस तरह से आगे आकर कार्य करने वाली कम ही पंचायत है। ग्राम पंचायत पतोरा की कार्यवाहक सरपंच तनुजा साहू ने अथितियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया एवम ग्राम पंचायत की अथिति देवो भव के अनुरूप कलम भेंट किया गया, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन स्वेता यदु, हलधर देवांगन, सचिव महेंद्र साहू, वरिष्ट आंतरिक लेखापरीक्षण एवम करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत पाटन सी एल भुआर्य, पंच कुमारी साहू, रूखमणी ठाकुर, मालती ठाकुर, देवसर देवांगन, गोपेश साहू सहित समूह की महिलाएं आदि उपस्थित थे।



# सर्वसम्मति से डोमेंन्द्रे बने बेरला भाजपा मंडल अध्यक्ष

## बेमेतरा जिला के 11भाजपा मंडल में से 10 मंडल अध्यक्ष की नाम घोषित

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला रेस्ट हाउस में बैठक में भाजपा बेरला मंडल अध्यक्ष के रूप में सभी के उपस्थिति में सर्वसहमति से सभी के रायसुमारी से डोमेन्द्र सिंह राजपूत को नियुक्त किया।नाम के घोषणा के साथ ही सभी हाल में बैठे कार्यकर्ता एक साथ ताली बजाकर निर्णय का स्वागत किया सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दिया। ओमप्रकाश जोशी ने कहा मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र बन गया। परन्तु बैठक में बैठे एक एक कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष बनने की योग्यता रखता है। और उनका ही परिणाम रहा कि पूरे जिले में बेरला मंडल हमेशा अव्वल रहा।भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य 'संगठन ही शक्ति है' के भाव को लेकर चलता है। अवधेश सिंह चन्देल ने कहा बेरला मंडल के एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के दिये कार्य को बड़े बखूबी के साथ निभाया वही अध्यक्ष के रूप में सभी के मार्गदर्शन सभी को साथ लेके बलराम पटेल ने काम किया जिसका परिणाम हमने विधानसभा लोकसभा के चुनाव में बेरला मंडल में बड़ी जीत दर्ज की है। डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने भाजपा प्रदेश जिला नेर्तृत्व विधायक दीपेश साहू जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा जनपद अध्यक्ष प्रीतम सिंह चन्देल पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल सहित सभी कार्यकर्ता का धन्यवाद किया वही सभी के सहयोग से जिस प्रकार हमने विधानसभा और लोकसभा में भाजपा का परचम लहराया है हम नगरीय निकाय व पंचायत में भाजपा जीत दर्ज करे इसके लिए हम सब मेहनत करेंगे। इस अवसर पर मंडल चुनाव अधिकारी अमृतलाल माहेश्वरी जनपद अध्यक्ष प्रीतम चन्देल पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल जिला पंचायत सभापति पुष्पा साहू गौकरण साहू, रोहित महेश्वरी, संजीव तिवारी, एन के तिवारी, संतोष साहू, मानक चतुर्वेदी, नीरज राजपूत, जगदीश, बिसन साहू, कुर्रे, सेवा साहू, सुरेश वैष्णव, कविता जैन, जित्तू जैन, शिवझड़ी सिन्हा, बलराम यादव, कन्हैया सेन, प्रहलाद वर्मा, नारायण पटेल, सिम्पू परगनिहा, खम्मन श्रीवास, अजय शर्मा, मनोज राजपूत, किशुन साहू,दीक्षांत साहू, पेखन साहू, डामन साहू, शक्ति सिंह, उकेन्द्र साहू, रमेश साहू, चम्पेश्वर साहू, जीवन ओगरे, रौनक बघेल, एवन यादव, प्रमोद गुप्ता, पुरुषोत्तम यादव, रविन्द्र वर्मा, गोवर्धन यादव, हरेंद्र यादव, ओमप्रकाश साहू, कृष्णा शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**जिला बेमेतरा के 11 मण्डल में 10 मंडल के अध्यक्षों की घोषणा**

बेमेतरा जिला के 11 भारतीय जनता पार्टी मंडल में से 10 मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी हो गई है इस संबंध में जानकारी देते हुए बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला बेमेतरा के मंडल अध्यक्ष हो गई है जिसमें नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बेमेतरा ग्रामीण के गजानंद साहू,बेरला डोमेन्द्र सिँह राजपूत, भिभौरी सूर्यकांत नायक,साजा बुलाक साहू, परपोड़ी नारद वर्मा,थानखम्हरिया केशव पटेल,नवागढ़ तुकाराम साहू, खंडसरा गया राम चंद्राकर,बालसमुंद हेवेंद्र वैष्णव,मारो राकेश राजपूत है केवल बेमेतरा शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष का नाम की घोषणा होना बाकी है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए कर रही कार्य : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उप मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को सम्मानित किया





पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूरा होने पर जनादेश परब में प्रशासन गांव की ओर के तहत बोड़ला में एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी और उन्नत कृषकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुशासन के एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल जनादेश परब के तहत आज उप मुख्यमंत्रीविजय शर्मा मुख्य कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को साल, श्रीफल, और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने विष्णु के पाती संदेश का वाचन किया और किसानों को वितरण किया। उपमुख्यमंत्रीशर्मा ने लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि, जिला सहकारी बैंक और उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। कृषक संगोष्ठी में कृषि से जुड़े विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। जिसमें शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारियां किसानों को दी गई। कार्यक्रम में 11 कृषकों को स्वाइल हेल्थ कार्ड वितरण, उद्यान विभाग द्वारा 10 कृषकों को सब्जी बीज वितरण, 4 कृषकों को मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में राज्य गौसेवा आयोग अध्यक्षबिसेसर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्यराम कुमार भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहू, पूर्व विधायकअशोक साहू, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायतविदेशी राम धुर्वे, नितेश अग्रवाल, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, बरसाती लाल वर्मा,डॉ रुपनाथ मानिकपुरी, काशी राम उइके, मंगलू राम परते, गुलाब साहू, विजय पाटिल, नरेश चन्द्रवंशी, बजरहा पटेल सहित अन्य जनप्रतिनि एवं सैकड़ो के संख्या में किसान भाई उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विकासखंडों में किसान सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों से संवाद स्थापित करना और उन्हें सरकार की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार किसानों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्रीशर्मा ने कहा कि इस बार 1 लाख 60 हजार मेट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। बोनस की राशि एकमुश्त प्रदान की जा रही है। सरकार बनने के बाद पिछले वर्ष 25 दिसंबर 2023 को दो वर्षों का बोनस किसानों के खातों में जमा किया गया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिन उपार्जन केंद्रों में धान उठाने में हो रही देरी का निराकरण किया जा रहा है।

**पानी के लिए ख़ुशी इतनी की ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी की आरती के लिए उमड़ी महिलाएं**

# आजादी के 70 साल बाद घटोली वासियों को मिलेगा अब मीठा पानी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत आंदू के आश्रित ग्राम घटोली में मीठे पानी का इन्तिजार आजादी के सात दशकों बाद पूरी हुई ,घटोली के ग्रामीणों के लिये ख़ासकर महिलाओं के लिए तो यह अमृतकाल ही है, ग्राउंड वाटर में कैलिशयम अधिक होने की वजह से बोरवेल के पानी से दाल गलती नहीं थी और नतीजतन दो किलोमीटर दूर मोटर सायकल ट्रेक्टर पैदल या साइकल से पानी ले के आना महिलाओं और युवाओं के दिनचर्या का हिस्सा और नियति भी बन गई थी । ज़िला खनिज न्यास के मद से 19.31 लाख स्वीकृत होने के बाद जब ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी माटी पूजन के लिए पहुँची तो गाँव की महिलायें पूजा की थाल सजाये ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी की आरती के लिए उमड़ पड़ी, ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि ज़िले के मंत्री दयाल दास बघेल के रहते विकास कामों में कोई कमी नहीं आएगी उनके चित्त और चिंतन में नवागढ़ विधानसभा के विकास ही बसा है ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ज़िले के मुखिया जगदीश प्रसाद गौंड,अधिकारी संतोष नायक और उपभियंता सिन्हा का सहयोग अभिनंदनीय है पूरी तकनीकी दिक़्क़तो को दूर करते हुए घटोली के लिये मीठे पानी लाने के लिए हर स्तर पर जा कर प्रयास किया है ,अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि क्षेत्र के सांसद विजय बघेल और मंत्री दयाल दास बघेल के डबल इंजन के सरकार के रहते विकास के काम भी डबल गति से होंगे, आने वाले चुनावों में भाजपा के स्थानीय प्रतिनिधियों को जिताकर आप सब को अपने क्षेत्र के विकास के डिब्बों याने जनप्रतिनिधियों को उस डबल इंजन की सरकार में जोड़ना है। सरपंच संजय जोशी की तारीफ़ करते हुए कहा कि राजधानी में पत्रकारिता के अपने चमकदार कैरियर को छोड़ संजय ने अपने गाँव को चमकाने का विकल्प चुना है,पूर्व सरपंच चन्दा बाई, हेमलाल साहू,पंच संतोष टण्डन, कांति टण्डन, विदेशीं साहू, सहित महिला पंचो ने अतिथियों का अभिनंदन किया, ज़िला पंचायत सदस्य निर्वाणी ने उपस्थित पी एच ई अधिकारियों से कहा दो किलोमीटर लंबे पाइप लाईन बिछाने और टंकी निर्माण के गुणवत्ता में कोई समझौता न हो इसका विशेष ध्यान रखे, एस डी ओ संतोष नायक ने भी ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा अब घटोली की दाल भी गलेगी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के भगीरथ प्रयास के लिए आभार जताया।

# नील गाय के शिकार करने वाले आरोपियों को वन विभाग के टीम ने पकड़ा





पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा अंतर्गत मोहनपुर परिसर कक्ष क्रमांक पी.एफ 258 में अवैध शिकार करने वाले आरोपियों को पकड़कर जुडिशियल रिमांड पर भेजा गया। वनमंडलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम मोहनपुर के निवासी प्रताप वल्द मेहतर नेताम के निवास पर सर्च वारंट ज़ारी कर जांच समिति के द्वारा दबिश दी गई। तलाशी के दौरान प्रताप वल्द मेहतर नेताम के घर के अंदर से जंगली जानवर का मांस, जबड़े के टुकड़े, मांस को काटने-फाड़ने और छोटे-छोटे टुकड़े करने के लिए प्रयुक्त औजार पेंसूल बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान प्रताप के द्वारा बताया गया कि मेरे साथ मुंशी वल्द जनार्दन यादव, अनिल वल्द गोकर्ण नेताम तथा एक अन्य विश्वनाथ वल्द महावीर ने जंगली जानवर की शिकार को अंजाम देने के लिए वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के मोहनपुर परिसर से लगे जंगल पी.एफ 258 में करंट तार बिछाकर जंगली जानवर (नीलगाय) का शिकार किया तथा टांगिया और पेन्सूल की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़े कर आपस में बांट लिया। शिकार में प्रयुक्त टांगिया को अनिल की निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया। जाँच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर जंगल के भीतर से उन स्थानों को दिखाया गया जहां पर आरोपियों ने करंट फैलाने के लिए प्रयुक्त तार को छुपाया था। उस रास्ते को दिखाया गया जिस रास्ते पर वह करंट तार बिछा कर शिकार किया गया। उन जगहों की भी शिनाख्ति की गई जिस स्थान पर उन्होंने जानवर को काटा था और टुकड़े कर आपस में बांटा था। संरक्षित वन क्षेत्र में करंट तार बीछाकर शिकार करने के अपराध में आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत पी.ओ.आर क्रमांक 20735/14 17.12.2024 जारी कर 19.12.2024 को प्रताप वल्द मेहतर नेताम, मुंशी वल्द जनार्दन यादव, अनिल वल्द गोकर्ण नेताम को गिरफ्तार कर जिला जेल कवर्धा में जुडिशल रिमांड में भेजा गया है एक अन्य विश्वनाथ वल्द महावीर की गिरफ्तारी अभी शेष है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

# शादी मे एक जीवन खप जाता है वहां सेवा सुगंधम का 17 वाँ परिण्य संस्कारोत्सव सराहनीय: अग्रवाल

## 17 वाँ परिण्य संस्कारोत्सव सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण सीमित के तत्वाधन मे रायपुर स्थित ग्राम टेकारी के क्लासिक सिटी मे 17वाँ पुत्री परिणनय संस्कारोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**पंडवानी गायक फूल सिंह कन्नौजे ने मनमोहक प्रस्तुति से बांधा समा**

जय सिध्देश्वर मानस परिवार देवर तिल्दा द्वारा महाभारत काल के संगीतमय कि सुन्दर प्रस्तुति प्रस्तुत कर फूल सिंह कन्नौजे ने कार्यक्रम के समा को बांधे रखा।

**परिण्य संसकारोत्सव मे वर वधु को आशीर्वाद देने पहुचे विशिष्ट अतिथिगण**

सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति के तत्वावधान मे आयोजित सौ.कां. किरण संग संजय के परिण्य संसकारोत्सव मे विशिष्ट गण भी इस मंगलमय कार्यक्रम के साक्षी बने, जिसमें मुख्य रुप से समाज सेवी बसंत अग्रवाल ख्याति प्राप्त गीतकार कवि मीर अली मीर राजीव अग्रवाल प्रदेश कोषाध्यक्ष अध्यक्ष धर्म प्रसार विश्व हिन्दु परिषद नरेश, अग्रवाल, प्रमोद बंसल, आशीष नौकरानी, मोनू अग्रवाल सहित आदि लोगो सहित क्लासिक सिटी के गणमान्य जन उपस्थित थे।

कार्यक्रम के उदबोधन मे गीतकार व कवि मीर अली मीर ने सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण सीमिति के संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय के जनकल्याण से जुडे हुये कार्यों कि सराहना किया जो कि सामाजिक कल्याण के पथ पर 1993 से निरंतर चलते आ रहे है। कवि मीर ने कहा कि हमे अपने धर्म संस्कृति व संस्कार को नही भूलना चाहिए।

**परिण्य संसकारोत्सव मे मुख्य अतिथि बसंत अग्रवाल को जन्म दिन कि बधाई**

कार्यक्रम के अतिथि राजीव अग्रवाल सेवा सुगंधम जनकल्याण समिति द्वारा मुख्य अतिथि बसंत अग्रवाल को उक्त तिथि पर जन्म दिन कि बधाई व शुभकामनाएं व कहा सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था लगातार 30 वर्षो से सामाजिक जनकल्याण के राहों मे अग्रसर है व उनके द्वारा समय समय पर आयोजित कार्यक्रम मे आमंत्रण प्राप्त होता है जो कि कार्यक्रम उपस्थिति गरिमामय मे रहता है। वही मीर अली मीर ने अपने रचनाओं से समाज के भटकाव को अपने धार्मिक रचनाओं के माध्यम से एकजुट किया है।

**बसंत अग्रवाल समाज सेवी ने परिण्य संस्कारोत्सव को सराहा**

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि बसंत अग्रवाल समाज सेवी ने सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति के आयोजन को सराहते हुये कहा कि यह आयोजन गौरान्वित करने वाले पुण्य आयोजन है। एक आम आदमी अपने बिटिया के शादी हेतु जीवन भर परिश्रम कर पूंजी एकत्र कर शादी करता है। परंतु सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था द्वारा लगातार परिण्य संसकारोत्सव के माध्यम से गरीब निर्धन कन्या का विवाह सामाजिक रितिवाज के साथ कराया जाना सराहनीय है और यह पुण्य कार्य ऐसा ही चलता रहे मेरी शुभकामनाएं है। वर वधु को मिला सभी पक्षों से आशीर्वाद एवं गृहस्थी का सामान सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति से मनीष शुक्ला, ईश्वरी देवांगन, सुरेश दीवान नंदन सिंह, पारस साहू, प्रहलाद साहू, धनेश केवट, शंकर राव, राजेंद्र पांडे, प्राची विनित उपाध्याय, नवल भाई, सुरेश आचार्य विनोद राजपूत, शिशिर शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, विनीता मुख्य रूप से उपस्थित थे। परिण्य उत्सव के दौरान उपस्थित वर वधुओं को क्लासिक सिटी के गण्यमान्य जनो सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिये बृबोध सतपति के द्वारा वर वधुओं का स्वागत शंखनाद के माध्यम से किया गया।

# राज्योत्सव में लिटिल फ्लॉवर के बच्चों को मिला पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



विगत दिनों जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन कलेक्टर ग्राउंड जेठा में किया गया था, स्थानीय लिटिल फ्लॉवर हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने भी उक्त कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुति दी थी। जिसमें उन्हें शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया, कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों एवं सहयोग देने वाले शिक्षक शिक्षकों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला क्रीड़ा अधिकारी राज एवं जिला व्यायाम शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने प्रमाणपत्र एवम शील्ड प्रदान किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा क्रीड़ा अधिकारी राज सर ने कहा कि आपके उत्साह एवं शिक्षक शिक्षकों के सहयोग से ही विभिन्न कार्यक्रम सफल होते हैं। आप लोग इसी प्रकार आगे के कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर भाग ले। इससे आपका सर्वांगीण विकास होता है। पुरूस्कार प्राप्ति पर विद्यालय के संचालक मोहम्मद अनीस शेख एवं टी.पी.उपाध्याय एवं प्रिंसिपल संध्या सोनी सहित विद्यालय परिवार में हर्ष है। उक्त कार्यक्रम निक्की राठौर, रश्मि यादव, संगीता पटेल एवं इंदु पटेल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था।

## 4 से 06 जनवरी तक होंगा सदगुरु रितेश्वर महाराज का तीन दिवसीय प्राकट्य महोत्सव

**सक्ती।** राट्रीय सन्त आनंदम धाम वृन्दावन के पीठाधीश्वर सदगुरु रितेश्वर महाराज का प्राकट्य महोत्सव उनके अनुयायियों द्वारा देश के किसी भी हिस्से में मनाया जाता रहा है इस सम्बंध में आनंदम धाम से जुड़े रितेश्वर महाराज के अनुयायी अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने बताया कि लम्बे अरसे बाद उनका छत्तीसगढ़ पदार्पण हो रहा है। इस वर्ष 4 से जनवरी से 6 जनवरी तक जांजगीर के आगे रास्ट्रीय राज मार्ग में अमरताल स्थित आनंदम धाम में मनाये जाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों से गुरुभाइयों अनुयायियों के लिये रुकने एव कार्यक्रम स्थल तक आने जाने की व्यवस्था जांजगीर नैला में आयोजन समितियों द्वारा किया जा रहा है तीन दिवसीय प्राकटय महोत्सव में आने वाले लोगो का पंजीयन पहले से किया जा रहा ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो 4 जनवरी को सद्गुरु देव के आगमन के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का समय निर्धारित किया गया है।




# विश्व ध्यान दिवस पर विशेष आयोजन आध्यात्मिक उन्नति में सहायक है ध्यान: इंद्रा

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर विजय नर्सरी हायर सेकंडरी विद्यालय में सहज एवं योग निद्रा-ध्यान, योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय द्वारा कराया गया। इस अवसर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ मोटिवेशनल स्पीकर चंदन केवट, छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के योग प्रशिक्षक विवेक कुमार तिवारी, विद्यालय की संचालिका एवं समाज सेविका इंदिरा सेंगर, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के डायरेक्टर संजय सेंगर उपस्थित थे। विश्व ध्यान दिवस की जानकारी देते हुए पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा के द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया गया जिसका उद्देश्य आंतरिक चिंतन और ध्यान के द्वारा विश्व कल्याण की भावना को विकसित करना है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। इस प्रकार अब भारत में 21 दिसंबर को प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा घोषित विश्व ध्यान दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित इंदिरा सिंगर ने व्यक्ति की मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति में ध्यान को सहायक बताते हुए, दैनिक दिनचर्या में ध्यान को हिस्सा बनाए जाने की अपील की। चंदन कुमार केवट ने मन की शांति और आत्मिक संतोष से ज्ञान को जोड़ते हुए कहा कि इसे हर उम्र का व्यक्ति ध्यान कर सकता है। ज्ञान हमें स्वयं से साक्षात्कार करता है और भीतर के गहराइयों में ले जाता है मोटिवेशनल स्पीकर चंदन केवट ने पतंजलि योग समिति के संयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा की मानसिक शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए महर्षि पतंजलि ने भी अष्टांग योग में ध्यान की व्याख्या की है।अपने व्याख्यान में योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने त्राटक ध्यान, निर्गुण ध्यान सक्रिय ध्यान, प्रकृति ध्यान ,मंत्र ध्यान सहज ध्यान एवं योग निद्रा ध्यान का विस्तृत परिचय दिया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विवेक कुमार तिवारी द्वारा दीप योग एवं कठिन आसनों का शानदार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश मिश्रा द्वारा किया गया एवं आमंत्रित आभार आमंत्रित अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के संजय सेंगर द्वारा किया गया। ध्यान के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नरेश गेवाडीन ने 14 लाख रूपये से बनने वाली दो आरसीसी नाली निर्माण का किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



पानी निकासी को लेकर कई वर्षों से समस्या बनी हुई थी, वार्ड वासियों की समस्याओं को देखते हुए रीना गेवाडीन वार्ड पार्षद के प्रयास से आरसीसी नाली निर्माण स्वीकृत कराया गया जिसका भूमि पूजन नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन के हाथों संपन्न हुआ विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने कहा विधायक विधायक चरण दास महंत एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल के नेतृत्व में शक्ति नगर में विकास की गंगा बह रही है नगर पालिका क्षेत्र शक्ति में उनके पूर्व कार्यकाल एवं वर्तमान कार्यकाल में नगर के प्रत्येक गलियों में सीसी रोड नाली निर्माण जैसे अनेक विकास के कार्य कराए जा रहे हैं उनके मार्गदर्शन पर नगर में विकास करने के लिए हमारे द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है जिससे नगर में सुचारू व्यवस्था हो और आम जनों को किसी भी प्रकार की सड़क नाली पानी की समस्या ना हो आगे उन्होंने कहा नगर में पानी निकासी की व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड क्रमांक 17 में दो नाली निर्माण कार्य शुरू किये गये है। बरसात के मौसम में वार्ड वासियों को पानी निकासी को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था उनके घरों में पानी घुस जाते थे उनके द्वारा हमें पानी निकासी की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर महंत जी के प्रयास से पानी निकासी की समस्याओ से वार्डवासियों को झुटकारा दिलाने नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत नाली निर्माण के कार्यो को प्राथमिकता से लेते हुए नगर के विभिन्न वार्डो में निर्माण कार्य किये जा रहें हैं। समय-समय पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत के द्वारा नगर के वार्ड वासियों से मिलकर उनकी समस्याओ के अनुसार कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है । इसी परिप्रेक्ष्य में नाली निर्माण कार्य का भूमि-पूजन वार्ड नंबर 17 में 5 लाख रूपये से आर सी सी नाली निर्माण आंबेडकर चौक से सोंठी चौक तक एवं 9 लाख रूपये से अमीन किराना से महामाया ट्रेडर्स तक होगा। भूमि-पूजन के अवसर पर नगरपालिका विधायक प्रतिनिधि नरेश के गेवाडीन पूर्व पार्षद मनोहर खूंटे ताहिर खान शिव प्रधान जीवनलाल सुरेश डेंसिल गणेश दास इंजिनियर सहित दर्जनों वार्ड एवं नगर की जनता की उपस्थित में संपन्न हुआ।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव में कुमारी ज्योति कुर्रे वक्तत्व कला में प्रथम



**जांजगीर-चांपा।** ला.ब.शा.उ.मा. विद्यालय बम्हनीडीह की छात्रा कुमारी ज्योति कुर्रे ने विकासखंड बम्हनीडीह से प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 में वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण) प्रतियोगिता में पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की है तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है। कुमारी ज्योति कुर्रे वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण) की विधा में जांजगीर चांपा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी। कुमारी ज्योति कुर्रे (कक्षा 12वीं) को संस्था के प्राचार्य एस पी तिवारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्यामलाल डडसेना शिक्षक ए के डडसेना, सी डी पटेल, सम्मेलाल डडसेना, आलोक पटेल, प्रमोद पटेल ,बी डी वैष्णव, शैलेश पटेल, डी के पांडेय, श्वेता शिंदे, पार्वती महंत, नवधा पटेल, सत्येन्द्र चौहान आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं इसके पूर्व भी बोलेगा बचपन के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता में कुमारी ज्योति को जिले में प्रथम स्थान तथा सुपर गर्ल्स के अंतर्गत कविता प्रतियोगिता में जांजगीर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।

## वृद्धजनों का किया गया सम्मान



**मनेन्द्रगढ़।** वी क्लब ने वृद्ध जनों का किया सम्मान और उनके साथ पिकनिक जैसा माहौल बना कर समय बिताया। क्लब की अध्यक्ष श्वेता पोद्दार ने बताया कि हमारे क्लब के सभी सदस्य हमेशा ही वृद्धजनों का सम्मान करते हैं और उनकी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करते रहते हैं। इन गतिविधियों से हमें आत्मिक शांति भी मिलती है। समय-समय पर वृद्ध आश्रम भी जाते हैं और वहां खेलों का आयोजन करते हैं, उनकी पसंद का नाश्ता और जरूरी सामान भी प्रदान करते हैं। क्लब की सदस्य वर्षा जिनका सब्जेक्ट वृद्ध जनों की सेवा था, उनके मार्गदर्शन में सभी ने मिलकर वृद्ध जनों का सम्मान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, क्लब की एरिया ऑफिसर पम्मी अरोड़ा भी सबके साथ इस सेवा गतिविधि में शामिल थीं। अरोरा ने क्लब की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुये हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। पिपरिया में वर्षा अग्रवाल के फार्म हाउस में वृद्धजन सेवा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्षा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृद्ध जनों का सान्निध्य हमें जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को सिखाता है। वृद्ध हमारे समाज की अनमोल धरोहर हैं और उनके साथ समय बिताने से हमें उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिलता है।

# 31 लाख रुपये की हुई वसूली: बिजली विभाग ने चलाया सघन बकाया बिल वसूली एवं लाइन विच्छेदन अभियान

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित लिमिटेड द्वारा लगातार ऐसे विद्युत उपभोक्ता जो कि समय पर बिजली बिलों का भुगतान नहीं करते उन्हें चेतावनी देकर बिल पटाने आग्रह किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में 20 दिसंबर को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जांजगीर वृत्त के अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी के निर्देशन एवं कार्यपालन यंत्री सक्ती संभाग यू के शुक्ला के मार्गदर्शन में जांजगीर वृत्त के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न टीमों द्वारा सक्ती उपसंभाग के अंतर्गत सक्ती शहर, सक्ती ग्रामीण, अड़भार एवं बाराद्वार वितरण केंद्र के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच एवं बकाया राशि वसूली एवं लाईन विच्छेदन किया गया, इस अभियान के तहत सक्ती उपसंभाग में बकाया राशि भुगतान न करने के कारण 218 उपभोक्ताओं जिनकी बकाया राशि 58.62 लाख थी, लाइन काट दी गई वहीं 141 उपभोक्ताओं द्वारा ऑन द स्पॉट 30.64 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। इस दौरान जांजगीर वृत्त के समस्त सहायक यंत्री कनिष्ठ यंत्री एवं तकनीकी स्टॉफ उपस्थित थे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेलबहरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा, कौशल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़, लम्बी कूद और अन्य खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने खेल भावना और टीम वर्क का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आरसी राजवाड़े एवं पूर्व एसएमडीसी के अध्यक्ष तेजभान सिंह तथा विद्यालय के प्राचार्य बलराज पाल द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्रों को खेल के महत्व और अनुशासन की महत्ता पर जोर दिया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शाला प्रबंधन के अध्यक्ष आरसी राजवाड़े ने बतलाया कि इस तरह के से आयोजन ने न केवल छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक ऊर्जा को बढ़ावा देता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों और आयोजकों की सराहना की और इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्याख्याता माता प्रसाद द्विवेदी व्याख्याता दादूराम राठौर व्याख्याता सुधा शुक्ला व्याख्याता निर्मला अग्रवाल व्याख्याता सुषमा टोप्पो व्याख्याता सुनीता मिश्रा व्याख्याता कमलेश पांडे व्याख्याता नित्यानंद द्विवेदी व्याख्याता माया वर्मा व्याख्याता जयंत देवांगन व्याख्याता मंजू बघेल व्याख्याता शोभा जायसवाल व्याख्याता नेहा सिंह एवं शिक्षक सुनीता यादव एवं सभी भ्रत्य उपस्थित थे।

# भाजपा प्राचीन भारत की विचारधारा को लेकर काम करने वाला दुनिया का एक मात्र राजनैतिक दल : शिवरतन शर्मा

## भाटापारा में भाजपा ने की मंडल अध्यक्षों की घोषणा, क्षेत्र के चार मंडल अध्यक्ष घोषित, पवन, योगेश, चंद्रमणी, मथुरा बने भाजपा मंडल अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनाव के लिए प्रत्येक मंडल में स्थानीय समितियों से विचार-विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, निर्वाचन अधिकारी ग्रामीण मण्डल योगेश चंद्राकर, निर्वाचन अधिकारी निपनिया मंडल आंनद यादव, निर्वाचन अधिकारी सिमगा मंडल राकेश तिवारी, निर्वाचन अधिकारी भाटापारा मंडल ओम प्रकाश चंद्रवंशी की देख-रेख में क्रमशः मंडल चुनाव प्रभारियां ने अपने मंडलों में पहुंचकर कर पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से इस संबंध में चर्चा की। 35 से 45 वर्ष के बीच के कार्यकर्ता से ही मण्डल अध्यक्ष के लिए नाम मांगे गए। जिसमे सर्वसम्मति से चारो मंडलों के कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों से व्यापक चर्चा कर एकल-एकल नाम प्राप्त हुआ राय कर बाद में जिला स्तर पर पार्टी के जिला व पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्षों से चर्चा उपरांत निर्वाचन अधिकारी द्वारा मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई जिसमे ग्रामीण मंडल से पवन वर्मा, निपनिया मंडल से मथुरा यदु, सिमगा मंडल से चंद्रमणी तिवारी, भाटापारा मंडल से योगेश अनंत अध्यक्ष नियुक्त हुए। उक्त बैठको को क्रमशः संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्राचीन भारत की विचारधारा को लेकर काम करने वाला दुनिया का एक मात्र राजनैतिक दल है। इस पार्टी का इतिहास भारत की पूर्ण स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है, जिसने भारत में पूर्ण स्वतंत्रता स्थापित करने के लिए आंदोलन किए और संघर्ष किया। भारत में सभी राजनैतिक दलों को गठबंधन में लेकर साथ चलने का कीर्तिमान भी इस पार्टी के पास है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व संगठन के आधार स्तंभ, निष्ठावान कार्यकर्ता है.। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत सभी कार्यकर्ता ही हैं। देशहित की भावना से नागरिक प्रथम के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने में सभी का योगदान भाजपा को राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार बनाती हैं। संगठनात्मक चुनाव से लेकर पार्टी व संगठन को बुलंदियों तक पहुँचाने हेतु कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम होता है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि भाजपा का नेतृत्व जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहकर उनकी मेहनत को सम्मानित करता है। यही कार्यकर्ता और नेतृत्व के इस मजबूत संबंध की सफलता का मूल मंत्र है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा राजनीतिक संगठन है जहां पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ संगठन के चुनाव किए जाते हैं। कार्यकर्ताओं को संगठन को और मजबूत बनाने के लिए संगठन पर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाने की बात कही और उन्हें प्रोत्साहित किया। उक्त अवसर पर चारो मंडलो के पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महिला और 22 वर्षीय भतीजी को दो युवकों ने सम्मोहन के जाल में फंसाया

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के नगर पालिका क्षेत्र मनेन्द्रगढ़ में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला और उसकी 22 वर्षीय भतीजी को दो युवकों ने सम्मोहन के जाल में फंसा लिया। यह घटना शुक्रवार को हुई, जब जबलपुर की निवासी सुनीता जैन अपनी भतीजी के साथ सुबह करीब 9:30 बजे मंदिर जा रही थीं। रास्ते में दो अज्ञात युवकों ने महिला से उनके भविष्य के बारे में बात करने और जीवन में हो रही समस्याओं का समाधान देने का झांसा दिया। आरोपियों ने महिला को सम्मोहित कर एक बोतल पानी मंगवाया और फिर महिला से उसके कान की बाली और गले की चेन मांगी। युवकों ने महिला से कहा कि गहनों में सूतक (अशुद्धता) लगा है और इसलिए इन्हें हटाना जरूरी है। इसके बाद आरोपियों ने महिला से कहा कि वह 10 कदम आगे चले. इसके बाद चलने वे वहां से फरार हो गए। कुछ देर बाद जब महिला को यह आभास हुआ कि उसके गहने गायब हैं, तो उसने तुरंत अपने परिचितों को इस बारे में बताया। इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि महिला के साथ उसकी 22 वर्षीय भतीजी भी थी, जिसने भी घटना के समय अपनी सुध-बुध खो दी थी और उसे कुछ भी समझ में नहीं आया। भतीजी का कहना था कि जब यह सब हुआ, तो उसे यह भी नहीं समझ में आया कि आरोपियों ने उनके साथ क्या किया। महिला ने इस घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें महिला और भतीजी को आरोपियों के पीछे चलते हुए देखा गया। अब पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी संशय की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि महिला और उसकी भतीजी के बयान में एक अजीब सी परिस्थिति का जिक्र किया गया है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह घटना सच में सम्मोहन के कारण हुई थी या फिर कुछ और कारण था। इस घटना ने स्थानीय समाज में सम्मोहन जैसी घटनाओं को लेकर सवाल उठाए हैं, और अब यह देखना होगा कि पुलिस जांच में क्या नया सामने आता है।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं पार्षद सुशीला धीवर के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं पार्षद सुशीला धीवर के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शनिवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आंगनबाड़ी, पटवारी कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन डॉ. धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से डॉ.वेद, हडडी रोग से डॉ.संतोष सिंह अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ, सुनीता सिंह, हेमलता ठाकुर एवं पार्षद, वार्ड कार्यकर्ता खेमराज एवं दीपक वर्मा तथा वार्ड निवासी गण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, हडडी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# उप स्वास्थ्य केन्द्र टाऊनशिप में किया गया क्षयरोग उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

क्षयरोग एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन उप स्वास्थ्य केन्द्र टाऊनशिप में किया गया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने स्वास्थ्य कर्मचारीगण एवं मितानिनो को रोग के लक्षण के विषय में जानकारी दिया, टी बी के लक्षण दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, खखार में खून आना, लगातार वजन घटना, छाती में दर्द होना, गर्दन में गांठ कुष्ठ के लक्षण हैं वहीं चमडी पर दाग जो सुन्नपन हो, जो घाव भर नहीं रहा हो, चमड़ी पर तेलिया तामिया चमक हो, तंत्रिका में मोटापन सून्नपन हो, हाथ पैर में झुनझुनी सून्नपन हो, ऊंगलियों का टेडा होना, पंजे कलाई झूल जाना, आंख के पलक का बंद न होना, उक्त लक्षण वाले व्यक्तियों की खोज करने के लिए मितानिनो एवं स्वास्थ्य कर्मचारीगण के द्वारा घर घर सर्वे किया जाना है। आयोजन में स्वास्थ्य कर्मचारीगण मितानिन प्रशिक्षकगण, मितानिनगण उपस्थित थे।

# गणित दिवस के अवसर पर विविध आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में गणित दिवस के उपलक्ष्य में प्रभारी शिक्षक पी.आर.साहू एवं सोमा घोष के निर्देशन में छात्राओं ने आयोजित विद्यालय में रंगोली, पोस्टर एवं मॉडल में अपनी सोच व क्षमता का सुंदर प्रदर्शन किया। बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय बेमेतरा में गणित दिवस के परिपेक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता में मॉडल में जागेश्वरी ठाकुर ने द्वितीय एवं पेंटिंग में भाग्यश्री मानिकपुरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य कविता बाचपेयी ने छात्राओं की कला, सोच व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गणित दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर गणित के प्रति रुचि जागृत करने एवं उसकी महत्ता प्रदर्शित करने के प्रयास की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं छात्राओं को बधाई दी।

# जे.एल.एन. डिग्री कालेज में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्थानीय जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती में आयुर्वेद चिकित्सक नोडल अधिकारी आयुष विभाग के डॉ. उत्तम कुमार गवेल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार तथा साथियों ने महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के कार्यक्रम में पधारे आगन्तुको का सहाप्राध्यापक मंजू चन्द्रा, मनीष राठौर द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉ. उत्तम कुमार गवेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति आयुर्वेदिक उपचार के लिए महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करती है। आयुर्वेद भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी चिकित्सा पद्धति है। इसके द्वारा शरीर मे तीन दोष होते है, वात, पित्त, एवं कफ इन तीन दोषो को त्रिदोष कहा जाता है। आयुर्वेद शरीर मन और आत्मा को संतुलन पर आधारित चिकित्सा पद्धति है। यह त्रिदोष शरीर के कार्य और स्वास्थ्य को नियंत्रित करने का कार्य करती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार पटेल ने विस्तार रुप से उद्बोधन करते हुए महाविद्यालय छात्र/छात्राओं को जागरुक किया और कहा कि देश का प्रकृति परीक्षण महत्वपूर्ण अभियान में से एक है। आधुनिक विज्ञान भी यह मानता है कि हर छात्र/छात्राओं व्यक्तियों की एक प्रकृति अवश्य होती है। यदि प्रकृति के अनुसार दिनचर्या नही होता तब हम बार-बार रोग से ग्रसित हो सकते है एवं गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। इसका उदेश्य छात्र/छात्राओं व्यक्तियों का अपनी आयुर्वेदिक प्रकृति के बारे में जागरुक करना तथा दैनिक जीवन मे अमल करना जरुरी है। इन्ही के साथ तत्पश्चात साथी अतिथियों ने भी अपना व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पहवा ने कहा कि प्रकृति द्वारा दिया गया आयुर्वेद उपचार वर्तमान युग मे भी शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए बहुत ही आवश्यक है। प्राचार्य महोदया ने अतिथियों के व्याख्यान का प्रशंसा करते हुए इस प्रकार की आगे जानकारी के लिए अपेक्षा की। मुख्य अतिथियों का अभार प्रदर्शन प्रो. अमित शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र/छात्राओं ने अंतिम समय तक उपस्थित रहे।

# यूनिसेफ द्वारा आयोजित नोनी जोहार, 3.0 कार्यक्रम में जय हो की भागीदारी दर्ज

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के जय हो कार्यक्रम से जुड़े राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 उत्साही स्वयंसेवकों ने रायपुर स्थित सायाजी होटल में लड़कियों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा आयोजित नोनी जोहार 3.0 कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गुरुदेव प्रसाद, पंकज यादव, नेहा एक्का, रिन्टा कुमारी गुप्ता, विकास, श्याम कुमार यादव और ममता कुमारी यादव ने अपने अनुभव और कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों को साझा किया। नोनी जोहर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, मानसिक सशक्तिकरण और बाल विकास से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और उनके लिए नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करना था। स्वयंसेवकों ने जशपुर जिले में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में चल रही विभिन्न पहलों जैसे बाल विवाह रोकथाम, बच्चो को शिक्षा, सिकल सेल, क्लीक सैफ और बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में मुंबई से अभिनेत्री अनुरीत झा, भारतीय क्रिकेट, विजय जादव मंडल, यूनिसेफ इंडिया यूथ एडवोकेट नाहिद आफरीन और छत्तीसगढ की सिंगर आरु साहू जैसे मशहूर हस्ती शामिल रहे। कार्यक्रम में जिले के यूनिसेफ जिला समन्वयक तेजराम सारथी ब्लॉक समन्वयक शालिनी गुप्ता भी शामिल रहे जिन्होंने स्वयं सेवको का नेतृत्व किया।

# रक्तदान महादान दुनिया का सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है : हर्षा लोकमनी चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ∢ पाटन
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के छत्तीसगढ़ शासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ में रेडक्रास सोसायटी दुर्ग के सहयोग रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य रोगियों व आवश्यक उपचार के जरूरत मंदों को निशुल्क रक्त देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने किया कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बडा प्रयास किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने रक्तदान महादान के संबंध में कहा हम सभी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग बीमारियों में, एक्सीडेंट केसेस,ब्लड कैंसर जैसे रोग एंव विभिन्न आप्रेशन में हितग्राही मरीजों को दान किया गया रक्त लगता है। यह बडा पुण्य का काम है। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि रक्तदान जैसा कोई दान नहीं क्योंकि आपके इस दान से किसी की जिंदगी बचतीं है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति झीट अध्यक्ष धर्मेंद कौशिक, युवामोर्चा महामंत्री रूपेंद्र साहू, जीवन साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ सेक्टर प्रभारी डा अनुराग सोनकर, शिशु रोग विशेषज्ञ डा विजेता डोंगरे,डा नवनीत कौर डा अभिलाषा दीवान चंद्रकांता साहू, असलम, फार्मासिस्ट नरेंद्र लिल्हारे, स्टाफ नर्स भूमिका देवांगन, रीतू ठाकुर, सुपरवाइजर जे आर मार्कंडेय, एकलव्य देशमुख, काउंसलर रूक्मणी साहू, आर एच ओ हरीश खरे सभी जन प्रतिनिधि गण, विभिन्न पंचायतों के सरपंच व विभाग के आर एच ओ मेल व फिमेल सहित अन्य लोग का भरपूर सहयोग रहा।

# पोषक संपर्क अभियान के तहत विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा के प्रति किया जागरूक



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की टीम के द्वारा विकासखंड के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ संध्या भोई एवं अनिल कुमार एकलव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुंडा, दीपक कुमार, डॉ आर एस पटेल एवं नरेश कुमार शास.उच्च.माध्य.विद्यालय पैकिन, डी के मांझी एवं देवेश राणा शास. उच्च. माध्य. विद्यालय कलेंडा, डॉ चंद्रिका चौधरी एवं सुष्मिता भोई शास. उच्च. माध्य. विद्यालय कन्या शाला सरायपाली, के एस पटेल, अंकित यदु एवं नीरज सागर शास.उच्च.माध्य. विद्यालय कुटेला तथा आर के पटेल एवं अंकित यदु सरस्वती शिशु मंदिर सरायपाली, शब्या पटेल एवं आरती साहू आदर्श उच्च.माध्य.विद्यालय सरायपाली, प्राची गुप्ता एवं खुशबू पटेल गोपनाथ आश्रम जोगनीपाली, एम एन सिदार एवं राजकिशोर पटेल शास. उच्च. माध्य. विद्यालय डुडुमचुवाँ, के एस पटेल एवं बनिता साहू शास. उच्च. माध्य. विद्यालय परसकोल में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत उपर्युक्त विद्यालयों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न जानकारी दी गई। सहायक प्राध्यापकों द्वारा अभियान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस महाविद्यालय में कला संकाय, विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय में स्वीकृत सीटों की जानकारी दी गई। उन्होंने महाविद्यालय के विविध गतिविधियों राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेडरिबन क्लब, करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल, एंटी रैगिंग सेल, जेंडर इक्विटी सेल, पुस्तकालय, ग्रंथालय प्रयोगशाला, क्रीड़ा विभाग, वार्षिकोत्सव आदि की सुविधा और गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया।

# शब्दमुण्डा, पोरतेंगा और मनोरा में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले में पंचकर्म क्रिया के द्वारा रोगियों को ईलाज करके निःशुल्क औषधि वितरण किया जा रहा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए जिले में आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित आयुष पॉलीक्लीनिक, आयुषविंग, थेरेपी सेंटर, आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालय, सी.एच.सी., पी.एच.सी. में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी संस्था संचालित की जा रही है। साथ ही जिले में संचालित 07 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में कुल 1960 हितग्राहियों को योगाभ्यास कराया गया। आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत माह नवम्बर 2024 में कुल 13920 रोगियों को औषधि वितरण कर निःशुल्क उपचार किया गया है। साथ ही पंचकर्म क्रिया में नाड़ी स्वेद, सर्वांग स्वेद, नस्य एवं शिरो धारा के द्वारा 614 रोगियों की चिकित्सा की गई, विभाग द्वारा मुख्य रूप से जीर्ण वात व्याधि, ज्वर, संधिवात, त्वक विकार, गृध्रसी, जीर्ण श्वास रोग, दौर्बल्यता, जीर्ण कास रोग एवं उदर रोग की सफलता पूर्वक चिकित्सा की गई। हाट-बाजार के 3027 रोगी एवं सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से 1877 रोगियों की चिकित्सा की गई। इसके साथ ही सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से पाम्पलेट द्वारा भी लोगो को अधिक संख्या में आयुष चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार हेतु सफलता पूर्वक जागरूक किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड कांसाबेल के बाजारडांड़ शब्दमुण्डा में विगत दिवस 09 दिसम्बर को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर कर कुल 430 हितग्राही को लाभान्वित किया गया है। जिसमें पुरूष 159, महिला 138, बालक 62 एवं बालिका 71 का ईलाज कर निःशुल्क कर औषधि प्रदान की गई तथा विकासखण्ड जशपुर अन्तर्गत बाजारडांड़ पोरतेंगा में 12 दिसम्बर 2024 को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर कर कुल 490 हितग्राही जिसमें पुरूष 241 महिला 183 बालक 35 बालिका 31 का ईलाज कर निःशुल्क औषधि प्रदान की गई एवं विकासखण्ड मनोरा अन्तर्गत बाजारडांड़ मनोरा में 13 दिसम्बर 2024 को निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर कर कुल 434 हितग्राही जिसमें पुरूष 130 महिला 150 बालक 97 बालिका 57 का ईलाज कर निःषुल्क औषधि प्रदान कर जनसामान्य को लाभ दिया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रक्तदान शिविर में 18 लोगों ने किया रक्त दान



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निःशुल्क ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन स्वर्गीय मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में रखा गया था। जहां पर 18 व्यक्तियों ने रक्त दान किया। जिसे खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वी ए के कोसरिया के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं इस शिविर में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने वालो के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे ने दी।

# सीपीआर की प्रक्रिया से प्रशिक्षित होकर लोगों का बचाएं जीवन : साहू

## रक्तदान से शरीर में ताजगी व ऊर्जा का विकास : नीतू कोठारी, समाधान महाविद्यालय में आठवीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय व समाधान आईटीआई, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में 8वीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। समिति की अध्यक्ष डॉ. अलका तिवारी ने बताया कि रक्तदान जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल एवं अविनाश तिवारी ने विद्यार्थियों को ब्लड डोनेशन के महत्व व फायदे से परिचित कराया। बेमेतरा जिले के वार्ड नं. 11 की पार्षद एवं समाजसेवी नीतू कोठारी ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि वर्ष में तीन माह के अंतराल में ब्लड डोनेट जरूरतमंदों के लिए जरूर करें। रक्तदान से शरीर में स्व-स्फूर्त ऊर्जा का विकास व ताजगी आती हैं। जीवन में अच्छा कर्म अवश्य करें, इसका सुखद परिणाम निश्चित रूप से हमें अवश्य प्राप्त होता हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर के नवोदय हॉस्पिटल के फाउंडर एण्ड डायरेक्टर एवं सीनियर ऑर्थोपेडिक डिफॉर्मिटी करेक्शन सर्जन डॉ. संतोष साहू रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को हेल्थ एंड हाइजीन एवं सीपीआर की प्रक्रिया पर अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि सीपीआर एक आपातकालीन प्रक्रिया है जो हृदय की गति रुकने या सांस लेने में परेशानी होने पर की जाती है। यह प्रक्रिया पीड़ित के शरीर में रक्त की आपूर्ति और ऑक्सीजन की पहुंच को बनाए रखने में



मदद करती है, जिससे उनके जीवन को बचाया जा सकता है। सीपीआर की प्रक्रिया में पीड़ित के छाती पर दबाव डालना और उनके मुंह पर सांस देना शामिल है, जिसे 30:2 के अनुपात में दोहराया जाता है। सीपीआर के चरण शुरू करने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप पीड़ित की स्थिति की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि वे सांस नहीं ले रहे हैं और उनकी हृदय की गति नहीं है। इसके बाद, आप पीड़ित को पीठ के बल लिटा दें और उनके सिर को पीछे की ओर झुका दें। इसके बाद, आप पीड़ित के छाती पर दबाव डालना शुरू करें और उनके मुंह पर सांस दें। सीपीआर की प्रक्रिया को जारी रखना महत्वपूर्ण है, जब तक कि आपातकालीन सेवाएं नहीं पहुंचतीं। यदि आप सीपीआर के दौरान थक जाते हैं, तो किसी अन्य व्यक्ति को लेने का प्रयास करें जो सीपीआर को जारी रख सकता है। सीपीआर की प्रक्रिया को सही तरीके से करने के लिए प्रशिक्षण और अभ्यास की आवश्यकता होती है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप सीपीआर के बारे में जानकारी प्राप्त करें और इसके लिए प्रशिक्षित हों। इसके पश्चात स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। हमें रात में खाने व सोने के मध्य 3 घंटे के अंतर होने से अवगत कराया। शिविर में सहयोगी संस्था के रूप में वंदेमातरम सेवा संस्थान (छ.ग) भारत, आशीर्वाद ब्लड बैंक रायपुर एवं लीनेस क्लब बेमेतरा 'प्रेरणा' रहें। रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों को महाविद्यालय व आशीर्वाद ब्लड सेंटर के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों व शिक्षकों के रजिस्ट्रेशन व को-ऑर्डिनेशन में प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, एनएसएस अधिकारी राजेश गजपाल,उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, सहायक प्राध्यापक नंदिनी वर्मा व योगेश्वर सिन्हा ने अपनी अहम भूमिका निभाई। शिविर में कुल 38 यूनिट संग्रहित करके आशीर्वाद ब्लड सेंटर को सौंप दिया गया। रक्तदान करने वाले दानदाताओं में से विद्यार्थियों में सौरभ वर्मा, रौनक, गिरिश आडिल, नितेश साहू, लीलाधर साहू, प्रगति यादव, होमिनी पात्रे, भूपेंद्र, किशन साहू, वेनु सोनकर, ज्ञानदास, अर्जुन पटेल, छन्नू, महेश्वर, मानसी नेताम, जीत सिंह, भावेश यादव उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरेश भोई पिता अर्जित जाति......निवासी ग्राम किसडी तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम किसडी दिनांक 05/05/2013 को आवेदक के पत्नी सावित्री की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 30/12/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**सरायपाली**

# तेज रफ्तार ने ली स्कूली छात्रा की जान

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com






नगर में एक बार फिर तेज रफ्तार वाहन का कहर देखने को मिला जब स्कूली छात्रा कु. दुर्गा पटेल पिता गौतम पटेल निवासी भालु खोंदरा थाना लालपुर उम्र 13 वर्ष को अपनी जान गवानी पडी । तेज रफ्तार हाईवा के चपेट में आने से 9वी कक्षा की एक बालिका को अपनी जान से हाथधोना पडा । मामला नगर में संचालित पी एम श्री आत्मानंद स्कूल के पास का है। जहां मिली जानकारी के अनुसार बालिका अपनी सायकल से स्कूल आ रही थी इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन क्रमांक सी जी 10 आर 1315 ने स्कूल के सामने उसे ठोकर मार दी और चालक फरार हो गया। जिसे कुछ लोगो ने बिलासपुर रोड में दौडाकर पकडा । आरोपी ड्राईवर राम सजिवन विश्वकर्मा निवासी म.प्र. पर धारा 106(1) के तरह कार्यवाही की गई। उक्त घटना के बाद घायल छात्रा को जिला अस्पताल लेजाया गया । जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरतलब हो कि मुंगेली लोरमी रोड में मोड की समस्या के चलते ऐसी कई जगह है जहां सुचना पटल नितांत आवश्यक है, रेस्ट हाइस के पहले लोरमी रोड को पुराने बस स्टैण्ड से जोडने वाले पुल के समीन चैराहा बनता है जो एक ऐस्टीडेंटल स्पाट बनता जा रहा है। पास में चर्च, कुछ दूरी पर रेम्बो स्कूल, सहित पी एम श्री आत्मानंद स्कूल, सहित मिशन अस्पाल होने से यहां आवाजाही ज्यादा रहती है। वही नये बायपास पुल को पार करने के बाद बिलासपुर रोड में वाहनो का तेजी से आना जाना लगा रहता है। ऐसे में इस स्थान पर दुर्घटना की संभावनाएं हमेशा बनी रहती है। जिसके चलते इन स्थानों पर डिवाडर की मांग काफी समय से की जा रही है। किंतु प्रशासन ने इस ओर कोई पहल नही किया ।

## धनेश्वरी राव ने आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के पथरिया विकासखण्ड के ग्राम मोहभट्ठा की धनेश्वरी राव ने आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। वह बीते कई वर्षों से ग्रामीण महिलाओं को उनके हुनर के माध्यम से आर्थिक स्वतंत्रता दिलाने में सक्रिय रही हैं। धनेश्वरी राव 'लखपति दीदी' के नाम से जानी जाती हैं और उनका सफर खासतौर पर 2019 से बदल गया, जब उन्हें बिहान योजना के तहत रॉयल्टी फंडिंग और क्रेडिट फैसिलिटी मिला। धनेश्वरी ने बिहान समूह से जुड़ने के बाद अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए खेती-बाड़ी में योगदान देना शुरू किया था। हालांकि, पहले घर की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में भी उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लेकिन बिहान योजना के अंतर्गत मिले प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के बाद उन्होंने मैक्रेमे टेडी बियर और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों का व्यवसाय शुरू किया। धनेश्वरी को बिहान में जुड़ने के बाद 03 लाख रुपये का लोन भी मिला, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाया। इसके बाद 2024 में उन्हें बस्तर के सरस मड़ई मेले में व्यवसाय का मौका मिला, जहां उन्होंने 8 दिनों के भीतर 80 हजार रुपये से अधिक का मुनाफा कमाया। धनेश्वरी ने बताया कि उनके द्वारा तैयार किए गए झुमर, मैक्रेमे टेडी बियर और अन्य सामान से अब उनकी मासिक आय 01 लाख रुपये तक हो जाती है, जिस कारण वह लखपति दीदी की श्रेणी में आती हैं।

# कुष्ठ, टी.बी., मलेरिया की जांच एवं पहचान तथा वयोवृद्ध देखभाल के लिए 100 दिवसीय अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत जिले में कुष्ठ, टी.बी., मलेरिया की जांच एवं पहचान तथा वयोवृद्ध देखभाल हेतु 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रथम चरण में 22 दिसम्बर तक जिले में डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे कार्य का केन्द्रीय टीम से डॉ. मानस कुण्डु (निदेशक आर. एल. टी. आर. आई. गौरीपुर) एवं सी. आर. साहा (एन.एम.ए.) रायपुर ने मूल्यांकन व निरीक्षण हेतु विजिट किया। कुष्ठ अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि केन्द्रीय टीम ने सर्व प्रथम जिला से संबंधित आकड़े एवं सर्वे की स्थिति प्राप्त कर मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पुरान में कुष्ठ मरीज से भेंट कर उपचार एवं देखभाल की स्थिति जानी। इसके पश्चात पंडरभट्ठा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में भ्रमण कर एनएमए व मेडिकल आफिसर संध्या ध्रुव से सर्वे व राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम सबंधी जानकारी ली। केन्द्रीय दल ने जिला कुष्ठ सलाहकार अमिताभ तिवारी, एनएमए आरआर साहू, रवि कौशल, मितानिन पुष्पाजंलि के साथ उपरोक्त क्षेत्र में भ्रमण किया। केन्द्रीय टीम ने कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया ।

## छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज में महिला मंडल का हुआ चुनाव



दल्लीराजहरा। 18 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज में महिला मंडल का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सर्व सहमति से आशा नोन्हारे को अध्यक्ष चुना गया। जिसके लिये समाज के सभी सम्मानित प्रबुद्ध जनों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी उपाध्यक्ष मंजू मेश्राम, सचिव प्रीति मेश्राम, लता मेश्राम, सहसचिव पवीता चुनारकर , चित्ररेखा सहारे, कोषाध्यक्ष किरणबाला नोन्हारे उपकोषाध्यक्ष मनीषा बारसागढ़े, भंडार मंत्री मंजु बांबेश्वर, अंकेक्षक शबनम खोबरागढ़े, संगठन मंत्री सुलोचना मेश्राम, कुसुम बोरकर सभी पदाधिकारियों को समाज के सदस्यों द्वारा हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और इसी कड़ी सभी पदाधिकारियों ने भी पूरे समाज का आभार व्यक्त किया।

## पत्थलगांव के घोघरा, मधुबन, बटुराबहार और खजरीधाप में हुए विभिन्न कार्यक्रम





- कार्यक्रम में पौधा रोपण, स्वच्छता पखवाड़ा, महतारी वंदना योजना की हितग्राहियों और स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सुशासन सप्ताह का आयोजन कर जिले के सभी विकासखण्डों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शासन द्वारा किए गए कार्यो और उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है साथ ही लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पत्थलगांव विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों व ग्रामों में महतारी वंदन हितग्राहियों का सम्मान, सुशासन दिवस, पौधेरोपण, स्वच्छता दीदियो का सम्मान और स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनमें ग्राम घोघरा में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का सम्मान किया गया। इसी प्रकार खजरीधाप में सुशासन दिवस पर स्वच्छता और पौधेरोपण, मधुबन में स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता दीदियो का सम्मान तथा ग्राम पंचायत बटुराबहार में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी में वार्षिक खेल उत्सव सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छात्र जीवन को संस्कारित करने हेतु जितनी भी विधायें हैं उनमें खेल सर्वोत्तम विधा है। खेलों से न केवल शारीरिक सुदृढ़ता आती है अपितु निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित होती है। आपसी सदभाव, भाईचारा और टीम भावना का विकास भी खेलों के माध्यम होता है। ''तन स्वस्थ्य तो मन स्वस्थ्य'' भी तभी चरितार्थ होगा जब छात्र जीवन में खेलों की प्रति जोश और जज्बा पैदा किया जाये। विद्यालय जहां अध्ययन के प्रति सजग है वहीं छात्रों के सर्वागीण विकास हेतु गीत, संगीत चित्रकारी तथा खेलो की उत्तम व्यवस्था भी यहां निहित है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर खेल प्रतिभा को निखारने के लिये ज्ञान गंगा खेल प्रांगण में 16 दिसंबर से 21 दिसंबर तक वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस खेल उत्सव का रंगारंग समापन डॉक्टर राजीव चौधरी, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग (रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर) के मुख्य आतिथ्य तथा शाला की अध्यक्षा मंजू शांडिल्य जी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथिदेवोभव की परम्परा का पालन करते मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति हुई जिसमें स्वागत नृत्य, राउत नृत्य तथा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद खेल उत्सव के मुख्य आकर्षण 6वीं से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा 100 मीटर स्प्रिंट, कक्षा 11वीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा रिले रेस का आयोजन किया गया जिसकी प्रशंसा उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से की। अन्तिम कड़ी में विजेता खिलाडियों को अतिथि ने ट्राफी तथा मेडल भेंटकर पुरस्कृत किया। इसमे बेस्ट हाउस विजेता (महानदी हाउस) का खिताब भी दिया गया। पुरस्कार वितरण के बाद माननीय मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के छात्रों के प्रतिभा की प्रसंशा करते उन्हे अपने जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन का महत्वपूर्ण अंग बनाने का आह्वान किया, विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर ने अपने भाषण में विद्यालय के छात्रों की उपलब्धियों को बताते हुए हमेशा छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में बढ़ते रहने की प्रेरणा प्रदान किया तथा शिक्षा के साथ-साथ संस्कारो को अपनाने की बात कही। इस भव्य कार्यक्रम में शाला की डायरेक्टर तथा प्राचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर पर्व मनन, कुमारी स्तुति पाण्डेय तथा कुमारी सजला सरकार द्वारा किया गया।

# आज राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

हर साल भारत में 22 दिसंबर का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन गणित के जादूगर और देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है। गणित के प्रति समर्पण की भावना को लेते हुए हमारी संस्था स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नया बाजार राजहरा , में गणित उत्सव का आयोजन किया गया। भारत सरकार ने वर्ष 2012 में रामानुजन की जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया था। इसके बाद से हर वर्ष 22 दिसंबर का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाया जाता आ रहा है। गणित दिवस के इस अवसर पर हमारे शाला के प्रांगण में मिडिल व हायर विंग के बच्चों के द्वारा गणित विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गणित दिवस के नोडल प्रभारी पीयूष ताम्रकार व्याख्याता गणित के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन संस्था प्राचार्य रानाडे , एसएमसी अध्यक्ष रमेश गुर्जर व शाला के सभी शिक्षकों एवं साल के कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्रों तथा अभिभावकगण के द्वारा प्रदर्शनी अवलोकन किया गया। नोडल प्रभारी पीयूष ताम्रकार व्याख्याता गणित अपने उद्बोधन में बताया कि इस दिन का मकसद लोगों में मानव जीवन के विकास के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है। 1729 नंबर को हार्डी रामानुजन नंबर के रूप में जाना जाता है।

# जिले के कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के गठन के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर जनपद पंचायत जशपुर के सभाकक्ष में कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों के लिए किसान मेला और कृषि संगोष्ठी, कृषक प्रशिक्षण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों का सम्मान किया गया। इनमें किसान हीरा लाल भगत चौली टांगर, टोली रामेश्वर सिंह मोराडीह संजीत राम आरा, राजकुमार भगत सालेकेट दिलीप भगत खुटीटोली लालजीत राम, खुटीटोली, वियता राम किनकेल शामिल हैं। संगोष्ठी में उपसंचालक कृषि एम. आर. भगत के द्वारा विशेष रूप से कृषकों को जैविक खेती एवं परंपरागत कृषि को बढावा देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कृषि विकास अधिकारी जशपुर अजीत सोनवानी, सहकारी निरीक्षक मानदेव राम निकुंज एवं कृषि व सहकारी समिति के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज मिट्टी, मुरूम एवं रेत के अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर 05 वाहनों को जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः कालीन वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 0491 वाहन चालक विकास कुमार साहू एवं वाहन क्रमांक सीजी 11 एजी 0749 वाहन चालक सुनील कुमार द्वारा मुरूम एवं रेत अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे थाना जरहागांव मुंगेली की सुरक्षा में रखी गई है।

इसी तरह वाहन क्रमांक सीजी 28 एच 3430 चालक करण यादव, वाहन क्रमांक सीजी 22 एबी 3446 वाहन चालक विजय साहू एवं वाहन क्रमांक सीजी 07 एवी 2935 चालक राजकुमार यादव द्वारा मिट्टी एवं मुरूम का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे खनिज एवं राजस्व विभाग के द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर तीन वाहनों को रक्षित केंद्र पुलिस लाइन मुंगेली की सुरक्षा में रखी गई है और खनिज अधिनयम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास बने

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी मुंगेली जिले में सम्पन्न मंडल अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मुंगेली विधानसभा के सभी मण्डल के नियुक्त मंडल अध्यक्षों की नाम की घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने किया, इस दौरान महामंत्री रहे, सर्व श्रीवास समाज मुंगेली के जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास को मण्डल अध्यक्ष घोषित किया गया।

इस अवसर पर लोकनाथ सिंह, शंकर सिंह, मोहन मल्लाह, द्वारिका जायसवाल, जेठू सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार तिवारी, मानस सिंह, श्रीकांत पाण्डेय, समीर आहिरे, शैलेंद्र तिवारी, डॉ आशुतोष तिवारी, सुनील पाठक, कोटू दादवानी, राजेन्द्र वैष्णव, पवन पाण्डेय, राणा प्रताप सिंह, अमितेश आर्य, नितेश भारद्वाज, मानस प्रताप सिंह बैस, अरविन्द सिंह राजपूत, जितेंद्र दिवाकर, भागीरथी यादव, जीवन पटेल, प्रदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह,मनी सिंह, विश्वधर सिंह, जितेंद्र दावडा, प्रवीण सोनी, संदीप सिंह, दिनेश जायसवाल, मोती साहू, चन्द्रहास गोस्वामी, हिरेन्द्र ताराचंद जांगड़े, मेला राम साहू, राजेश्वर टण्डन, दानी सिंह, उमेश विश्वकर्मा, मोहित यादव, डॉ ज्ञान सिंह, राममिलन साहू, संतोष सिंह, जनक राम साहू, खगदेव साहू, शिवकुमार साहू, सुखु राम साहू, शुभम विश्वकर्मा, सचिन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## नपाप जशपुर और नगर पंचायत पत्थलगांव, कुनकुरी, कोतबा और बगीचा में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए हुआ वार्ड आरक्षण

# जशपुर जिले में नगरीय निकायों के चुनावों के लिए वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर जिले में नगर पालिका परिषद जशपुर, नगर पंचायत कुनकुरी, नगर पंचायत कोतबा, नगर पंचायत बगीचा एवं नगर पंचायत पत्थलगांव में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 हेतु विहित प्राधिकारी कलेक्टर रोहित व्यास और जनसामान्य की उपस्थिति में वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया जिला पंचायत सभागार में 19 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। इस वार्ड आरक्षण प्रक्रिया के तहत नगर पालिका क्षेत्र जशपुर में कुल 20 वार्ड में से अनारक्षित मुक्त वार्ड 2,3,5,13,9,10,19 और अनारक्षित महिला वार्ड 8,20,11 है। अनुसूचित जनजाति मुक्त 01,07,15,16,17 और अनुसूचित जनजाति महिला वार्ड 4,12,14 है। अनुसूचित जाति मुक्त वार्ड 18 और अनुसूचित जाति महिला वार्ड 06 है। इसी तरह बगीचा में कुल 15 वार्ड में से अनारक्षित वार्ड 01,04, 07,08,10 और अनारक्षित महिला वार्ड 02,06,12 है। अनुसूचित जनजाति मुक्त वार्ड 05,11,13,15 और अनुसूचित जाति महिला वार्ड 03,09 है। अनुसूचित जाति मुक्त वार्ड 14 है। कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 15 वार्ड में से अनारक्षित मुक्त वार्ड 07,09,12,13,15 और अनारक्षित महिला वार्ड 03,04,05 है। अनुसूचित जनजाति मुक्त वार्ड 01,06,11 और अनुसूचित जनजाति महिला वार्ड 02,08 है। अनुसूचित जाति मुक्त वार्ड 14 और अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त वार्ड 10 है। पत्थलगांव नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 15 वार्ड में से अनारक्षित मुक्त वार्ड 04, 05, 09, 12, 13, 14 और अनारक्षित महिला वार्ड 10,11 है। अनुसूचित जनजाति मुक्त वार्ड 01,06,08 और अनुसूचित जनजाति महिला वार्ड 03,07 है। अनुसूचित जाति मुक्त वार्ड 02 और अनुसूचित जाति महिला वार्ड 15 है। नगर पंचायत कोतबा क्षेत्र में कुल 15 वार्ड में से अनारक्षित वार्ड मुक्त 02,05, 08,09,14 और अनारक्षित महिला वार्ड 06,11 है। अनुसूचित जनजाति मुक्त वार्ड 01,03,07,15 और अनुसूचित जनजाति महिला वार्ड 04,12 है। अनुसूचित जाति मुक्त वार्ड 10 और अनुसूचित जाति महिला वार्ड 13 है।

# भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष बनी शीतला ठाकुर




पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचन अधिकारी के द्वारा भाजपा उतई मंडल के अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई है। भाजपा ने इस बार मंडल अध्यक्ष कि जिम्मेदारी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर को सौंपी हैं।शीतल ठाकुर 2006 से लगातार भाजपा का कार्य कर मंडल और जिला में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। मंडल अध्यक्ष की घोषणा होते सभी कार्यकर्त्ताओं में जश्न का माहौल है। जिला भाजपा कार्यालय में हुआ मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर की घोषणा। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल,जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जिला मंत्री रोहित साहू, महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, मंडल चुनाव प्रभारी दिलीप साहू, मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्राकर, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,अमित चंद्राकर, फलेंद्र राजपूत, भाजयुमों महामंत्री करन सेन, शुभम वर्मा, पार्षद सतीश चंद्राकर, रूपेश पारख, नरेंद्र साहू, चंदु देवांगन, घनशयाम चंद्राकर, भीष्म देवांगन, बृजमोहन साहू, डॉ अनिल साहू, देवेंद्र राजपूत, राजेश चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, दानेश्वर यादव, सुलेन्द्र निर्मलकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सरकारी अनुदान की राशि का निजी ऋण के एवज में समायोजन करने पर होगी कार्रवाई

## अजा-जजा युवाओं को ऋण देने में ढिलाई एवं शासकीय योजनाओं में रुचि नहीं लेने पर बैंक अधिकारियों को लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने दो टूक कहा है कि सरकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को दिए जा रहे अनुदान राशि का समायोजन उनके द्वारा निजी तौर पर लिए गए बैंक ऋण के विरुद्ध नहीं किया जायेगा। यदि कोई बैंक ऐसा करते पाया गया तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कुछ बैंकों द्वारा ऐसी हरकतों की शिकायत मिलने पर इस आशय के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैंकों द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण देने में रुचि नहीं दिखाने पर बैंक अधिकारियों को फटकार भी लगाई है। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता और एलडीएम बिनाय राय चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर सोनी ने परामर्शदात्री समिति की तिमाही समीक्षा बैठक में बैंकों के काम-काज और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बैंक लोन का प्रवाह ग्रामीणों और किसानों की ओर प्राथमिकता से ज्यादा होने चाहिए। रिज़र्व बैंक के इस सम्बन्धी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिये। कलेक्टर ने जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग, राष्ट्रीय शहरीय आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविक मिशन, जिला अंतयाव्यसायी सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं में अधिक ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और जीवन सुरक्षा योजना क्षतिपूर्ति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने पंचायत सचिव और सांख्यिकी विभाग से मृत्यु के आंकड़ों से मिलान कर शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग की योजनाओं में भी अपेक्षित प्रगति नहीं मिली है। कलेक्टर ने योजनाओं में अत्यंत धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी दिखाई। बैंकों में प्रस्तुत 123 प्रकरणों में केवल 25 प्रकरण ही स्वीकृत किये गए हैं। उन्होंने 10 जनवरी तक सभी पुराने प्रकरणों का निराकरण करने के लिए बैंकों को निर्देशित किया। इसके साथ ही अंत्यावसायी समिति के अधिकारियों को बैंकों में लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरणों में जल्द निर्णय लेने के निर्देश दिए। यदि कोई केस स्वीकृत करने योग्य नहीं है,तो उचित कारण बताते हुए निरस्त किया जाये। एलडीएम चौहान ने कलेक्टर के निर्देश और समिति में लिए गए निर्णयों के अनुरूप भविष्य में प्रगति लाने का बैंकों की ओर से भरोसा दिलाया और अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# कृष्णा पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए सुशील सन्नी अग्रवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कृष्णा पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुशील सन्नी अग्रवाल उपस्थित हुए। अग्रवाल ने स्कूल के बच्चों एवं समस्त शिक्षकों को वार्षिकोत्सव में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिए तथा उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि कृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चे सिर्फ प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश और विदेशों में भी नाम कमाकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में कृष्णा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राकेश मिश्रा, अर्चना मिश्रा, अपर्णा त्रिपाठी, शुभम मिश्रा, मदन मोहन त्रिपाठी, अखिलेश साहू, कमलेश नाथवानी, बाकर अब्बास, मुकेश मोंगराज, धनंजय, विष्णु नायक सहित समस्त शिक्षकगण, बच्चे एवं भारी संख्या में उनके परिजन मौजूद रहे।

## पीएमश्री स्कूल कसडोल में हुआ अभिभावक बैठक का आयोजन




**लवन।** नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल कसडोल में अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्र छात्राओं की सभी अभिभावकगण बैठक में उपस्थित हुए। और उन्हें कक्षा शिक्षकों के द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा की परिणाम की जानकारी विषयानुसार प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त पालकों का बैठक रखा जाता है ताकि उन्हें भी बच्चो की परीक्षा परिणाम की जानकारी हो और कुछ बच्चो में पढाई के समय आने वाली दिक्क तों के बारे में भी पालकों से विचार विमर्श भी किए जाते हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ढाबों में सघन जांच जारी, सैंपल जब्त कर जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा, 3 ढाबा को नोटिस

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ढाबों में सघन जांच किया। साथ ही मौके से सैंपल जब्त कर जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसके साथ ही 3 ढाबों को नोटिस जारी किया गया। जिसमें ताज ढाबा, नाज ढाबा, राम भरोसा ढाबा शामिल है। जिला कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार बलौदाबाजार में अपना ढाबा रायपुर रोड, पटेल ढाबा रायपुर रोड,नेताजी ढाबा रायपुर रोड,पुराना अपना ढाबा सकरी, शमा मुरादाबाद अम्बेडकर, सिमगा तहसील में ताज ढाबा, नाज ढाबा राम भरोसा ढाबा, शेर ए पंजाब ढाबा, अपना ढाबा 3 सैंपल जब्त एवं नोटिस, नेताजी नोटिस, पुराना अपना ढाबा सकरी 2 सैंपल शमा मुरादाबादी 3 सैंपल भेजे गए है। सैंपल जब्त कर राज्य परीक्षण प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया है रिपोर्ट मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# सेंटपॉल स्कूल के छात्रों ने स्कूल पहुंच कर याद किये, अपने पुराने दिन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



1978-83 बैच सेंटपॉल स्कूल के तत्वावधान में आयोजित आओ अपने स्कूल चलें कार्यक्रम में 41 वर्षों के उपरांत एक बार फिर अपने स्कूल के दिनों को याद किये। एक बार फिर स्कूल के दिनों की अकल्पनीय दुनिया को जीवंत स्वरूप प्रदान करने के लिए 1978-83 बैच के विद्यार्थियों ने प्रयास किया और अपने अधिकतर सहपाठियों को देश भर से कार्यक्रम में आमंत्रित किया। ठीक स्कूल के समय सुबह 10:20 समस्त सहपाठी स्कूल ड्रेस नीली पेंट और सफेद शर्ट में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद पंक्ति बनाकर अपने पुराने दिनों जैसे क्लासरूम में पहुंचे। क्लास रूम में पहुंचकर सबको अपने पुराने दिन याद आने लगे। कक्षा में कौन-कौन शिक्षक ने किसको किसको कब कब पिटाई किया, शरारत और अन्य यादगार घटनाओं को याद कर सभी मानो बच्चे बन गए। स्कूल के कक्षा में मस्ती, मैदान में ब्रेक में खेलना, एक दूसरे के टिफिन खाना, स्कूल के घने नीम के पेड़ के नीचे बैठकर आराम करना और गप्पे मारना स्कूल के पुराने दिन चलचित्र की भांति सबके आंखों के सामने से गुजरने लगे और सब उन पलों को याद करके भावविभोर होते रहे। सेंटपॉल के 1978-83 बैच को गौरान्वित करने के लिए इंडियन नेवी से सेवानिवृत्त कमोडोर अजय बिसेन और आईआईटी गुवहाटी के प्रोफेसर राजीव तिवारी को उनके उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। आओ अपने स्कूल चलें कार्यक्रम में 1969 बैच के कर्नल सुनील मिश्रा व 1978 बैच के अंजय शुक्ला विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। अंत मे फिर मिलने के संकल्प के साथ सभी ने अपने शिक्षकों व सहपाठियों को याद किया जो शिक्षक इस दुनिया में नहीं है, उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में देश भर से आए विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से प्रोफेसर राजीव तिवारी, कोमोडोर अजय सिंह बिसेन, डॉ मेघेश तिवारी, शिरीष तिवारी, नवनीत पाटिल, वीरेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्रशेखर राव, शरद वरु, शाहनवाज सुल्तान एम सुधाकर, पवन आवल, डॉ दत्तात्रेय होसकरे, संजय शर्मा, राजेश सचदेव, कैलाश सचदेव, सुयश शुक्ला, राजेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रजय ग्वालरे, विकास दुबे, अमित खेमका, परसराम सोनकर, आदित्य झा चंदन फतनानी, दिनेश छाबड़ा, आलोक अग्रवाल, सीए मनोज अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्कूल में इसी तरह वर्ष में एक से दो बार मिलने का और स्कूल के अपने पुराने दिनों को जीने का वादा किया।

# डॉ. आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी से बवाल, कांग्रेस नेता इब्राहिम मेमन ने भाजपा पर किया तीखा हमला

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई कथित विवादित टिप्पणी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति इस तरह के बयान ने कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को आक्रोशित कर दिया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के कांग्रेस नेता मोहम्मद इब्राहिम मेमन ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। मेमन ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि उन्होंने सदियों से शोषित और वंचित समाज के लिए सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखी। उनके प्रति अपमानजनक बयान देना न केवल संविधान का अपमान है, बल्कि यह दलितों और पिछड़ों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। कांग्रेस नेता इब्राहिम मेमन ने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह पार्टी शुरू से ही दलित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के प्रति संवेदनहीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि भाजपा को देश में 400 सीटें मिल जाएं, तो यह पार्टी दलितों और पिछड़े वर्गों का आरक्षण ही खत्म कर देगी। मेमन ने कहा, भाजपा केवल चुनावी लाभ के लिए दलित और पिछड़े वर्गों की बात करती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनके अधिकारों को छीनने का काम करती है। इब्राहिम मेमन ने जनता से भाजपा की नीतियों और विचारधारा को पहचानने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह पार्टी समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का असली उद्देश्य आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना और दलित-पिछड़े समाज को फिर से हाशिये पर धकेलना है।

# शान्ति सरोवर में राजयोग ध्यान समारोह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 22 दिसम्बर को सुबह 9 बजे विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में राजयोग ध्यान समारोह का आयोजन किया गया है। विषय होगाः आन्तरिक शान्ति और विश्व सद्भावना। समारोह में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी राजयोग मेडिटेशन का महत्व एवं तरीका बतलाएंगी और ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी सभा में राजयोग का व्यवहारिक अभ्यास कराएंगी। संचालन ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी करेंगी। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग और हार्टफुलनेस के अनुभवी प्रशिक्षक भी अपने-अपने ध्यान पद्धति का प्रदर्शन करेंगे।

**निःशुल्क राजयोग अनुभूति शिविर :** राजयोग ध्यान सीखने के इच्छुक लोगों के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र में प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह 7 से 8 एवं शाम को 7 से 8 बजे निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है। सुविधानुसार किसी एक सत्र का चयन कर लाभ लिया जा सकता है।

# द गुड स्टार्ट स्कूल और मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरमेडिकल साइंस ने मनाया 10 वां वार्षिक उत्सव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रोफेसर कॉलोनी स्तिथि द गुड स्टार्ट स्कूल एवं मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरमेडिकल साइंस भाटागांव रायपुर ने अपना 10 वां वार्षिक उत्सव मनाया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि श्री सत्य साई हेल्थ और एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. सी. श्रीनिवास, श्री नारायणना हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका, एडवरटाइजिग एजेंसी एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार सिंह एवं अतुल गर्ग ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी। इस अवसर पर संस्था के नन्हे मुन्हे बच्चो द्वारा ग्रोइंग ऑफ एजेंस को अपने नृत्य द्वारा दर्शाने की कोशिश की गई। इस अवसर पर कक्षा दूसरी एवं तीसरी के द्वारा भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि चंद्रयान को बखूबी प्रस्तुत किया गया। नन्हे मुनन्हे बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई। इस अवसर पर डॉ. सी. श्रीनिवास द्वारा बच्चों के मनमोहक प्रस्तुतियों की बहुत सराहना की गई। उनकी गरिमामय उपस्थिति ने संस्था के सभी लोगों को भाव विभोर कर दिया।

## उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा के सांकरा स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा ने किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय परिवार के साथ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय परिवार की ओर से विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल का पुष्पहार, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियां, नृत्य एवं गीत संगीत भाषण कविता आदि प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और देश के निर्माण की आधार शिला भी है। क्योंकि बच्चे पढ़ेंगे, तभी वे अपना भविष्य गढ़ेंगे। इसलिए आप सभी अपनी बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें। ताकि वे देश के विकास में योगदान दें सकें। उनमें आगे बढ़ कर नेतृत्व करने की क्षमता विकसित हो सके। यह तभी संभव है जब हर एक बच्चा शिक्षित, आत्मनिर्भर, जागरूक एवं संस्कारों से परिपूर्ण हो। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में एक अलग प्रकार का आत्मबल मिलता है और बच्चों के अंदर कुछ अलग करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है। बच्चों के अंदर से डर समाप्त होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल समिति अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सरपंच मेमबाई नेताम, कलपराम साहू, जनपद पंचायत सदस्यगण पुरुषोत्तम धृतलहरें, कंवलजीत सिंह छाबड़ा, निज सचिव नरेन्द्र बोरे, पूर्व सरपंच गजेन्द्र चौधरी, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, प्राचार्य दीपक देवांगन, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश विशाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, मेहत्तर चौहान, बलदेव पटेल, अशोक साहू, हेमंत चौहान, देवनारायण देवांगन, पिताम्बर यादव, दिव्य कुमार भोई, गौरव चंद्राकर, लोकनाथ खुंटे, शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्राएं, पालकगण सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एडीएन मार्डन स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल



सांकरा के एडीएन मार्डन स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का विद्यालय परिवार के द्वारा फुलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस वार्षिक आयोजन में छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत कला और संस्कृति की रंगारंग मंचीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथि व पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा कि छात्र - छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने वार्षिकोत्सव से बेहतर कोई दूसरा मंच नहीं हो सकता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने बेहतर शैक्षणिक परिवेश और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए एडीएन स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव में बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखरती है।

# एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौर : अब जी-5 भी शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने ज़ी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। 699 या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत ज़ी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा। इस साझेदारी से, ज़ी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज़, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज़ और विभिन्न भाषाओं में सीरीज़, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। इससे उपभोक्ताओं को डिजिटल कंटेंट की एक विस्तृत कैटलॉग मिलेगा। लोकप्रिय टाइटल्स जैसे कि सैम बहादुर, आरआरआर, सिर्फ एक बंदा काफी है, मनोरथंगल, विक्कटकवि, द क्रॉनिकल्स ऑफ अमरागीरी, अइंधाम वेधाम, ग्यारह ग्यारह और कई अन्य के साथ, एयरटेल वाईफाई ग्राहक अब 1.5 लाख+ घंटों के विशाल कंटेंट भंडार का आनंद ले सकते हैं। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, साझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और ज़ी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं को एक विश्वस्तरीय डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम देने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ज़ी5 की समृद्ध लाइब्रेरी हमारी कंटेंट पोर्टफोलियो को गहराई देती है और हमारे उपभोक्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाती है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए अपनी कंटेंट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मनीश कालरा, चीफ बिजनेस ऑफिसर, ज़ी5 ने कहा, ज़ी5 पर, हमारी हमेशा यह कोशिश रही है कि उच्च-गुणवत्ता वाले मनोरंजन को लोकतांत्रिक तरीके से बनाया जाये, जिससे हमारी विविध कंटेंट लाइब्रेरी को दर्शकों तक पहुंचाया जा सके।

# आत्मविश्वास और उत्साह से मेहनत करने में मिलती है सफलता : उप मुख्यमंत्री साव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




अपनी मंजिल तय करते वक्त खुद को किसी सीमा में न बांधें, आत्मविश्वास के साथ शत प्रतिशत मेहनत करें। जो युवा आत्मविश्वास और उत्साह से भरा होता है वही सफल होता है और इतिहास बनाता है। असफलता से कभी निराश नहीं होना चाहिए, प्रयत्न करने से सफ्लता अवश्य मिलती है। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने डागा कन्या महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में कही। उप मुख्यमंत्री साव राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के लिए वार्षिक उत्सव का अलग महत्व होता है। कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं के प्रदर्शन का अवसर मिलता है एवं उनमें आत्म विश्वास की वृद्धि होती है। इस दौरान कार्यकम की अध्यक्षता राष्ट्रीय विद्यालय समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता घई के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गोवर्धन दास डागा मदन लाल तालेडा, सचिव अनिल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राज किशोर नत्थानी, देवीचंद श्रीमाल, रूपचंद श्रीमाल, सुरेश शुक्ला, डागा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संगीता घई के साथ अन्य प्राध्यापकगण के अलावा कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थी। कार्यकम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



रायपुर। एसबीआईएमएस में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें जैन गुरु आचार्य अरविंद मुनिजी ने तनाव प्रबंधन पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों की एक बड़ी संख्या ने भाग लिया।

## पं. जवाहलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा वार्षिक 'एल्युमनी मीट 2024' का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एसोसिएशन ऑफ एल्युमनी पं. जवाहलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा वार्षिक ''एल्युमनी मीट 2024'' का आयोजन नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के नये सभागार में रविवार को किया जा रहा है। इस समारोह में महाविद्यालय के पुराने विद्यार्थियों के अलावा नये डीन एवं पुराने डीनस् को भी आमांत्रित किया गया है। एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में महाविद्यालय के सत्र 2023-24 के मेधावी विद्यार्थियों को ''स्वर्ण पदक'' वितरित किये जायेगे। पूर्व मे एसोसिएशन द्वारा गरीब विद्यार्थियों को प्रथम एम.बी.बी.एस की पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गई। पदक वितरण के पश्चात वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होगे।

## संविधान की नकली किताब लेकर घूमने वाले कांग्रेसी बताएं पत्रकारों को धमकाना संवैधानिक है क्या? : किरण देव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कहा है कि प्रदेश के विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस विधायकों द्वारा पत्रकार के साथ की गई धक्का-मुक्की और बदसलूकी लोकतंत्र के मंदिर में कांग्रेस की गुण्डागर्दी का शर्मनाक प्रदर्शन है। देव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देकर देशभर में ढोल पीटते कांग्रेसी संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी का सरेआम मखौल उड़ाकर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि शुक्रवार को विधानसभा में पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करके न केवल अपने कलंकित राजनीतिक चरित्र का परिचय दिया है, अपितु उसने यह धारणा भी पुष्ट कर दी है कि कांग्रेस अब पूरी तरह हिंसक चेहरा अपना दिखा रही है। एक तरफ गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रहते बुजुर्ग सांसदों के साथ धक्का-मुक्की करके उनका सिर फोड़ रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस की सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने कांग्रेस के नेताओं को खुला आह्वान किया है।

## त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह, साहित्यकार हरि सिंह ठाकुर को भाजपा ने दी आदरांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जयन्ती पर सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इतिहासकार, साहित्यकार हरि सिंह ठाकुर का सादर नमन नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में निगम जोन क्रमांक 5 के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के जीईमार्ग में छत्तीसगढ़ बुनकर सोसायटी परिसर में स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर रखा गया। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने छत्तीसगढ़ बुनकर सोसायटी परिसर स्थित त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के प्रतिमा स्थल को भव्य, गरिमायुक्त स्मारक बनाने 25 लाख रूपये देने की घोषणा की। वहीं रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के परिसर में त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की नई प्रतिमा स्थापना हेतु आवश्यक पहल एवं करने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण सिंहदेव ने रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू को त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की पुण्य मधुर स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने आवश्यक राशि सहयोग के तौर पर देने की घोषणा किये जाने पर हार्दिक धन्यवाद दिया। किरण सिंहदेव ने कहा कि त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की पुण्य मधुर स्मृतियाँ चिरस्थाई बनने से उनके जीवन से सभी नागरिकों को सकारात्मक प्रेरणाशक्ति प्राप्त होगी। त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह को उनकी जयन्ती पर एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इतिहासकार, साहित्यकार हरि सिंह ठाकुर को प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंहदेव, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के पार्षद एवं निगम एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, निगम उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वीरेन्द्र देवांगन निगम के पूर्व पार्षद दिलीप यदु, जगदीश आहूजा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उतराधिकारी संगठन के आशीष सिंह ठाकुर, मुरली मनोहर खंडेलवाल, त्यागमूर्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साहित्यकार, इतिहासकार हरि सिंह ठाकुर के परिवारजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ता अशोक पाण्डेय, नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट जनों, गणमान्यजनों, आमजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह को उनकी जयन्ती पर सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इतिहासकार, साहित्यकार हरि सिंह ठाकुर को प्रतिमा स्थल पर उनका सादर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की।

### शिक्षा व्यक्तित्व विकास में सहायक : लक्ष्मी राजवाड़े

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े रायपुर के एक निजी स्कूल के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। ऐसे आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होता है।

### राजेश तिवारी का निधन



**रायपुर।** पुरी शंकराचार्य द्वारा संस्थापित संगठन आनन्दवाहिनी के राष्ट्रीय संयोजिका सीमा तिवारी के पति राजेश तिवारी (63 वर्षीय) पामगढ़ (बारगांव) सेवानिवृत्त पर्यावरण विभाग, प्रशासनिक एचबी सेवा, मेम्बर सेक्रेटरी का निधन हो गया है। राजहर्ष एवं रोहन के पिता थे। अंतिम संस्कार कोटा मुक्ति धाम में किया गया।

## प्राचीन कला और वास्तुकला पर संगोष्ठी आरम्भ

■ छत्तीसगढ़ लोककला और जनजातीय कला में समृद्ध : भुवन विक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा प्राचीन छत्तीसगढ़ में कला और वास्तुकला पर तीन दिवसीय संगोष्ठी शनिवार से प्रारंभ हो गई। इसके शुभारंभ सत्र में संचालक विवेक आचार्य ने सभी अतिथि विद्वानों का स्वागत करते हुए स्वागत उद्बोधन दिया। अपने उद्बोधन में संचालक ने उपस्थित अध्येताओं को शोध प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भुवन विक्रम ने अपने आधार वक्तव्य में छत्तीसगढ़ के संदर्भ में कला का उद्गम और विकास पुरातत्त्वीय परिप्रेक्ष्य पर विस्तार के बात किया। उन्होंने कहा कि अमूर्त सृजनात्मक विचार ही विभिन्न माध्यमों में अभिव्यक्त होकर कला के विविध रूपों में मूर्तमान हुई है। इस अवसर पर संचालनालय द्वारा प्रकाशित शोध संक्षेपिका पुस्तिका का विमोचन किया गया। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में आयोजित इस संगोष्ठी में तीन सत्रों में 20 शोधपत्रों की प्रस्तुति हुई। प्रो. एल. एस. निगम, जी. एल. रायकवार और प्रो. दिनेश नंदिनी परिहार ने सत्रों की अध्यक्षता और डॉ. मोना जैन, डॉ. नितेश मिश्र और डॉ. मंगलानंद झा ने सत्रों का संयोजन किया। संगोष्ठी में रायपुर सहित दुर्ग, बीजापुर, खैरागढ़, अंबिकापुर, महासमुंद, कवर्धा, सूरजपुर, कोंडागांव, जशपुर और मनेंद्रगढ़ के अलावा औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के अध्येताओं ने पर्चा पढ़ा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ विद्वान प्रो. रमेंद्रनाथ मिश्र, घनाराम साहू, राहुल कुमार सिंह, डॉ. पीसीलाल यादव, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मंडल के अधिकारीगण, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डिग्री गर्ल्स कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय माना के विद्यार्थी और शोधार्थी उपस्थित रहे।

## पीआरएसआई देहरादून ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई), देहरादून चैप्टर ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का सम्मान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री को केदारनाथ का प्रतीक चिन्ह, ब्रह्मकमल की टोपी, और उत्तराखंड के विकास पर आधारित पुस्तिका भेंट की गई। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 20 से 23 दिसंबर तक पीआरएसआई का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। देहरादून चैप्टर के सदस्य भी इस अधिवेशन में प्रतिभाग कर रहे हैं। पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारणियां, सचिव अनिल सती, कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट, उपाध्यक्ष ए एम त्रिपाठी ने उप मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उन्हें बताया गया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर उत्तराखंड के चार धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों के लिए शीतकालीन यात्रा शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री को उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा के लिए आमंत्रित किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस सम्मान के लिए पीआरएसआई का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की सराहना की। उन्होंने उत्तराखंड में बिताए गए दिनों की यादें साझा करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के प्रति हर देश वासी के मन में अपार श्रद्धा है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के विकास कार्यों पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही उत्तराखंड के सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका संकल्प सतत विकास का वितरित की गई। उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का प्रतीक मानी जाने वाली ब्रह्म कमल टोपी ने पीआरएसआई (पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया) के राष्ट्रीय अधिवेशन में खास पहचान बनाई। पीआरएसआई देहरादून के सभी सदस्यों ने ब्रह्मकमल टोपी पहनकर अधिवेशन में प्रतिभाग किया। साथ ही अन्य राज्यों के प्रतिभागियों को भी ये टोपी भेंट की। अधिवेशन में दूसरे राज्यों से आए सभी लोगों ने इस टोपी की प्रशंसा की। उत्तराखंड के पारंपरिक प्रतीक ब्रह्म कमल, जो राज्य का राजकीय पुष्प है, को इस टोपी के डिजाइन में खूबसूरती से उकेरा गया है। यह टोपी न केवल उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति को दर्शाती है, बल्कि इसे पहनने वाले को भी अपनी जड़ों से जोड़ती है। इस अवसर पर पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक, पीआरएसआई देहरादून के सदस्य वैभव गोयल, अनिल वर्मा, अजय डबराल, महेश, दीपक कुमार, ईशान, काजल उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403